आज
३.००
तीन रुपये मात्र

# भाज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

लोग पॉपकॉर्न की
जगह बांट रहे ठेकुआ
तमन्ना भाटिया



वाराणसी, शनिवार १४ नवम्बर, २०२६ सौर २८, कार्तिक शुक्ल ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

Know Diabetes, Know Your Risk...

World Diabetes Day

## डायबिटीज को हल्के में न लें!

**समय पर जाँच, सही इलाज और संतुलित जीवन ही है समाधान!**

यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में शुगर का स्तर ( ब्लड शुगर ) बढ़ जाता है। समय पर नियंत्रण न हो तो यह **हृदय, किडनी, आँखों** और **नर्सों** को प्रभावित कर सकता है। डायबिटीज को नियंत्रित रखने के लिए समय पर जाँच और विशेषज्ञ की सलाह बेहद ज़रूरी है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सही उपचार अपनाएँ, स्वस्थ जीवन जिएँ।




**यदि आपमें या आपके किसी अपने में डायबिटीज के ये लक्षण दिखाई दें, तो बिना देरी किए तुरंत एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से परामर्श करें।**

- बार-बार पेशाब आना
- अधिक प्यास लगना
- भूख अधिक लगना
- वजन घटना या बढ़ना
- घाव का देर से भरना
- धुंधला दिखाई देना



### जोखिम कारक

- अधिक वजन
- शारीरिक गतिविधि की कमी
- आनुवांशिक कारण
- उम्र बढ़ना ( 40+ )
- तनाव और अस्वस्थ खानपान

### बचाव के उपाय

- नियमित ब्लड शुगर जाँच करें
- संतुलित आहार लें
- रोजाना व्यायाम करें
- वजन नियंत्रित रखें
- तनाव से दूर रहें

**डॉ. अलंकार तिवारी**
DM (Endocrinology)
MBBS (Gold Medalist), MD (Medicine)
(Gold Medalist)
डायबिटीज, थायरॉइड एण्ड हार्मोन रोग विशेषज्ञ

**डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधी समस्याओं के लिए अब विशेषज्ञ परामर्श और बेहतर उपचार उपलब्ध है डॉ. अलंकार क्लिनिक में।**

इन सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध।

- डायबिटीज़ (शुगर)
- थायरॉइड रोग
- मोटापा एवं मेटाबॉलिक समस्याएँ
- PCOS / हार्मोन असंतुलन
- हड्डी एवं कैल्शियम विकार
- पिट्यूटरी एवं हार्मोनल रोग
- विटामिन D की कमी
- गर्भावस्था में शुगर एवं हार्मोन समस्याएँ

### इन लक्षणों को नज़रअंदाज़ न करें

- बार-बार प्यास लगना
- बार-बार पेशाब आना
- अचानक वजन घटना या बढ़ना
- अत्यधिक थकान
- बाल झड़ना
- दिल की धड़कन तेज होना
- मूड में बदलाव
- मासिक धर्म में अनियमितता
- भूख में बदलाव
- गर्दन में सूजन ( थायरॉइड )

Dr Alankar's Clinic
FOR DIABETES AND ENDOCRINE CARE

For more information :- www.dralankartiwari.com

सुंदरपुर, वाराणसी। मो : 8689952487, 8601290980


## लंग+ प्लस क्लिनिक
Superspeciality Chest & Allergy Clinic

15 वर्षों का भरोसा, 1,50,000/- से अधिक चेस्ट रोग से ग्रसित मरीजों का सफल इलाज !

**Comprehensive Holistic CHEST DISEASE CARE Centre**
Center for Excellence in Allergy, Asthma, Sleep Medicine and Interventional Pulmonology

**छाती और फेफड़ों की हर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज के लिए, अब बड़े शहरों की दौड़ नहीं —**
**आपका अपना LUNG+ PLUS है ना!**

**साँसों की सेहत के लिए, अब सम्पूर्ण समाधान एक ही छत के नीचे**




### उन्नत सुविधाएँ

- एलर्जी डाइग्नोसिस एंड ट्रीटमेंट
- एडवांस अस्थमा डाइग्नोसिस एंड ट्रीटमेंट
- सीओपीडी कॉम्प्रिहेन्सिव डाइग्नोसिस एंड मैनेजमेंट
- सिवियर न्यूमोनिया मैनेजमेंट
- ब्रोंकोस्कोपी एंड थोरोकोस्कोपी
- ICD & Pigtail
- Respiratory Critical Care(RICU)
- स्लीप स्टडी एंड सीपैप बायपैप स्टडी
- आयुष्मान से IPD की सुविधा संबद्ध अस्पतालों में उपलब्ध है।


डिप्टी सीएम से सम्मान प्राप्त करते हुए

**डॉ. विकास जायसवाल**
DNB (Respiratory Medicine)
DTCD, MBBS
FID (Fellow Infectious Disease)
FCC (Fellow Clinical Cardiology)
Chest Physician and Critical Care Expert
Director :- RIMS Hospital and Research Center and Lung+ Plus Clinic, Varanasi

24x7 EMERGENCY AND ADMISSION
भर्ती की सुविधा 24×7 उपलब्ध है।
राजिंदर इंटीग्रेटेड मल्टी सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर (R.I.M.S.) मुढ़ैला, चांदपुर रोड, वाराणसी (कृषि भवन के सामने)।

Helpline No :- 7307272241, 7068259275 www.drvikasjaiswal.com
लंग प्लस क्लिनिक :- लेन नंबर-4, शील नगर कॉलोनी, महमूरगंज, वाराणसी।

A Healthcare Awareness Initiative by Baba Advertisers

गैस्ट्रो, पेट व लीवर रोगों के इलाज में मरीजों की पहली पसंद - डॉ. शेखर पुरी

## पिछले 12 सालों में लगभग 3,00,000+ मरीजों का सफल इलाज

**पेट से जुड़ी परेशानियाँ जिन्हें अनदेखा नहीं करना चाहिए!**

- लगातार अपच या गैस
- सीने में जलन / Acidity
- पेट में दर्द या भारीपन
- बार-बार कब्ज या दस्त
- भूख कम लगना
- ब्लोटिंग व पेट फूलना
- खून वाली उल्टी या मल



**सही जांच और सटीक इलाज बेहद ज़रूरी है।**

**Endoscopy**
बिना चीरफाड़ के पेट की जांच

**Colonoscopy**
बड़ी आंत की पूरी जांच

**आधुनिक तकनीक द्वारा इन बीमारियों का सटीक इलाज किया जाता है।**

- हेपेटाइटिस
- अल्सरेटिव कोलाइटिस
- क्रोहन रोग ( Crohn's Disease )
- पेट की टी.बी.
- लिवर एब्सेस
- पीलिया
- जलोदर ( Ascites )
- लिवर सिरोसिस
- गैस्ट्राइटिस
- कोलाइटिस
- अल्सर
- पैंक्रियाटाइटिस
- आंतरिक रक्तस्राव
- डायवर्टीकुलाइटिस
- बाउल डिजीज ( आंत्र रोग )
- कब्ज ( भोजन नली/आंत )
- भूख में कमी या वजन में कमी
- मुंह से खट्टी डकार आना
- मल में खून आना
- शराब के कारण लिवर खराब होना आदि।



12+ वर्षों का अनुभव
**डॉ. शेखर पुरी**
MBBS, MD, DM (Gastro.)
गैस्ट्रो, पेट व लिवर रोग विशेषज्ञ

**समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक**
पूर्व माध्यमिक स्कूल के सामने, तुलसीपुर, महमुरगंज, वाराणसी।

Helpline Number :- 9587794338
For more information and location scan QR code

अत्याधुनिक RIRS लेजर तकनीक से सुसज्जित

## ओमकार यूरोलॉजी




**पथरी सहित अन्य मूत्र एवं गुर्दा रोगों से मिलेगी**
# आजादी...

ओमकार यूरोलॉजी सेंटर व आयुष्मान भारत योजना है आपके साथ...



बार-बार पेशाब आना, जलन या खून दिखना ये प्रोस्टेट कैंसर के अहम संकेत हो सकते हैं।
50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषों के लिए नियमित प्रोस्टेट जाँच कराना अत्यंत आवश्यक।

**ओमकार यूरोलॉजी व आयुष्मान भारत योजना है आपके साथ**

**यूरोलॉजी ऑपरेशन**
- गुर्दे की पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन
- नली की पथरी का ऑपरेशन
- पेशाब के सिकुड़न का ऑपरेशन
- पेशाब थैली की पथरी का ऑपरेशन

**जनरल व लेप्रोस्कोपिक**
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर का ऑपरेशन
- हर्निया का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन

**ऑर्थोपेडिक्स ऑपरेशन**
- हड्डियों के फ्रैक्चर का ऑपरेशन
- घुटने एवं कुल्हे का प्रत्यारोपण

**ओमकार यूरोलॉजी में उपलब्ध सुविधाएँ-**
- गुर्दे, मूत्राशय तथा मूत्र मार्ग की पथरी का दूरबीन से ऑपरेशन।
- गुर्दे, प्रोस्टेट, मूत्राशय तथा लिंग के कैंसर का इलाज।
- प्रोस्टेट एवं मूत्र मार्ग की अन्य बीमारी का दूरबीन ( एंड्यूरोलॉजी ) से इलाज।
- मूत्र मार्ग में सिकुड़न या पेशाब की धीमी धारा का स्थाई इलाज ( यूरेथ्रोप्लास्टी )।
- बच्चों में मूत्र रोगों एवं जन्मजात विकृतियों का सर्जरी द्वारा इलाज।
- लिंग, यौन की समस्याएँ एवं पुरुष बांझपन का इलाज।



Cashless Facilities Available
STAR Health HDFC ERGO Medi Assist SBI genetal

अनुभवी विशेषज्ञ
**डॉ. अमित कुमार**
MBBS, MS, FICS, Mch (Urology)
वरिष्ठ मूत्र रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन

# ओमकार यूरोलॉजी सेंटर

महमूरगंज वाराणसी (पासपोर्ट सेवा केंद्र के सामने) संपर्क करें : 8957650464, 7905118248, 9555042005

# घाटों पर सुरक्षा, सुविधाओं को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

## साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग के साथ नावों और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती के निर्देश

गाजीपुर। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को तहसील सेवराई के नरवां घाट तथा रेवतीपुर ब्लॉक क्षेत्र के पोखरों एवं अन्य छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को पर्व से पहले सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नरवां घाट पर पहुंचकर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि घाटों तक आने-जाने वाले रास्तों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि भीड़ को नियंत्रित करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सेवराई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सेवराई प्रतिनिधि के अनुसार- आस्था का महापर्व छठ पूजा तहसील क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है कर्मनाशा नदी तालाब एवं नहरे में छठ घाट बनकर तैयार हो गया है। सबसे अधिक मनोहर दृश्य छठ घाट का सेवराई के परेमन शाह पोखरा का लग रहा है जहां पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जमानिया विधायक ओम प्रकाश सिंह के प्रयास से इस छठ घाट को अच्छे से सजाया गया है। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार- छठ पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर गुरुवार देर शाम पुलिस प्रशासन ने नगर में पैदल रूट मार्च किया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।सेवराई के उपजिलाधिकारी गजराज सिंह यादव, जमानिया क्षेत्राधिकारी तथा दिलदारनगर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार राय पुलिस बल के साथ रूट मार्च में शामिल रहे। रूट मार्च रकसहा बाईपास नहर पुलिया से शुरू होकर रेलवे क्रॉसिंग होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने छठ पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। ताजपुर डेहमा प्रतिनिधि के अनुसार- भगवान सुर्य की उपासना का महापर्व डाला छठ का व्रत शनिवार से शुरू हो गया है। पहले दिन महिलाओं ने लौका भात खाकर व्रत रखा और घरो में व्रती महिलाएं पूरी तरह से लीन हो गयी इस दौरान छठी म ईया की गीत भी गाऐ गाये ि क्षेत्र में डाला छठ पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है पिछले कई दिनों से इसकी तैयारी हो रही है। शनिवार को सुबह से ही व्रती महिलाओ मे डाला छठ को लेकर काफी उत्साहित नज़र आ रही है। परंपरा के तहत छठ पर्व के दो दिन पहले ही शरीर शुद्धी का उपाय शुरू कर दिया जाता है। पहले नहाय खाय खाय का क्रम चलता है इसके तहत शनिवार को स्नान के बाद व्रती महिलाओं ने लौका भात खाकर व्रत धारण किया इसको लेकर व्रती महिलाओ के घर वाले भी व्यवस्थ रहे। बताया जाता है कि लौका भात जहां आसानी से पच जाता है वहीं इससे शुद्धता बनीं रहती है।



घाटों का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। छाया:आज

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

खानपुर, गाजीपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के औड़िहार वाराणसी रेलमार्ग पर शुक्रवार की सुबह ईशोपुर के पास ट्रेन की चपेट मे आने से एक युवक कीमत हो गई। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के हथोड़ा गाव निवासी बिकानों राम के पुत्र श्यामसुदर उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार श्याम सुंदर बृहस्पतिवार को रात्रि में घर से आवश्यक कार्य हेतु सिधौना बाजार आये हुए थे। घर वापस नहीं लौटे। शुक्रवार की सुबह मौत कीजनकारी मिलते ही पत्नी पुष्पा पिता बिकानू का रोल रोकर बुरा हाल था।

## सड़क हादसे में एक की मौत

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के चितावनपट्टी के समीप गुरुवार की देर रात नेशनल हाईवे-24 पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से नाराज ग्रामीणों ने हाईवे पर पुलिस गश्त और वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगाने की मांग उठाई है। जानकारी के अनुसार राघोपुर गांव निवासी सोनू (35) और उनका छोटा भाई सुंदर (28) गुरुवार रात बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक सुंदर चला रहा था, जबकि सोनू पीछे बैठा था। चितावनपट्टी के पास पहुंचते ही गाजीपुर की ओर से आ रही एक बेकाबू पिकअप ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक उछलकर दूर जा गिरी और दोनों भाई लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय युवक की बृहस्पतिवार की देर रात बिहार प्रांत के दुर्गावती के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह जैसे ही हादसे की मनहूस खबर परिजनों को मिली, परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

## छठ पर्व को लेकर गुलजार होने लगा बाजार

### सजने लगीं फल, पूजन सामग्री की दुकानें

नंदगंज (गाजीपुर)। लोक आस्था के महापर्व डाला छठ को लेकर नंदगंज बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगी है। पर्व की तैयारियों के मद्देनजर बाजार में फल, पूजन सामग्री तथा बांस से बनी दछ दउरी और सुपली की दुकानें आकर्षक ढंग से सजाई जा रही हैं। छठ पर्व को देखते हुए दुकानदारों ने करीब पंद्रह दिन पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। बाजार में केला, नारियल, सेब, संतरा, अनार, गन्ना सहित विभिन्न प्रकार के फलों की बिक्री के लिए दुकानें सजने लगी हैं। वहीं बांस से बनी दौरी और सुपली की मांग भी बढ़ने लगी है।बाजार में करीब तीन दर्जन से अधिक फलों की दुकानें बनी है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी छठ पूजा की फल व सामाग्री खरीदारी के लिए लोगों का बाजार पहुंचना शुरू हो गया है। दुकानदारों को उम्मीद है कि पर्व नजदीक आने के साथ ही ग्राहकों की भीड़ और बढ़ेगी। बाजार में चारों ओर छठ पर्व को लेकर उत्साह और उल्लास का माहौल दिखाई देने लगा है। पर्व के मद्देनजर थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिसकर्मी भी बाजार में सतर्कता के साथ चक्रमण कर रहे हैं। मोहम्मदाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- छठ महापर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है, लेकिन इसके साथ ही फलों के दामों में हुई भारी बढ़ोतरी ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। त्योहार के नजदीक आते ही स्थानीय बाजारों में फलों की कीमतें सामान्य दिनों की अपेक्षा 20 से 30 रुपये प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं, जिससे व्रती महिलाओं और उनके परिवारों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। स्थानीय बाजारों में मिल रही जानकारी के अनुसार, जो सेब सामान्य दिनों में 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, उसकी कीमत बढ़कर अब 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी तरह छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले अन्य आवश्यक फलों के दामों में भी अचानक से उछाल आया है। छठ महापर्व में पूजा-अर्चना के लिए फलों का विशेष महत्व होता है, जिसके चलते लोग मजबूरी में बढ़े दामों पर फल खरीदने को विवश हैं।

## जाम से निबटने को प्रशासन अलर्ट

भांवरकोल/गाजीपुर। आगामी छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा श्रद्धालुओं और आम लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। त्योहार के दौरान सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे, इसको लेकर कोरंटाडीह डाक बंगले में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीपीओ बक्सर गौरव पांडेय, एसडीएम बक्सर अविनाश, सीओ बलिया अक्षय कुमार, भांवरकोल थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय, नरही थानाध्यक्ष अनुपम, डीडीओ बक्सर मृत्युंजय, बक्सर के खनन अधिकारी प्रशांत कुमार तथा बलिया के खनन अधिकारी सौरभ कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में निर्णय लिया गया कि छठ पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रमुख सीमावर्ती मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। नरही बॉर्डर, बक्सर गोलंबर बॉर्डर तथा भांवरकोल-मुहम्मदाबाद बॉर्डर पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर वाहनों की जांच की जाएगी। त्योहार के दौरान सतर्कता बरतने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि छठ व्रतियों और आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## बारात में हर्ष फायरिंग से दो युवक घायल, सेना का हवलदार गिरफ्तार

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के दुर्खुशी गांव में बुधवार की देर रात रामकुंवर राम के घर आई बारात में परछन एवं द्वारपूजा के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में अपनी ननिहाल निमंत्रण में आये दो युवक घायल हो गए। घटना में दूल्हे के भाई एवं भारतीय सेना में हवलदार के पद पर तैनात मनोज कुमार निवासी मुड़ेसरी थाना रानीपुर जिला मऊ द्वारा अपनी लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक से लापरवाहीपूर्वक फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। बंदूक से निकले छर्रे लगने से सौरभ कुमार देवकठिया, टिंकू उर्फ सन्नी निवासी धुरेहरा थाना जंगीपुर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्खुशी गांव में रामकुंवर भारती की पुत्री की बारात मऊ जिले के रानीपुर थाना के मदुसरी गांव से आई हुई थी। इसी दौरान दूल्हे अमित कुमार के भाई सेना के जवान मनोज ने अपनी लाइसेंसी डीबीबीएल बंदूक से फायरिंग कर दी। इससे निकले छर्रे वहां मौजूद दो युवकों को लग गए। घायलों में एक के कमर तथा दूसरे के हाथ में छर्रे लगे हैं। घटना के बाद बारात में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मऊ भेजा गया। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि बारात के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में दो युवक घायल हुए हैं। पुलिस ने फायरिंग करने वाले व्यक्ति को हिरासत में लेकर असलहा कब्जे में ले लिया है तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## शहर कोतवाल निलंबित, पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

### दिनेश पाठक को मिली शहर कोतवाली की कमान

गाजीपुर। जिले की पुलिस व्यवस्था में शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सख्त कदम उठाते हुए शहर कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह को निलंबित कर दिया। उनके स्थान पर पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक दिनेश कुमार पाठक को शहर कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही पुलिस महकमे में व्यापक स्तर पर तबादले करते हुए दो निरीक्षकों, छह उपनिरीक्षकों और एक मुख्य आरक्षी समेत कई पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। शहर कोतवाल के अचानक निलंबन से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। हालांकि, निलंबन के कारणों को लेकर विभाग की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। जिले में कानून-व्यवस्था और आपराधिक घटनाओं के बीच हुई इस कार्रवाई को पुलिस प्रशासन की सख्ती से जोड़कर देखा जा रहा है। जारी स्थानांतरण आदेश के मुताबिक निरीक्षक राज नारायण को प्रभारी डीसीआरबी से हटाकर थाना दुल्लहपुर का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, दुल्लहपुर के प्रभारी रहे निरीक्षक दीपक कुमार को डीसीआरबी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी व्यापक बदलाव किया गया है। पुष्पेश चन्द्र दूबे को चौकी प्रभारी बहादुरगंज, कासिमाबाद से चौकी प्रभारी कस्बा सैदपुर बनाया गया है। मनोज कुमार पाण्डेय को कस्बा सैदपुर चौकी से हटाकर कोतवाली भेजा गया है। अश्वनी प्रताप सिंह को रेलवे स्टेशन जमानियां चौकी से स्थानांतरित कर गोराबाजार चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में शिवाकान्त मिश्रा को गोराबाजार चौकी प्रभारी से हटाकर पुलिस अधीक्षक का पीआरओ नियुक्त किया गया है। सुनील कुमार सिंह को मंझनपुर कला चौकी, भुड़कुड़ा से रेलवे स्टेशन जमानियां चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, जमालुद्दीन को महिला सुरक्षा केंद्र जंगीपुर से हटाकर चौकी प्रभारी बहादुरगंज, कासिमाबाद बनाया गया है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी राजेश कुमार को पुलिस लाइन से थाना नोनहरा भेजा गया है। एक साथ हुए इस फेरबदल को पुलिस महकमे में प्रशासनिक कसावट और जिम्मेदारियों के नए सिरे से निर्धारण की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। अब नए तैनाती स्थलों पर पुलिसकर्मियों के कामकाज और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सबकी निगाहें रहेंगी।

# गाजीपुर के हाकी खिलाड़ी राजकुमार को मिला अर्जुन अवार्ड

## राष्ट्रपति ने किया सम्मानित, जिले में खुशी का माहौल

गाजीपुर। जिले के होनहार हॉकी खिलाड़ी और भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी राजकुमार पाल ने खेल जगत में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर गाजीपुर का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने राजकुमार पाल को अर्जुन पुरस्कार का स्मृति चिह्न प्रदान कर उनकी खेल प्रतिभा, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान किया।राजकुमार पाल की इस उपलब्धि से पूरे जनपद में खुशी और गौरव का माहौल है। वह अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले गाजीपुर के पहले ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता ने जिले के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। राजकुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को कांस्य पदक दिलाने में उन्होंने अहम योगदान दिया था। इसके अलावा एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की सफलता में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। राजकुमार को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उनकी इस उपलब्धि को जनपद के युवाओं और उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है।



### गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव की तैयारी जोरों पर

दिलदारनगर, गाजीपुर। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आज द्वितीय प्रभातफेरी निकाली गयी गुरुद्वारा से रेलवे क्रॉसिंग पोस्ट ऑफिस होते हुए नगर भ्रमण करते हुए स्टेट बैंक होते हुए गुरुद्वारा आकर समाप्त हुआ सरदार हरजीत सिंह ने बताया की प्रभातफेरी जो आगामी 12/11/2026 से 22/11/26 तक चलेगी, जिसकी समाप्ति 24 नवंबर को शाम कार्तिक पूर्णिमा के दिन होंगीद्य और इसी दिन अटूट लंगर चलेगा द्य 23/11/26 को भव्य शोभायात्रा दिन मे 10 बजे निकाली जाएगी आज प्रभातफेरी मे सरदार -प्रीतपाल सिंह ,मंजीत सिंह, हरमीत सिंह, परमजीत सिंह, हरजीत सिंह, धर्मबीर सिंह, जसवीर सिंह, लक्ष्मण शर्मा आदि थे।

### तीसरा मोर्चा भाजपा की चाल, इंडिया गठबंधन भारी मतों से जीतेगा

जखनियां (गाजीपुर)। स्थानीय कस्बा के शिवमंदिर पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह ने कहा कि ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद संयुक्त मोर्चा तीसरा मोर्चा बना रहे हैं। यह भाजपा की सोची समझी राजनीति का हिस्सा है कि भाजपा इन्हे संगठित करवाने मे पीछले से मदद कर रही है ।ताकि भाजपा फिर से सत्ता हथिया सके । इन्होने कहा कि बहन जी को भयभीत कर यह संगठन प्रदेश की सभी सीट पर लड़ने का फरमान जारी कराया गया है। भाजपा विपक्ष को एकजुट होते नहीं देखना चाहती। फूट डालो, राज करो की नीति पर चल रही है।, बैठक में अरुण कुमार लाल,सर्वानंद चौबे ,मोहन राम ,नवीन चंद्र सिंह, रामकिशुन चौहान, मिट्ठू कुशवाहा, गणेश पांडे महगू यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता रहे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

करीमुद्दीनपुर !(गाजीपुर)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत करीमुद्दीनपुर थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुखदेव मुसहर पुत्र बुद्धू मुसहर निवासी ग्राम अकटही, थाना करीमुद्दीनपुर, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 12 नवंबर 2026 को अभियुक्त के घर दबिश दी। इस दौरान रात करीब 8ः20 बजे उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

जमानियां,गाजीपुर। कसेरा पोखरा स्थित सनशाइन पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को वार्षिकोत्सव समारोह आगाज 2026 का भव्य आयोजन किया गया। परंपरा और प्रगति की थीम पर आधारित इस समारोह में बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक ओमप्रकाश सिंह, विशिष्ट अतिथि एसपी स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स, लखनऊ सर्वानंद सिंह यादव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल हेड मुकेश रमन, विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन सर्वानंद सिंह, अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और प्रबंध निदेशक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत मधुर स्वागत गीत से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वाद्ययंत्रों पर शानदार जुगलबंदी कर पूरे परिसर को संगीतमय बना दिया।



# आज

३.००

तीन रुपये मात्र

# भाज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

लोग पॉपकॉर्न की जगह बांट रहे ठेकुआ

तमन्ना भाटिया



वाराणसी, शनिवार १४ नवम्बर, २०२६ सौर २८, कार्तिक शुक्ल ५, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये


# असम : बस-ट्रक भिड़ंतमें २४ की मौत

## तेज रफ्तार बनी काल, मृतकोंमें ज्यादातर छात्र शामिल

कांजीरंगा (एजेंसी)। असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई। असम के मंत्री और बोकाखाट से विधायक अतुल बोरा ने इसकी जानकारी दी है। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है। गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। असम में 5 साल में सड़क हादसों में 15 हजार से ज्यादा मौतें केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, इसके बाद की जानकारी नहीं आई है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक बस में 35 से ज्यादा यात्री सवार थे। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को कोहोरा माडल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल ज्यादातर लोगों को बोकोखात और गोलाघाट के अस्पतालों में भेजा गया। कुछ घायलों को जोरहाट मेडिकल कालेज और अस्पताल भी रेफर किया गया। अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में दो महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई कालेज के छात्र थे। असम के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री अतुल बोरा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।



### मिनी बसके कट चुके थे बारहसे अधिक चालान

### राहत-बचाव कार्य जारी, बस काटकर निकाले गये शव



वाराणसीके लक्खी मेलामें शुमार तुलसी घाट की नागनथैया लीला में कालिया नाग का मानमर्दन के बाद भक्तों को दर्शन देते श्रीकृष्ण कन्हैया।

# राहुलने फिर प्रधानमंत्री को दी बहसकी चुनौती

नयी दिल्ली (आससे)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनका फोन टैप कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके लगाए गए आरोपों से जुड़े सभी सबूत उनके फोन में मौजूद हैं। राहुल ने एक बार फिर प्रधानमंत्री को आमने-सामने बहस की चुनौती देते हुए कहा कि इस चर्चा से देश के सामने स्पष्ट हो जाएगा कि कौन विदेशी ताकतों के नियंत्रण में है और कौन देश विरोधी है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा संसद में बहस की बात करती है, लेकिन जब भी उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने की कोशिश की, उनका माइक बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान विधेयक, वोट चोरी, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), चीन, पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की किताब और एपस्टीन से जुड़े मामलों पर उन्हें संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह प्रधानमंत्री के भाषण के बजाय उनके साथ आमने-सामने की चर्चा चाहते हैं। राहुल ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरी तरफ वह स्वयं बैठकर सभी आरोपों पर खुलकर बात करें। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री चाहें तो अडाणी या मोहन भागवत को निर्णायक ( शेष पृष्ठ नौ पर )



### सरकारपर लगाया फोन टैपिंग का आरोप

## बिहार : सड़क हादसेमें दंपती समेत तीन की मौत

कटिहार (एजेंसी)। मनिहारी-नारायणपुर-पूर्णिया फोरलेन सड़क पर शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कार सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार तीन लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सभी मृतक कटिहार शहर के बैगना इलाके के रहने वाले बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बैगना निवासी 68 वर्षीय शंभु सिंह अपनी पत्नी 64 वर्षीय उषा देवी और पड़ोसी 64 वर्षीय मंजु रानी समेत अन्य लोगों के साथ कार से गंगा स्नान करने मनिहारी जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे उनकी कार नारायणपुर पागलबाड़ी के पास फोरलेन सड़क से गुजर रही थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पीछे कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे के बाद ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# भारत को जानना है तो योग को समझें-प्रधानमंत्री

### एच.वी. शेषाद्रि की जन्मशताब्दी समारोहको पीएम मोदीने किया सम्बोधित

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक दौरे के दौरान बंगलूरू स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एस-व्यासा) के आवासीय मुख्यालय परिसर 'प्रशांति कुटीरम' के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल माध्यम से 'गोल्डन जुबली एडमिन ब्लॉक' की आधारशिला रखी और तिरुवनंतपुरम में 'एस-व्यासा ऑफ-कैंपस' की शुरुआत की। यह आयोजन आरएसएस के पूर्व महासचिव एच.वी. शेषाद्रि की जन्म शताब्दी को भी समर्पित है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का इंतजार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगलूरू पहुंचने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एचएएल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल डॉ. सुधा यादव भी मौजूद रहीं। अपने कर्नाटक दौरे के दौरान प्रधानमंत्री बेंगलुरु में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वह तवारेकेरे से आईआईएम बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे और खुद भी मेट्रो में ( शेष पृष्ठ नौ पर )



## बिहार में चार लोगों ने खाया जहर, तीन की मौत

हाजीपुर (आसमे.)। बिहार में हाजीपुर के गौरोला थाना के प्रेमराज गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 वर्षीय किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमराज गांव निवासी राहुल कुमार ( शेष पृष्ठ नौ पर )

## सबरीमाला घी घोटालामें दो थोक व्यापारी गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। सबरीमाला मंदिर में घी की आपूर्ति से जुड़े कथित घोटाले में तमिलनाडु के दो थोक व्यापारियों को गिरफ्तार किया गया है। केरल के सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) की विशेष टीम ने 2025 की तीर्थयात्रा के दौरान हुई कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में यह कारवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तमिलनाडु के ( शेष पृष्ठ नौ पर )

### परिसीमनपर संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी

# विपक्षको विश्वासमें नहीं ले रही सरकार-प्रियंका

वायनाड (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को पारित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की केंद्र सरकार की किसी भी योजना के बारे में विपक्षी दलों को कोई जानकारी नहीं दी गयी है। प्रियंका गांधी बुधवार से शुरू हुए अपने चार दिवसीय दौरे के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही थीं। इस दौरान वह पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रही थीं। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि क्या सरकार परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है इस सवाल पर प्रियंका गांधी ने कहा उन्होंने हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इसलिए, अगर वे ऐसी कोई योजना बना रहे हैं, तो मुझे नहीं पता। फिलहाल, मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ असहमति जताने वाले लोगों की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा जो कोई भी अपनी बात रखना चाहता है या खुद को व्यक्त करना चाहता है, उसे दबा दिया जाता है और चुप करा दिया जाता है। हमने पिछले कुछ महीनों में ऐसा होते देखा है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीके ( शेष पृष्ठ नौ पर )



## आईआरएफ पर यूएपीए के तहत बढ़ा प्रतिबंध

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्र सरकार ने फरार विवादित इस्लामिक प्रचारक डॉ. जाकिर नाइक के संगठन इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंध की अवधि बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय ने यह कदम आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत उठाया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, डॉ. जाकिर नाइक के नेतृत्व वाला यह संगठन सांप्रदायिक घृणा और वैमनस्य फैलाने तथा आतंकवाद को बढ़ावा देने जैसी भारत-विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहा है। संगठन पर आतंकवाद और अलगाववाद की विचारधारा का प्रचार करने, हिंसक अशांति भड़काने, फरार आतंकियों को फिर से संगठित करने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के भी आरोप हैं। गृह मंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस के संकल्प के अनुरूप यह कार्रवाई की गई है।

### जाकिर नाइकपर अलगाववाद-आतंकवादको बढ़ावा देनेका आरोप

# मुख्यमंत्री को पहले कैसे पता चला कि १.२७ करोड़ हिंदू वोटर कटे

लखनऊ (आससे)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम को पहले से ही पता चल जाता है कि वोट कैसे कट जाता है। अखिलेश यादव ने कहा मैं इसलिए ऐसे बोल रहा हूं कि उनको कैसे जानकारी हो गयी कि एक करोड़ 27 लाख वोटर कट गये। उन्होंने कहा कि अगर वास्तव में 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं तो भाजपा की यह बैठक इसी वजह से हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन वोटों को लेकर रणनीति बना रही है, जो लोगों के दूसरे स्थानों पर चले जाने या ( शेष पृष्ठ नौ पर )



### अखिलेश का योगी पर कसा तंज

## मणिपुरमें वाहनोंपर उग्रवादियों ने की गोलीबारी, चारकी मौत

इम्फाल (एजेंसी)। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर गोलीबारी की जिससे चार लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना इंफाल-उखरुल सड़क पर न्यू हेवन इलाके में हुई। यहां हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चारपहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। अधिकारी ने कहा कि दोनों कारों में सफर कर रहे दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों गाड़ियों के सामने वाले शीशों पर गोलियों के निशान मिले। यह घटना एक दिन बाद हुई है। इससे पहले कांगपोकपी जिले के ताफू कुकी गांव और पड़ोसी ( शेष पृष्ठ नौ पर )

# बंगालमें १२ हजार फर्जी लाभार्थियों पर होगी कारवाई

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पिछली टीएमसी सरकार के दौरान आवास सहायता का कथित तौर पर धोखाधड़ी से लाभ उठाने वाले 12,000 फर्जी लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कानूनी कारवाई की जायेगी। मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल के अनुसार, पिछली सरकार की 'बंगलार बारी' परियोजना के तहत 57,000 फर्जी लाभार्थियों ने अवैध रूप से आवेदन किया था, जिन्हें अब सूची से हटा दिया गया है। इनमें से 12,000 लोगों की पहचान की गयी है, जिन्हें पैसे मिल गये थे। उनसे यह राशि वापस करने को कहा गया है। उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि 1,000 लोगों ( शेष पृष्ठ नौ पर )



### लौटाने होंगे आवास योजना के पैसे

# टीबी से मौतों में भारतका वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन

नयी दिल्ली (आससे)। भारत ने क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की विश्व क्षय रोग रिपोर्ट-2026 के अनुसार, भारत में वर्ष 2015 के मुकाबले टीबी से होने वाली मृत्यु दर में 38 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह गिरावट 35 प्रतिशत रही। वहीं, टीबी के मरीजों के उपचार की सफलता दर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में टीबी के खिलाफ लड़ाई प्रौद्योगिकी, सामुदायिक भागीदारी और मरीजों की देखभाल पर आधारित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन बन गई है। उन्होंने दोहराया कि सरकार का लक्ष्य टीबी के किसी भी मरीज को उपचार और देखभाल से वंचित नहीं रहने देना है। जेपी नड्डा ने बताया कि क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 25 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई है। इस दौरान 11 करोड़ से अधिक छाती के एक्स-रे और तीन करोड़ आणविक जांच की गईं। गहन जांच अभियान में कुल 48.64 लाख टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिनमें करीब 15 लाख ऐसे मरीज शामिल हैं, जिनमें बीमारी के लक्षण नहीं थे। इससे समय रहते बीमारी की पहचान और उपचार शुरू करने में मदद मिली। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय ने भी क्षेत्र में टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाने में भारत के योगदान की सराहना की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में टीबी से होने वाली मौतों की दर वर्ष 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर 28 थी, जो 2025 में घटकर 18 रह गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जांच, आधुनिक निदान तकनीक, नि-क्षय पोषण योजना और नि-क्षय मित्र पहल ने टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती दी है। वर्ष 2025 में 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र जांच, प्रभावी उपचार, पोषण सहायता और जनभागीदारी के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### २०१५ के मुकाबले मृत्यु दर में ३८ प्रतिशत की गिरावट

## कैंसरकी १३७ दवाओं की कीमतों पर सख्त निगरानी के निर्देश

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 137 दवाओं पर व्यापार मार्जिन युक्तिकरण (टीएमआर) के प्रावधानों को सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। इन दवाओं की संशोधित कीमतें 9 नवंबर से प्रभावी हो चुकी हैं। एनपीपीए ने सभी दवा निर्माताओं, डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का पालन करने तथा नई मूल्य सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने को कहा है। राज्य औषधि नियंत्रकों को कीमतों के अनुपालन की निगरानी करने और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली पर संबंधित पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें 16 नवंबर तक कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट एनपीपीए को सौंपनी होगी।







यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com


### मौसम

सूर्योदय : ०६.१४
सूर्यास्त : ०५.१०

तापमान
अधि. : २९.०
न्यून. : १८.०

## एक नजर इधर भी

### बाइक विवाद में अंडा दुकानदार की पिटायी, हालत गंभीर

चौबेपुर। क्षेत्र के मिल्कोपुर गांव में बाइक से टक्कर लगने के विवाद में अंडा दुकानदार धन्नू चौहान की पिटायी कर दी गयी। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। पत्नी उर्मिला देवी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि १० नवंबर की शाम दुकान के सामने बाइक से किसी व्यक्ति को टक्कर लगने के बाद विवाद हुआ था। इस दौरान उनके पति दुकान बंद कर वहां से हट गये थे। आरोप है कि कुछ देर बाद अवनीश गुप्ता अपने पिता राजकुमार गुप्ता और १०-१५ अन्य लोगों के साथ पहुंचे। सभी ने गाली-गलौज करते हुए धन्नू चौहान की पिटाई कर दी। इसके बाद उन्हें ऑटो से जाल्हूपुर चौकी ले जाया गया। पत्नी का आरोप है कि वहां से थाने ले जाने के बजाय आरोपी उन्हें अपने घर ले गये और दोबारा मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी गयी। घायल को पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर तिलमापुर स्थित प्रमिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वही इस सम्बन्ध थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया की पीड़िता के तहरीर के हिसाब से प्राथमिकी दर्ज कर काररवाई शुरू कर दी गयी है।

### चौमुहानी पर टेम्पो चालकों की मनमानी से लगा जाम

चौबेपुर चौमुहानी पर टेम्पो चालकों की मनमानी के चलते शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे भीषण जाम लग गया। टेम्पो चालकों द्वारा चौमुहानी पर ही वाहन खड़ा कर सवारी भरने और उतारने से आवागमन बाधित हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जाम में बाइक, कार और अन्य छोटे-बड़े वाहन फंस गये। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि चौमुहानी पर यह समस्या प्रतिदिन बनी रहती है। दिन में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन इसके बावजूद टेम्पो चालकों की मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही है। शुक्रवार शाम लगे जाम को छुड़ाने में पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों ने चौमुहानी पर टेम्पो खड़ा करने पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

### भेलूपुर में जुआ खेलने के दौरान मारपीट, अवैध असलहे से फायरिंग

भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड स्थित कौड़ी माता मंदिर के पास देर रात जुआ खेलने के दौरान विवाद हो गया। देखते ही देखते चार युवकों के बीच मारपीट शुरू हो गयी। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने अवैध असलहे से फायरिंग कर दी। गोली चलने की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। एक युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद इंस्पेक्टर भेलूपुर दुर्गा सिंह, दुर्गाकुंड चौकी प्रभारी और एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, इंस्पेक्टर दुर्गा सिंह के मुताबिक, गोली चलने की सूचना देने वाला युवक बाद में फायरिंग की बात से मुकर गया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है

### जंसा में पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष,महिला सहित चार घायल

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के बरनी पौना गांव में गुरुवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक परिवार पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस के लोगों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडे, ईंट और लात-घूंसों से मारपीट की। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरनी पौना निवासी किरण विश्वकर्मा पत्नी प्रमोद कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि १२ नवंबर की शाम करीब सात बजे पड़ोस के रहने वाले संजय विश्वकर्मा, आनंद, अजीत, सुनील, फुलवासा देवी, संगीता देवी, शेषलता देवी, बेबे देवी और आर्यन विश्वकर्मा ने पुरानी रंजिश को लेकर एकराय होकर उनके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दीं और फिर मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, बचाव में परिवार के लोग घर के अंदर भागे, लेकिन हमलावरों ने उनके पति प्रमोद कुमार, बेटे अभिषेक, भतीजे राजकुमार और उसकी पत्नी आरती विश्वकर्मा को पकड़कर लाठी-डंडे, ईंट और लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह सभी को बचाया। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना में प्रमोद कुमार, राजकुमार, अभिषेक और आरती विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आयी हैं। वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष जंसा सत्यजीत सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक काररवाई की जा रही है।

### जमीन विवाद में महिलाओं पर जानलेवा हमला, चेन लूटी

मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के मानीकपुर में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गयीं। पीड़ित राजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर नौ लोगों पर जबरन कब्जा, मारपीट और लूट का आरोप लगाया है। राजेश का आरोप है कि सिविल कोर्ट में मुकदमा लंबित होने के बावजूद १२ नवंबर की सुबह सादे आठ बजे नागेश्वर, दशरथ, अमित, सोनू, दीपक, चंपा देवी, करमावती, ममला और नंदलाल लाठी-डंडा, रॉड लेकर उसकी जमीन पर आ धमके और बांस-बल्ले की घेराबंदी उखाड़ने लगे। मना करने पर परिवार की महिलाओं उषा, कलावती, नीलम और रंजना पर हमला कर दिया। राड के वार से नीलम गंभीर रूप से घायल हो गयी। आरोप है कि हमलावरों ने नीलम के गले से चेन-मंगलसूत्र और उषा की २० ग्राम सोने की चेन छीन ली। गांव वालों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### बच्छांव हादसे में मृत मासूम बहनों के परिजनों से मिले राज्य मंत्री और पूर्व राज्य मंत्री, शोक व्यक्त कर बंधाया ढांढस

#### घायल सदस्यों का लिया हाल-चाल

रोहनिया। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के बच्छाव गांव में मंगलवार देर रात सोते समय तालाब किनारे बने मकान की दीवार ढहने से तालाब में डूबकर जान गंवाने वाली दो मासूम सगी बहनों आफिया और फलक के परिजनों से मिलने हेतु राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा तथा पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दर्दनाक और हृदय विदारक है, दो मासूम बच्चियों की मौत से पूरा क्षेत्र शोक में है। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने फोन के माध्यम से जिलाधिकारी तथा एसडीएम सदर सहित संबंधित अधिकारियों से पीड़ित परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं आवास सहित अन्य सरकारी सुविधाएं शीघ्र दिलाने हेतु कहा और परिवार के घायल सदस्यों का हालचाल भी लिया।

### खालिसपुर में ८० मीटर बिजली का तार काट ले गये चोर, आपूर्ति प्रभावित

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खालिसपुर गांव में शुक्रवार की रात चोर दो बिजली के खंभों के बीच लगा करीब ८० मीटर तार काट ले गये। खास बात यह रही कि घटना के समय बिजली की सप्लाई चालू थी। तार कटने से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी। सूचना पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की। लालपुर फीडर के जेई अखिलेश कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि चालू बिजली सप्लाई के दौरान तार काटा गया है। पुलिस से शिकायत की गयी है।

### चांदपुर में नाले में मिले वृद्ध के शव की हुई शिनाख्त

मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर में गुरुवार को नाले में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान शिवदासपुर बिंद बस्ती निवासी रामदेव सिंह (६२ वर्ष) के रूप में हुई। शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गयी थी। सूचना पर पहुंची मंडुवाडीह पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया और उसे मोर्चरी हाउस में रखवाकर आवश्यक विधिक काररवाई शुरू की थी। शुक्रवार को अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद रामदेव सिंह की पत्नी सोनकालिया देवी निवासी शिवदासपुर बिंद बस्ती, मंडुवाडीह तथा मूल निवासी सोनडाहा, गया (बिहार) ने शव की पहचान अपने पति के रूप में की। सोनकालिया देवी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके पति से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वह घर से चले गये थे। इसके बाद से उनकी कोई जानकारी नहीं मिल रही थी।

## प्रयागराज के कारोबारी से लाखों की लूट

### जहरखुरान बाइक सवार ने नशीला पदार्थ सूंघाकर घटना को दिया अंजाम

मिर्जामुराद। प्रयागराज के हंडिया निवासी प्रिंस मोदनवाल के साथ वाराणसी में कथित तौर पर नशीला पदार्थ सूंघाकर लूटपाट किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाइक सवार युवक ने उन्हें अपनी बातों में फंसाकर रास्ते में चाय पीने के बहाने बेहोश कर दिया और उनका करीब दो लाख, २० हज़ार रुपये का कैमरा, चांदी की चेन, मोबाइल तथा दो हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, प्रिंस मोदनवाल शादी-विवाह समारोहों में कैमरा चलाने का काम करते हैं। उन्होंने कुछ दिन पूर्व ही काम के लिए करीब दो लाख, २० हजार रुपये का कैमरा खरीदा था। १२ नवंबर को वह कुछ सामान खरीदने के लिए वाराणसी के लहुराबीर स्थित एक दुकान पर आये थे। सामान खरीदने के बाद वापस लौटते समय दुकान के पास उन्हें एक बाइक सवार मिला। उसने खुद को मिर्जापुर जाने वाला बताते हुए प्रिंस से कहा कि वह भी उसी तरफ जा रहा है और उन्हें आजमगढ़ तक छोड़ देगा। बाइक सवार की बातों में आकर प्रिंस उसके साथ बाइक पर बैठ गये। रास्ते में बाइक सवार ने चाय पीने की इच्छा जतायी। इसके बाद राजा तालाब के आसपास पहुंचने पर प्रिंस बेहोश हो गये। आरोप है कि बाइक सवार ने उन्हें हाईवे किनारे एक सार्वजनिक शौचालय के पास बैठा दिया और उनके पास मौजूद कीमती कैमरा, चांदी की चेन, मोबाइल और जेब में रखे दो हजार रुपये लेकर फरार हो गया। बताया गया कि आरोपी ने प्रिंस के मोबाइल से ही उनके परिजनों को फोन कर उनके बेहोश होने की सूचना दी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें बेहोशी की हालत में कछवा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार सुबह होश आने पर प्रिंस ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद पीड़ित ने कछवा रोड पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायती पत्र दिया।

**सूचना**

**सूचना**-सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3607554 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2826449 का अंक पत्र/मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मुकेश कुमार** पुत्र श्री घूरहू राम, ग्रा0पो0 रेवसॉ जिला-चंदौली।

## कोटवां में मकान से लाखों के आभूषण चोरी

### चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस निष्क्रिय

लोहता। थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में शुक्रवार की रात्रि में हौसला बुलंद चोरों ने घरों में घुसकर लाखों रुपये के आभूषण उठा ले जा रहे हैं। प्रात: घटना की जानकारी होने गृह स्वामी ने पुलिस को लिखित तहरीर दे दी है। जानकारी के अनुसार कोटवा निवासी पीड़ित अजय कुमार प्रजापति के घर में पुत्री के बारही का कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में उनकी दोनों बहनें अपने बच्चों को लेकर घर आयी हुई थीं। रात १२ बजे तक घर में गाना-बजाना हुआ। कार्यक्रम खत्म होने के बाद सभी लोग थककर सो गये। इसी का फायदा उठाकर आधी रात के बाद चोर घर में घुस गये और बैग में रखे गहने उठा ले गये। चोरी गया सामान मंगलसूत्र, अंगूठी सोने, पांच जोड़ी चांदी की पायल, दो चूड़ी, चांदी की सिकड़ी। अजय कुमार प्रजापति ने बताया कि हमारे घर बच्चों के बरही का कार्यक्रम था, पूरा परिवार खुश था। हमें क्या पता था कि रात में ही चोर हमारी खुशियों पर डाका डाल देंगे। हमारी बहनों के गहने भी उसी बैग में थे। घटना की सूचना मिलते ही अजय कुमार प्रजापति ने लोहता थाने पर चोरी की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिवार के लोगों से पूछताछ करके चली गयी। पीड़ित परिवार को अभी तक चोरी के खुलासे का कोई आश्वासन नहीं मिला है। लोहता, भरथरा, छितौनी, कोटवां, कंकरियां में पहले भी हो चुकी हैं बड़ी चोरियां ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले लोहता, भरथरा, छितौनी, कोटवां, कंकरियां सहित पूरे थाना क्षेत्र में कई बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। कहीं घर का ताला तोड़कर नकदी और गहने उठा लिए गये, ग्रामीणों का आरोप है कि इनमें से किसी भी बड़ी चोरी का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पायी है। न तो चोर पकड़े गये और न ही चोरी गया सामान बरामद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to all that House No. N 16/65-12 situtated over S.M. Plot No. 83 (Area 2703 Sq.Ft. or 251.208 Sq.Mtr.) Mauza/ Mohalla-Vinayaka, Pargana-Dehat Amanat Ward-Nagwan, Tehsil- Sadar, Distt. Varanasi was self acquired property of Late Ram Prakash Kapoor S/O Late Panna Lal Kapoor and after his death Smt. Gayatri Kapoor W/O Late Ram Prakash Kapoor, Smt. Sunita Tondon, Smt. Bharti Puri Daughter's of Late Ram Prakash Kapoor, Shri Rishi Kapoor, Shri Vikas Kapoor Son's of Late Ram Prakash Kapoor, got the ownership of aforesaid house via inheritance. Now aforesaid legal heirs of Late Ram Prakash Kapoor has decided to sale the aforesaid property/ house to G Ramlinga Sharma & Others in December 2026. If any person have any interest in the aforesaid house may Contact to purchaser G Ramlinga Sharma, Mob. No. 9989450025 within 15 days of this Public Notice otherwise it will be presumed that no other person's interest is lying against the aforesaid property except the shares of legal heirs of Late Ram Prakash Kapoor mentioned above.

G Ramalinga Sharma
Mob. No. 9989450025
Date: 13.11.2026

## नलकूप का छत उखाड़कर स्टेपलाइजर का तांबा और २५ मीटर केबल चोरी

चौबेपुर। क्षेत्र के गौरा उपरवार गांव में चोरों ने एक किसान के नलकूप को निशाना बनाकर स्टेपलाइजर का तांबा और करीब २५ मीटर बिजली की केबल चोरी कर ली। पीड़ित सुधीर कुमार सिंह ने शुक्रवार को चौबेपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर काररवाई की मांग की। पीड़ित के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने नलकूप पर पहुंचे, तो देखा कि छत का सीमेंट उखाड़कर १० किलोवाट का स्टेपलाइजर खोल दिया गया था। उसमें लगा तांबा और करीब २५ मीटर केबल गायब थी। पीड़ित ने बताया कि जून २०२४ में भी उनके नलकूप पर चोरी हुई थी, जिसकी प्राथमिकी थाने में दर्ज करायी गयी थी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी के मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यायालय श्रीमान जनपद 903 न्यायाधीश ,कानपुर नगर। प्रकीर्ण वाद सं. सन् 2026 निरंजन ट्रस्ट स्थित मकान नम्बर 4, एम. आई.जी.,ए.डी.ए.कालोनी, ममफोर्डगंज, जनपद इलाहाबाद द्वारा ट्रस्टी श्रीमती माया सिंह पत्नी रवीन्द नाथ सिंह निवासिनी मकान नम्बर 4, एम. आई.जी. ए.डी. ए. कालोनी, ममफोर्डगंज, जनपद, इलाहाबाद। .... प्रार्थिनी/ वादिनी बनाम रजनीश कुमार सिंह आदि मनोज कुमार सिंह बालिग पुत्र मतिवर प्रसाद सिंह निवासी एल. 2/21 कल्लगढ़ कालोनी, जगतगंज, वाराणसी। - विपक्ष सं. 4

जनसामान्य को सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में निरंजन ट्रस्ट स्थित मकान नम्बर-4, एम. आई.जी. ए.डी.ए. कालोनी,ममफोर्डगंज,जनपद इलाहाबाद द्वारा ट्रस्टी श्रीमती माया सिंह पत्नी रवीन्द्र नाथ सिंह निवासिनी मकान नम्बर 4, एम. आई.जी.,ए.डी.ए. कालोनी, ममफोर्डगंज, जनपद, इलाहाबाद ने धारा 7 भारतीय ट्रस्ट अधिनियम के अन्तर्गत इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें वादपत्र में वर्णित ट्रस्ट की सम्पत्तियों को बाजारी मूल्य पर विक्रय करने की अनुमति मॉगी गयी है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी यदि आपत्ति हो तो नियत तिथि पर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें व दिनांक 16.11.2026 को न्यायालय में सुनवाई हेतु सुबह 10:00 बजे उपस्थित हों। यदि आप हाजिर नहीं होते है,तो वाद की कार्यावाही आपकी अनुपस्थिति में की जायेगी। आज दिनांक 21.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से- सदर मुंशरिम जिला जज, कानपुर नगर।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर, मीरजापुर**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर के पत्र संख्या-सी.1579/.जि.का.अ./निर्माण एवं संरचना /2026-27 दिनांक 07.08.2026 एवं पत्र संख्या-सी. 3978/जि.का.अ./निर्माण एवं संरचना /2025-26 दिनांक 20.03.2026 के क्रम में विकास खण्ड नरायनपुर जनपद मीरजापुर अन्तर्गत 07 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शौचालय निर्माण एवं 04 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रतिकेन्द्र रू. 36000/-एवं 17000/की दर से कुल उपलब्ध धनराशि रू. 3,20,000/- से आंगनबाड़ी केन्द्रों क्रमश: (1) सिकिया-1 (2) रजौली-4 (3) गांगपुर (4) परशुरामपुर-(1) (5) परशुरामपुर-(4) (6) बाराडीह 4 (7) घाटमपुर पर शौचालय का निर्माण व पेयजल व्यवस्था का कार्य कराया जाना है। तत्क्रम में सम्बन्धित स्थल पर शौचालय निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था के कार्य हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत एवं नियम शर्तो को पूर्ण करने वाली फर्मो से अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है । फर्म एक या एक से अधिक स्थानों पर कार्यो पर कार्य हेतु दिनांक 16.11.2026 के प्रात: 10 बजे से दिनांक 23.11.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक निविदा फार्म कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त करके लिफाफा बन्द निविदायें डाली जा सकती है। उपरोक्त कार्य की विस्तृत जानकारी व शर्ते कार्यालय के अवर अभियन्ता (ल.सि.) से प्राप्त की जा सकती है।

(रामराज कुशवाहा)
खण्ड विकास अधिकारी
नरायनपुर मीरजापुर।

पत्रांक-988/लेखाकार/आ.वा.शौ.नि./अल्पकालिक निविदा/2026-27 दिनांक 13 नवम्बर, 2026

**आवश्यक सूचना**

**संस्था-अशरफी देवी बालिका विद्यालय, तहसील-मड़ियाहूँ, जौनपुर, उ0प्र0**

साधारण सभा की सूची वर्ष-2026-27 को पंजीकृत कराने हेतु सहायक निबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस, वाराणसी मण्डल, वाराणसी में जमा किया गया है। साधारण सभा के कुल 30 सदस्य हैं।

**साधारण सभा के सदस्यों के नाम**

(1)श्री गौरीशंकर त्रिपाठी पुत्र श्री बाबूनन्दन त्रिपाठी (2) श्री राजाराम तिवारीपुत्र श्री रामनरेश तिवारी (3)श्री आदिनाथ सिंह पुत्र श्री रामखेलावन सिंह (4) श्री राजनाथ पाण्डेय पुत्र श्री गया प्रसाद पाण्डेय (5) श्री विन्दवासिनी दुबे पुत्र श्री अम्बिका प्रसाद दुबे (6) श्री अपूर्व तिवारी पुत्र श्री कौशलपति तिवारी (7) श्री मिथिलापति तिवारी पुत्र श्री भगवत तिवारी (8) श्री रमेश चन्द्र दुबे पुत्र श्री वंशराज दुबे (9) श्री राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी पुत्र श्री खुड़भुड़ प्रसाद द्विवेदी (10) श्रीमती लीना तिवारी पुत्री श्री जगदीश तिवारी (11) श्री रमाशंकर दुबे पुत्र श्री आत्माराम दुबे (12) श्री करुणापति तिवारी पुत्र श्री बृजकिशोर तिवारी (13)श्री रमेश नारायण पाण्डेय पुत्र श्री देव नारायण पाण्डेय (14) श्रीमती आशा पाण्डेय पत्नी श्री रमेश नारायण पाण्डेय (15) श्री सुनील कुमार शुक्ल पुत्र श्री शोमनाथ शुक्ल (16) श्री अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र श्री राजाराम तिवारी (17) श्री हरिमाधव पाण्डेय पुत्र श्री अच्युतानन्द पाण्डेय (18) श्री विभाता शुक्ला पत्नी श्री सुनील कुमार शुक्ल (19) श्री प्रेमचन्द्र दुबे पुत्र श्री कमला प्रसाद दुबे (20) श्रीमती ममता दुबे पत्नी श्री प्रेमचन्द्र दुबे (21) श्रीमती शिप्रा पाठक पत्नी श्री प्रमोद पाठक (22) श्री इष्टदेव पाण्डेय पुत्र श्री अमरनाथ पाण्डेय (23) श्रीमती अनिला तिवारी पत्नी श्री कमलेश तिवारी (24) श्रीमती रेखा तिवारी पत्नी श्री अखिलेश तिवारी (25) श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री राजाराम तिवारी (26) नीलम तिवारी पुत्री श्री राजाराम तिवारी (27) श्री विमल कुमार मिश्र पुत्र श्री भगवान प्रसाद मिश्र (28) श्रीमती सीमा तिवारी पत्नी श्री अरुणेश तिवारी (29) श्री सत्यप्रकाश मिश्र पुत्र श्री लालजी मिश्र (30) श्री साहब लाल यादव पुत्र श्री अभिमन्यु यादव साधारण सभा के किसी भी सदस्य को आपत्ति है तो साक्ष्य सहित 15 दिन के अन्दर फर्म्स सोसाइटीज, वाराणसी मण्डल, वाराणसी में आपत्ति कर सकता है।

अध्यक्ष — श्री विन्दवासिनी दुबे
प्रबन्धक / सचिव — अपूर्व तिवारी

**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, भेलूपुर वाराणसी**

Website-www.jalkalvaranai.org
ईमेल-gmjkvvns@gmail.com

संख्या-688 / अधि.अभि. (जोन-1) / ज.क.न.नि.वा. दिनांक-13.11.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी में आदमपुर जोन-1 के अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर पेयजल एवं सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्य हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, वाराणसी के पंजीकृत ठेकेदार जो जलकल विभाग में न्यूनतम 01 वर्ष के कार्य का अनुभव रखते हों, से दिनांक -26.11. 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन सम्बन्धित जोन के अधिशासी अभियन्ता व उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायंकाल 04:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र कैशियर मुख्यालय, जलकल विभाग, भेलूपुर वाराणसी से दिनांक 19.11.2026 से 26.11. 2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (कर सहित) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आदमपुर जोन के जलालीपुरा वार्ड-63 के अन्तर्गत भवन सं0-ए.40 / 35 श्री गोपाल यादव के मकान से श्री मनोज कुमार के मकान तक 100मि.मी. व्यास की 85मी. डी. आई.के .-7 पेयजल पाइप लाइन बिछान का कार्य। | 10000.00 | 500.00 | 25 दिन |
| 2. | आदमपुर जोन के जलालीपुरा वार्ड-63 के अन्तर्गत एलिया गार्डन से श्री अजीत जायसवाल के मकान से होते हुये भवन संख्या-ए. 40 / 35-1 तक 100मि.मी. व्यास की 82मी. डी. आई.के.-7 पेयजल पाइप लाइन बिछान का कार्य। | 10000.00 | 500.00 | 25 दिन |
| 3. | आदमपुर जोन में धूपचण्डी वार्ड-85 के अन्तर्गत श्री चन्द्रमा प्रसाद त्रिपाठी के मकान से भवन संख्या-जे.11 / 11-ए-1 होते हुये जे.11 / 11-डी-1 तक 250मि.मी. व्यास की 70मी. एन.पी.-3 सीवर लाइन बिछान का कार्य। | 10000.00 | 500.00 | 25 दिन |
| 4. | आदमपुर जोन में कमलगढ़हा वार्ड-94 के अन्तर्गत श्री प्रभु-कांत पाण्डेय के मकान से भ.सं.-जे.25 / 17-ए-1 डा. पी.सी. सिंह के मकान तक 200मि.मी. व्यास की 51मी. एन.पी.-3 सीवर लाइन बिछान का कार्य। | 8000.00 | 500.00 | 25 दिन |
| 5. | आदमपुर जोन में जमालुद्दीनपुरा वार्ड-98 के अन्तर्गत भवन संख्या-जे.21 / 40 गुलजार वाया जे.21 / 40 मालू हाजी से जे.21 / 43 तक 200मि.मी. व्यास की 51मी. एन.पी.-3 सीवर लाइन बिछान का कार्य। | 8000.00 | 500.00 | 25 दिन |

नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है

अधिशासी अभियन्ता (जोन-1)
जलकल विभाग,
नगर निगम, वाराणसी।

## वर्गीकृत विज्ञापन

### सूचना

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम यूराज यादव (Yuraj Yadav)व जन्मतिथि 01-01-2004 अंकित है जो गलत है मेरे हाईस्कूल अंक प्रमाण पत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक-1222097727 में नाम **युवराज यादव ( YUVRAJ YADAV )** व जन्मतिथि 06-07-2008 अंकित है जो सही है। **युवराज यादव,** पुत्र रमेश यादव, ग्राम-सद्दोपुर पोस्ट -गांधीनगर जिला गाजीपुर उत्तर -प्रदेश 233225

**सूचना**- हम शपथकर्ता सन 2021 में आपके विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा रही हूं व मेरा रोल नंबर 23155 859 है। वर्ष 2021 में फॉर्म भरते समय मेरे नाम के आगे कुमारी जोड़कर कुमारी खुशबू दर्ज हो गया था, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम खुशबू है, सही नाम विद्यालय अभिलेख में दर्ज किया जाय। **खुशबू** पुत्री भगवान दास मोहल्ला रजदेपुर देहाती, थाना कोतवाली,जिला गाजीपुर

**सूचना**-हम शपथकर्ता सन 2017 में आपके विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा रही हूं व मेरा रोल नंबर 5071851 है। वर्ष 2017 में फॉर्म भरते समय मेरे नाम के आगे कुमारी जोड़कर कुमारी निकिता दर्ज हो गया था, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम निकिता है, सही नाम विद्यालय अभिलेख में दर्ज किया जाय। **निकिता** पुत्री भगवान दास मोहल्ला रजदेपुर देहाती, थाना कोतवाली जिला गाजीपुर।

**सूचना**-मेरे पुत्र मु.आतिफ के केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 1 में नामांकन के समय भूलवश पिता का नाम हिन्दी में मोहम्मद परवेज अंग्रेजी में MOHAMMAD PARVEZ तथा माता का अमीना खातून AMINA KHATOON दर्ज है जो गलत है। सही नाम पिता का **मो.परवेज MOHD-PARVEZ** माता का **आमीना खातून AMEENA KHATOON** है जिसे उसके रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना न्यायसंगत है। **मो.परवेज** निवासी मुहल्ला - कपूरपुर शहरी थाना - कोतवाली जिला - गाजीपुर

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम डब्बल पुत्र पांचू जो मेरे पहचान पत्र बैंकपासबुक, परिवार रजिस्टर की नकल में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड संख्या-2777 -2202-9482 में मेरा नाम शिवधनी अंकित हो गया है। जो कि गलत नाम है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम डब्बल पुत्र पांचू के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। **डब्बल** पुत्र पांचू पता प्रहलादपुर, गौराकला डोमनपुर चिरईगांव वाराणसी उ.प्र.

### सूचना

**सूचना**- सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र **अंकित कुमार** उर्फ गोलू मेरे कहने में नही है वह सट्टा खेलता है। उसके द्वारा किये गये कोई कार्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरी या परिवार की नही होगी उसकी स्वयं की होगी। मै अपने समस्त अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हुं। **माला जायसवाल** पत्नी वीरेन्द्र जायसवाल जे.28/63 आगागंज जैतपुरा, वाराणसी।

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **रितेश कुमार सिंह** पुत्र श्री मंगला सिंह , निवासी: ग्राम - घरवाह , पोस्ट-जमालपुर, जिला- मिर्जापुर का रहने वाला हूं। मैं अपने अवयस्क (minor) पुत्र का 'पुराना नाम यश सिंह से बदलकर **रेयांश कुमार सिंह** रख दिया है।' उसके स्कूल और आधार पर भी रेयांश कुमार सिंह दर्ज है। अब से उसके नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**-हमारा पुत्र **संदीप सिंह** अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहता है, वह हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर हो गया है, उसके कार्य व व्यवहार से हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है, जिस कारण मैं उसको चल -अचल संपत्ति से आज से बेदखल करता हूं। उसके किसी कार्य व्यवहार व अपराधिक कृत्यों से मेरा तथा मेरे परिवार का कोई वास्ता-सरोकार नहीं है। **राधेश्याम सिंह** पुत्र विजय शंकर सिंह ग्राम-ओढारी, थाना-बिरनो

जिला-गाजीपुर

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा व मेरे माता पिता का नाम त्रुटिवश VAIBHAV SONKER व माता का नाम SEEMA SONKER व पिता का नाम UMASHANKER SONKER अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम **VAIBHAV SONKAR** व माता का सही नाम SEEMA SONKAR व पिता का नाम UMASHANKER SONKAR है। जो आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्रों पर दर्ज है। **वैभव सोनकर** पुत्र श्री उमाशंकर सोनकर म.न. एस.25/227-ए 1 सरसौली कैण्ट वाराणसी-221002

**सूचना**-मेरे सैनिक अभिलेखों में मेरे माता जी का नाम नमिता देवी दर्ज है, जबकि आधार नंबर 9835 6088 2433 के अनुसार उनका सही नाम **नमिता पांडे** है। आर्मी नंबर 4087235 Y हवलदार ज्ञान प्रकाश पांडे 8 गढ़वाल राइफल ग्राम दिनौरा, पोस्ट ददरा, तहसील सैदपुर, जिला गाजीपुर, पिन कोड 233221 उत्तर प्रदेश हलफनामा संख्या IN-UP8477503112 8465Y दिनांक 10 नवंबर 2026

**पाठकों से**

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

**हिन्दू बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मीरजापुर**

पत्रांक- दिनांक 13.11.2026

विद्यालय के नवीन प्रबन्ध समिति के गठन की प्रक्रिया एवं कार्यक्रम साधारण सभा के आजीवन सदस्यों की सूची पट्ट पर प्रकाशन दिनांक-19.11.2026

| क्रसं | विवरण | दिनांक | समय | निर्वाचन स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दिनांक | 22.11.2026 | 11.00 बजे से 01.00 बजे | विद्यालय प्रांगण |
| 2 | नामांकन पत्रों की जॉच | 22.11.2026 | 01.00 बजे से 03.00 बजे | विद्यालय प्रांगण |
| 3 | नाम वापसी | 22.11.2026 | 03.00 बजे से 04.00 बजे | विद्यालय प्रांगण |
| 4 | यदि आवश्यक हुआ तो मतदान | 24.11.2026 | 10.00 बजे से 03.00 बजे | विद्यालय प्रांगण |
| 5 | मतगणना | 24.11.2026 | 03.00 बजे से निर्वाचन | विद्यालय प्रांगण |
| 6 | निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 24.11.2026 | परिणाम की घोषणा तक | विद्यालय प्रांगण |

प्रबन्धक — हिन्दू बालिका उ.मा विद्यालय,मीरजापुर
अध्यक्ष — हिन्दू बालिका उ.मा विद्यालय, मीरजापुर

**आवश्यक सूचना**

**संस्था-मड़ियाहूं डिग्री कालेज, तहसील-मड़ियाहूँ, जौनपुर, उ0प्र0**

साधारण सभा की सूची वर्ष-2026-27 को पंजीकृत कराने हेतु सहायक निबन्धक, फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स, वाराणसी मण्डल, वाराणसी में जमा किया गया है। साधारण सभा के कुल 40 सदस्य हैं।

**साधारण सभा के सदस्यों के नाम**

(1) श्री गौरीशंकर त्रिपाठी पुत्र श्री बाबूनन्दन त्रिपाठी (2) श्री आदिनाथ सिंह पुत्र श्री रामखेलावन सिंह (3) श्री हरिमाधव पाण्डेय पुत्र श्री अच्युतानन्द पाण्डेय (4) श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी पुत्र श्री तामेश्वरपति तिवारी (5)श्री उपेन्द्र नाथ तिवारी पुत्र श्री तामेश्वरपति तिवारी (6) श्री संत प्रकाश ओझा पुत्र श्री गंगाप्रसाद ओझा (7) श्री विन्दवासिनी दुबे पुत्र श्री अम्बिका प्रसाद दुबे (8) श्री विद्यानिधि ओझा पुत्र श्री रामजी ओझा (9) श्री आद्या प्रसाद पाण्डेय पुत्र श्री रामनाथ पाण्डेय (10) श्री राजाराम तिवारी पुत्र श्री रामनरेश तिवारी (11) श्री मिथिलापति तिवारी पुत्र श्री भागवत तिवारी (12) श्री लक्ष्मीकान्त पाण्डेय पुत्र श्री रामलखन पाण्डेय (13) श्री लल्लन प्रसाद मिश्र पुत्र श्री विश्वनाथ मिश्र (14) श्री स्वामीनाथ मिश्र पुत्र श्री बृजमोहन मिश्र (15) श्री ब्रम्हदेव मिश्र पुत्र श्री आद्या प्रसाद मिश्र (16) श्री वंशराज मिश्र पुत्र श्री भगवान प्रसाद मिश्र (17) श्री जयप्रकाश तिवारी पुत्र श्री राजाराम तिवारी (18) श्री चन्द्रभान ओझा पुत्र श्री हरदेव ओझा (19) श्री अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र श्री राजाराम तिवारी (20) श्री चन्द्रभान मिश्र पुत्र श्री मयाशंकर मिश्र (21) श्री रमाशंकर दुबे पुत्र श्री हरिनाथ दुबे (22) श्री कल्पनाथ मिश्र पुत्र श्री कमलापति मिश्र (23) श्री विजय प्रकाश मिश्र पुत्र श्री आद्या प्रसाद मिश्र (24) श्री शिवदत्त त्रिपाठी पुत्र श्री रमाशंकर त्रिपाठी (25) श्री गिरीश चन्द्र त्रिपाठी पुत्र श्री गौरीशंकर त्रिपाठी (26) श्री अपूर्व तिवारी पुत्र श्री कौशलपति तिवारी (27) श्री सुनील कुमार शुक्ल पुत्र श्री शोभनाथ शुक्ल (28) श्री रमेश नारायण पाण्डेय पुत्र श्री देवनारायण पाण्डेय (29) श्रीमती लीना तिवारी पुत्री श्री जगदीश तिवारी (30) श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री राजाराम तिवारी (31) श्री करूणापति तिवारी पुत्र श्री बृजकिशोर तिवारी (32) श्री लालजी तिवारी पुत्र श्री केदारनाथ तिवारी (33) श्रीमती आशा पाण्डेय पत्नी श्री रमेश नारायण पाण्डेय (34) श्रीमती विभाता शुक्ला पत्नी श्री सुनील कुमार शुक्ल (35) श्री प्रेमचन्द्र दुबे पुत्र श्री कमला प्रसाद दुबे (36) डॉ0 लालजी त्रिपाठी पुत्र श्री सुखराज त्रिपाठी (37) श्री राजदेव मिश्र पुत्र श्री आद्या प्रसाद मिश्र (38) श्री सत्यप्रकाश मिश्र पुत्र, श्री लालजी मिश्र (39) श्री प्रमोद पाठक पुत्र श्री जगन्नाथ पाठक (40) श्री सात्विक तिवारी पुत्र श्री अपूर्व तिवारी साधारण सभा के किसी भी सदस्य को आपत्ति है तो साक्ष्य सहित 15 दिन के अन्दर फर्म्स सोसाइटीज, वाराणसी मण्डल, वाराणसी में आपत्ति कर सकता है।

अध्यक्ष — डॉ0 लल्लन प्रसाद मिश्र
प्रबन्धक/सचिव — अपूर्व तिवारी

# आस्था का उफान, नहाय-खाय संग शुरू हुआ चार दिवसीय अनुष्ठान

## सूर्योपासना को लेकर जिले भर में दिख रहा उत्साह का माहौल, नदी-सरोवर के किनारे अंतिम दौर में पहुंचा बेदी बनाने का काम

आजमगढ़। नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को सूर्योपासना के चार दिवसीय अनुष्ठान का आरंभ हो गया। इसी के साथ महापर्व डाला छठ की तैयारियां तेज हो गईं। पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल दिख रहा है। पहले दिन भोजन में लौकी मिश्रित चने की दाल, चावल और रोटी का सेवन करने के साथ आगे की तिथियों के अनुसार लोग जरूरी सामान की व्यवस्था में जुट गए हैं। वहीं घाटों की सफाई और बेदी बनाने का काम अंतिम दौर में पहुंच गया है। हालांकि यहां ज्यादातर महिलाएं केवल छठ के दिन व्रत रखती हैं, लेकिन जहां चार दिन का व्रत होता है वहां सुबह से ही घर की साफ-सफाई के बाद भोजन तैयार करने में महिलाएं जुट गई थीं, तो साथ में स्नान कर परिवार के अन्य सदस्य भी उनका



सहयोग कर रहे थे। व्रती के भोजन के बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने भोजन किया और उसी के साथ पूजा की तैयारी तेज हो गई।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार-पर्व की शुरुआत होते ही नगर पंचायत से लेकर ग्रामीण अंचलों तक छठ पूजा की तैयारियां तेज हो गई हैं। घरों में व्रती महिलाएं पूजन सामग्री जुटाने और प्रसाद की तैयारी में लगी हैं, वहीं छठ घाटों पर साफ-सफाई और बेदी बनाने का काम शुरू हो गया है। नगर के पूर्वी पोखरा और पश्चिमी पोखरा समेत ग्रामीण क्षेत्रों के नंदना, मीरपुर, भवनाथपुर, गोविंदपुर, कनैला, लोहरा, तेजापुर, छितौनी, सैनपुर, बढ़या, मदियापार और भदौरा

**व्रत पर्व**

### डाला छठ पूजा के सामानों से सज गये गांव से लेकर शहर तक के बाजार, पहुंचने लगे खरीदार

सहित आसपास के गांवों में छठ महापर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। व्रती महिलाओं ने नहाय-खाय के दिन स्नान के बाद शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर अनुष्ठान की शुरुआत की। इस कठिन व्रत में शुद्धता, पवित्रता और संयम का विशेष महत्व होता है। व्रती महिलाएं भगवान सूर्य और छठी मइया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को खरना होगा। रविवार को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के साथ अनुष्ठान का समापन होगा।

मुख्य व्रत के लिए तैयारी को लेकर बाजारों में फल, गन्ना, नारियल, कैथ, सूप, दउरा और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ जुटने लगी है।

### खरना आज, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्यदान कल

आजमगढ़। चार दिवसीय डाला छठ व्रत के दूसरे दिन यानी पंचमी को दिन भर महिलाएं निराजल व्रत रहेंगी और शाम को एक बार भोजन ग्रहण करेंगी। इस दिन को कहीं-कहीं ज्ञान पंचमी, तो बिहार में बोलचाल की भाषा में खरना कहा जाता है। दूसरे दिन शनिवार को शाम को गाय के दूध में गुड़ व साठी के चावल की खीर और शुद्ध आटे की पूरी बनाई जाएगी तथा उसे व्रती महिलाएं एक बार ग्रहण करेंगी। उसमें भी पुरानी परंपरा यह है कि भोजन के दौरान अगर किसी ने पुकार दिया अथवा उसमें कंकड़ आदि निकल गया तो उसके साथ ही भोजन छोड़ दिया जाता है। भले ही हलक के नीचे पहला निवाला ही क्यों न गया हो। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्यदान किया जाएगा।

### छठ पूजा के लिए जान लें वाहनों का रूट

आजमगढ़। छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के दृष्टिगत जनपद में 15 को दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक तथा 16 को भोर के 3 से दोपहर 12 बजे तक यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए आवास विकास तिराहा से काली चौरा तिराहा एवं काली चौरा तिराहा से आवास विकास तिराहा तक, हरवंशपुर तिराहा से बवाली मोड़ एवं बवाली मोड़ से हरवंशपुर तिराहा तक, शारदा चौराहा से मऊ रोड शंकर तिराहा एवं मऊ रोड शंकर तिराहा से शारदा चौराहा तक। भारी वाहनों के लिए बवाली मोड़ से भंवरनाथ चौराहा एवं भंवरनाथ चौराहा से बवाली मोड़ तक, पहलवान तिराहा से हरवंशपुर तिराहा की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### घाटों पर घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतें

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार ने छठ पर्व के दृष्टिगत जनपदवासियों से अपील की है कि पर्व को श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ मनाते समय सुरक्षा नियमों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर विभिन्न नदियों, तालाबों, पोखरों एवं अन्य जलाशयों के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा डूबने जैसी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतना अत्यन्त आवश्यक है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद के सभी प्रमुख छठ घाटों एवं जलाशयों का पूर्व में निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। व्रती महिलाएं एवं अन्य श्रद्धालु जल में उतरते समय विशेष सावधानी बरतें। घाटों पर प्रशिक्षित गोताखोरों, नाविकों, लाइफ जैकेट, रस्सी, ट्यूब एवं अन्य बचाव उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का आरोप

बलरामपुर, आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कुशमहरा गांव में गुरुवार की शाम विवाहिता का घर के भीतर फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। विवाहिता के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहबरपुर थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी अशोक की 22 वर्षीय बेटी सुजीता की शादी कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कुशमहरा गांव निवासी इंद्रभान के साथ हुई थी। गुरुवार की शाम सुजीता का शव घर के भीतर फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना पर गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए। पिता अशोक ने दहेज की मांग को लेकर बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सीओ ने किया फोर्स के रुकने के लिए कालेज का निरीक्षण

माहुल, आजमगढ़। क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर विजय सिंह गौर ने शुक्रवार देर शाम आगामी विधान सभा चुनाव में पुलिस और सेना के जवानों के रुकने के लिए लिए नगर पंचायत माहुल स्थित अशरफिया इंटर कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कालेज में बिजली व्यवस्था, खुफिया कैमरे, शौचालय और साफ-सफाई आदि का बारीकी से जायजा लिया। विजय सिंह गौर क्षेत्र के बरामदपुर पुल के समीप मंजूषा नदी के तट और माहुल के सिद्धपीठ काली चौरा पोखरे पर छठ पूजा के लिए तैयार घाट का जायजा लेते हुए अशरफिया इंटर कालेज में पहुंचे और वहां पहुंचकर कालेज के परिचारक से वहां की व्यवस्था की जानकारी लिया।

# घर से तीन सौ मीटर दूर खेत में मिला पान कारोबारी का शव

मुबारकपुर/बलरामपुर, आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के अमिलो महाजन की बाग के पास शुक्रवार की सुबह पान कारोबारी का शव घर से करीब 300 मीटर दूर खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। धान के कटे खेत में शव पड़ा देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की और फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

अमिलो महाजन की बाग निवासी 35 वर्षीय रविकांत कुमार गौड़ उर्फ हीरा की अमिलो बाजार में पान की दुकान थी। वह पान विक्रेताओं को भी सामान की आपूर्ति करता थे। उनके बड़े भाई शशिकांत गौड़ ने बताया कि रविकांत ने गुरुवार



रात परिवार के साथ खाना खाया था। इसके बाद वह सोने चला गया। रात में उसने मोबाइल फोन से पत्नी खुशबू से बातचीत की थी। विदेश में रह रहे भाई चंद्रकांत से भी व्हाट्सएप पर संदेश के जरिए बात हुई थी।

परिजनों के अनुसार रविकांत प्रतिदिन सुबह करीब छह बजे टहलने जाता था, लेकिन शुक्रवार की भोर में करीब साढ़े तीन बजे ही घर से निकल गया। उसने दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश में जुटे। इसी दौरान पड़ोस के गांव के लोगों ने धान के कटे खेत में उसका शव पड़ा देखा। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी पर सीओ सदर ईश्वर लाल गुर्जर पुलिस

**सनसनी**

### परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, फोरेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य, जांच में जुटी पुलिस

और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। रविकांत चार भाइयों और तीन बहनों में दूसरे नंबर पर था। उसकी पत्नी छह माह की गर्भवती बताई गई है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मच गया। सीओ सदर ईश्वर लाल गुर्जर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्रकार को मिली हत्या की धमकी

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत माहुल निवासी और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के फूलपुर तहसील अध्यक्ष शशिकांत पांडेय को क्षेत्र के एक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दिया है। इस संबंध में उन्होंने मुकामी थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। शशिकांत पांडेय ने कहा कि धमकी देने वाला मादक पदार्थों की बिक्री करता है और इसका संचालन उसका दृष्टिहीन भाई करता है। शिकायती पत्र में शशिकांत पांडेय ने कहा कि जब इसका विरोध किया तो सात नवंबर को जब वह घर पर नहीं थे तब रात में उनकी 75 वर्षीय हृदयरोग से ग्रसित मां को धमकी देने लगे और कहे कि अपने पुत्र को समझा दो नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। उसके एक दिन बाद भाई के मोबाइल पर फोन करके जान से मारने की धमकी भी दिया और कहा कि अपने भाई से कह दो रास्ते से हट जाए नहीं तो हत्या हो जाएगी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अहरौला राम किशोर शर्मा का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है, जांच कर रही विधि सम्मत कार्यवाही होगी।

### फरियाद सुन एसपी ने दिये अधीनस्थों को निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात किरन पाल सिंह उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

### ऋत्विक को भाजपा पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष का प्रभार

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूती देते हुए ऋत्विक जायसवाल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का गोरखपुर का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति और



राज्यसभा सांसद व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश उर्फ मोहन चौहान की संस्तुति पर जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि इस फैसले से क्षेत्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चे को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। जायसवाल ने समस्त शीर्ष नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल कोई पद नहीं, बल्कि संगठन के प्रति समर्पण और समाज सेवा का एक बड़ा अवसर है।

### ठगी के शिकार के खाते में पांच हजार वापस

आजमगढ़। रौनापार थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में पांच हजार वापस कराकर राहत दी है। ग्राम बैदौली के जगदीश भारती पुत्र गोपाल भारती का मोबाइल फोन 13 अप्रैल को दिल्ली में चोरी हो गया था। 17 अप्रैल को गांव आकर नया सिम प्राप्त करने के उपरांत शाम को सिम चालू होते ही उनके बैंक खाते से कुल 1,15,090 रुपये साइबर फ्राड के माध्यम से निकाल ली गई। इस संबंध में 18 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से ई-मेल एवं वार्ता के माध्यम से समन्वय स्थापित कर कुल धनराशि में से 95,653.61 रुपये विभिन्न खातों में होल्ड कराए गए। होल्ड धनराशि में से पोर्टल के माध्यम से पांच हजार खाते में वापस कराए गए। शेष होल्ड धनराशि को भी पोर्टल पर अपडेट होने के उपरांत वापस कराए जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

### अपहृता बरामद, आरोपी को शरण देने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। महराजगंज थाने के एसआई कलाप कलाधर त्रिपाठी व ओमकार तिवारी की टीम प्राप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की रात लगभग सवा नौ बजे ग्राम जलालपुर (महाबल पट्टी), थाना कप्तानगंज में तीर्थराज उर्फ राजकुमार पुत्र सूबेदार निवासी ग्राम जलालपुर (महाबल पट्टी), थाना कप्तानगंज के घर पहुंची जहां अपहृता एवं उसे भगाकर ले जाने वाले को अपने घर में छिपाकर रखा गया था। पुलिस टीम द्वारा मौके से अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा तीर्थराज उर्फ राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में 10 अक्टूबर को एक युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक गिरफ्तार

आजमगढ़। सिधारी थाने के एसआई शिवम द्विवेदी की टीम ने शुक्रवार को दिन के लगभग सवा एक बजे दहेज को लेकर प्रताड़ना मामले में आरोपी को थाना परिसर से गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली थी कि आरोपी कृष्णा उपाध्याय पुत्र रामबचन निवासी ग्राम घोरठ मुकदमे के संबंध में जानकारी करने हेतु थाना परिसर में मौजूद है। इस मामले में इसी दिन अनमोलचन्द दूबे पुत्र स्व. सूर्यभान दूबे निवासी ग्राम नाथूपुर, थाना कंधरापुर ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी बहन सोनम को उसके ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया तथा जान से मारने की नियत से मारपीट की गई।

# बच्चों ने लगाये स्टाल, सभी ने चखा व्यंजनों का स्वाद

जहानागंज, आजमगढ़। नगर पंचायत स्थित कैम्ब्रिज मॉडर्न स्कूल में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार

**कैम्ब्रिज मार्डर्न स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बालोत्सव, बाल मेला**

को बालोत्सव एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बच्चों ने तरह-तरह के स्टाल लगाए और सभी ने उसका अवलोकन करने के साथ तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद चखा। शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राकेश सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख रमेश कन्नौजिया द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक स्टॉल लगाए गए थे। अतिथियों ने मेले का भ्रमण कर बच्चों द्वारा तैयार किए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, पाक-कला एवं व्यावसायिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रबंधक राकेश सिंह ने कहा कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष बालोत्सव का आयोजन किया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, व्यवहारिक ज्ञान, पाक-कला एवं उद्यमशीलता जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास होता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



### रोजगार सेवकों ने बीडीओ को सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

मार्टीनगंज, आजमगढ़। विकास खंड कार्यालय पर मौजूद दर्जनों रोजगार सेवकों ने मानदेय बढ़ोत्तरी एवं विभागीय कर्मचारी दर्जा में 50 प्रतिशत आरक्षण समेत पांच सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। संगठन के ब्लॉक प्रभारी अमित कुमार एवं महामंत्री चंद्रकांत बिंद, ब्लॉक अध्यक्ष विकास विकास मिश्रा, रामअवध ने कहा कि हम रोजगार सेवक अत्यंत अल्प मानदेय व असुरक्षित सेवा शर्तों के बीच पूरी निष्ठा से सरकारी कार्य कर रहे है। हमें उड़ीसा, राजस्थान जैसे अन्य राज्यों की भांति संविदा व्यवस्था समाप्त कर नियमितकरण किया जाय और हमारे 20 वर्षों के अनुभव को देखते हुए ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत पद आरक्षित किया जाय। रोजगार सेवकों ने कहा यदि हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो 17 नवंबर को राजधानी लखनऊ में बड़ा आंदोलन करेंगे।

# हादसे में शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के शिया गांव के पास गुरुवार की रात सड़क पर अचानक सांड़ आ

**जहानागंज थाना क्षेत्र में सांड़ से टक्कर के बाद हुई दुर्घटना में साथी भी घायल**

जाने से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। युवक अपनी बहन की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटकर घर लौट रहा था। जहानागंज थाना क्षेत्र के कुंजी गांव निवासी 35 वर्षीय सुशील चौहान की बहन की शादी 21 नवंबर को होनी है। सुशील गुरुवार को गांव के ही 32 वर्षीय महिपाल चौहान के साथ शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने घर से निकला था। रात करीब नौ बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। शिया गांव के पास पहुंचे ही थे कि अचानक सड़क पर सांड़ आ गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान सुशील चौहान ने दम तोड़ दिया। वहीं, महिपाल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सुशील के परिवार में पत्नी और तीन बेटियों व एक बेटे हैं। बहन की शादी की खुशियों के बीच भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फार्मासिस्टों ने १६ सूत्री मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

बलरामपुर, आजमगढ़। लंबित मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने शुक्रवार

**पदनाम परिवर्तन, वरिष्ठता सूची जारी करने और पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने की मांग**

को जिलाध्यक्ष रणविजय सिंह और मंत्री ऋषिदेव मौर्य के नेतृत्व में सीएमओ कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान फार्मासिस्टों ने शासन और महानिदेशालय की उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए 16 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। धरने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा। सदस्यों ने कहा कि फार्मासिस्ट संवर्ग की कई वित्तीय और गैर वित्तीय मांगें लंबे समय से लंबित हैं। शासन और महानिदेशालय की ओर से मांगों के निस्तारण में लगातार उदासीनता बरती जा रही है। वार्ताओं के दौरान आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट संवर्ग का पदनाम परिवर्तन, वरिष्ठता सूची जारी करने और उच्च पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हुई है। बार-बार मांग उठाने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है। इससे फार्मासिस्टों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सदस्यों ने चेतावनी दी कि मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर फार्मासिस्ट जटाशंकर, अनिल चौधरी सहित सीएचसी, पीएचसी और विभिन्न अस्पतालों में तैनात स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### पेंशनर असोसियेशन के अध्यक्ष बने रमाशंकर सिंह

मेंहनगर, आजमगढ़। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं शिक्षक महासंघ, जनपद शाखा के तत्वावधान में तहसील सभागार में शुक्रवार को तहसील स्तरीय गठन किया गया। मुख्य संरक्षक गिरीश चतुर्वेदी ने संगठन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। तत्पश्चात तहसील स्तरीय गठन के लिए प्रभारी रमाशंकर सिंह, सह प्रभारी आत्मा तिवारी एवं पर्यवेक्षक शिवबदन शास्त्री की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष, मंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं आडिटर पद पर चयन के लिए उपस्थित पेंशनर्स से नाम मांगे गए। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से रमाशंकर सिंह को अध्यक्ष, राधेश्याम यादव को मंत्री, बांके यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देव प्रभाकर सिंह को कोषाध्यक्ष, विपिन सिंह को आडिटर नामित किया।

# खुद हैं मुसलमान पर हर पर्व की व्यवस्था में दिखते हैं आस्थावान



आजमगढ़। बात नवरात्र हो या फिर रमजान, हर मौके पर व्यवस्था को लेकर दिखते हैं आस्थावान। होली, दीपावली से लेकर ईद और बारावफात के मौके पर क्षेत्र में सफाई से लेकर पेयजल और विद्युत समस्या को लेकर जूझना गुरुटोला-अनंतपुरा वार्ड के सभासद मुहम्मद अफजल इदरीसी की आदत बन गई है। दीपावली के बाद सामने सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ सामने आया तो घाट के रास्तों के लेकर तमसा की सफाई के लिए टीम के साथ पूरी ताकत झोंक दी है। नगर के प्रमुख गोदाम घाट पर सभासद मोहम्मद अफजल के नेतृत्व में पिछले एक सप्ताह से वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को जेसीबी मशीन की मदद से घाट को समतल करने के साथ ही, नाविकों के सहयोग से नदी के बीच पिलर के पास फंसा भारी कचरा निकालकर घाट को पूरी तरह से स्वच्छ और व्यवस्थित रूप देने का प्रयास किया गया। सफाई नायक यूसुफ शेख के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में जेसीबी चालक अनिल यादव, मैजिक वाहन चालक संजीव के साथ साथ सफाई कर्मचारियों में लड्डन शेख, शमीम अहमद, सलीम अहमद, अकबर अली, शिवा, शमशाद अहमद सोनू, गोविंदा और अन्य कर्मचारियों ने पूरी मुस्तैदी से अपना योगदान दिया। सभासद मोहम्मद अफजल ने बताया कि व्रतियों और आस्थावानों की सुविधा के लिए घाट पर स्वच्छ पानी, चूने का छिड़काव और पर्याप्त रोशनी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# अधिसूचना के बाद ही होगा सीटों का बंटवारा - ओमप्रकाश

## वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद जहूराबाद से ही चुनाव लड़ने की तैयारी

अतरौलिया, आजमगढ़। अतरौलिया सीट पर दावेदारी के बीच गुरुवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि एनडीए गठबंधन में विधानसभा सीटों के बंटवारे को लेकर अभी कोई बातचीत नहीं हुई है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। 25 विधानसभा सीटों की मांग को लेकर चल रही चर्चाओं को उन्होंने महज अटकल बताया। अतरौलिया स्थित निरीक्षण भवन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब अभी चुनाव की घोषणा ही नहीं हुई है तो सीटों के बंटवारे की बातें करना जल्दबाजी है। समय आने पर गठबंधन के सभी दल आपस में



बैठकर इस पर निर्णय लेंगे। कहा कि वह अपनी परंपरागत विधानसभा सीट जहूराबाद से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही अखिलेश यादव को भी जहूराबाद से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। जेल में बंद सपा नेता आजम खान से शिवपाल यादव की मुलाकात पर राजभर ने कहा कि इसका कोई राजनीतिक लाभ समाजवादी पार्टी को मिलने वाला नहीं है। सत्ता से बाहर होने के बाद दोनों नेताओं का प्रभाव कम हुआ है। अब उनकी मुलाकात केवल एक-दूसरे को ढांढस बंधाने तक सीमित है। सुभासपा विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से 36 सीटों की सूची सार्वजनिक करने के दावे को उन्होंने राजनीतिक शगूफा करार दिया।

मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोटर आईडी को बायोमेट्रिक से जोड़ने की सपा की मांग पर उन्होंने कहा कि यह भारत निर्वाचन आयोग के अधिकार क्षेत्र का मामला है। किसी दल को आपत्ति है तो उसे आयोग के सामने लिखित शिकायत करनी चाहिए। प्रदेश में 26 हजार स्कूल बंद होने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय बंद नहीं किए जा रहे हैं, बल्कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के बच्चों को नजदीकी विद्यालयों में समायोजित किया जा रहा है।

### पुलिस लाइन में एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल गुर्जर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय कौस्तुभ त्रिपाठी एवं प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन उपस्थित रहे। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा अनुशासित ढंग से मार्च पास्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की वर्दी, अनुशासन एवं टर्नआउट का निरीक्षण किया गया तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए पूर्ण निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। परेड के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर स्थित मेस, निर्माणाधीन आवासीय परिसर, जीडी कार्यालय, गणना कार्यालय, जनपद नियंत्रण कक्ष, नफीस कार्यालय सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया गया।

# दागी अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी से करें ना-ना- आजाद अधिकार सेना

आजमगढ़। आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आजाद अधिकार सेना ने भारत निर्वाचन आयोग से सख्त कदम उठाने की मांग की है। पार्टी की मीना राय और कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नन्दसेन सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चुनाव आयोग से अपील की गई है कि दागी, विवादित और सत्तारूढ़ दल के करीबी माने जाने वाले पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया और ड्यूटी से पूरी तरह अलग रखा जाए, ताकि चुनावों की विश्वसनीयता पर कोई सवाल न उठे। प्रदेश महासचिव अशोक सिंह ने बताया कि तबादले केवल औपचारिकता न हों। यानी किसी अधिकारी को एक जिले से हटाकर



सिर्फ बगल के जिले में तैनात न किया जाए। इसके अलावा, विपक्षी दलों द्वारा जिन अधिकारियों के पक्षपातपूर्ण रवैये या चुनावी हस्तक्षेप की शिकायत की गई है, उनकी स्वतंत्र जांच हो और पूर्व में विवादित रहे अधिकारियों को चुनाव की किसी भी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुक्त रखा जाए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, माणिक चंद्र पाण्डेय, माधुरी तिवारी, रंजना पाण्डेय, मनीषा राय, हरिगोपाल मौर्या, कुलदीप मौर्या, दिनेश साहनी, देवानंद आदि मौजूद रहे।

### सोने के कनफूल ठगने वाला आरोपी चढ़ा हत्थे

आजमगढ़। अहरौला थाने के एसआई उमाकान्त शुक्ला की टीम ने शुक्रवार को दिन के लगभग साढ़े दस बजे चेकिंग के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर झांसे में लेकर महिला से कनफूल छीनने के आरोपी मोहित शुक्ला पुत्र जगदम्बा प्रसाद शुक्ला निवासी धौरुवा, थाना मालीपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को पखनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से एक जोड़ी कानफूल बरामद किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया। आरोप है कि 28 अक्टूबर को ग्राम मेहियापार निवासी गुलाबचन्द जायसवाल के घर पहुंचकर उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने का फायदा उठाते हुए पानी फूंककर पिलाने एवं उपचार का झांसा देकर उनके दोनों कानों से सोने के कानफूल (टप्स) लेकर चले जाने की घटना की गई थी। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के प्रयास किए जा रहे थे।

# नहाय-खाय के साथ आस्था का महापर्व छठ शुरू

## पहले दिन व्रती महिलाओं ने खाया लौकी-भात, घाटों पर बनायी गयी वेदी

**सोनभद्र।** आस्था का महापर्व सूर्य उपासना छठ पर्व नहाय खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। आज के दिन व्रती महिलाओं ने लौकी-भात

### राबर्ट्सगंज नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में घाटों की सफाई शुरू

खाया। पर्व को देखते हुए बाजारों में व्रती महिलाओं की भीड़ लग गई हैं। व्रती महिलायें पूजन से संबंधित सामानों की खरीदारी में जुट गई हैं। 14 नवम्बर को व्रती महिलायें गुड़ की खीर का सेवन करेगीं। इसके बाद 15 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देंगी। 16 नवम्बर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर पारन कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। पर्व को देखते हुए व्रती महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। व्रती महिलाओं ने घाटों पर वेदी बनायीं। पर्व शुरू होते ही चारों ओर बज रहे छठ गीतों से सोनांचल भक्तिमय हो गया है। सभी छठ घाटों की साफ-सफाई कार्य को पूरा कराने के लिए सफाई नायक जुटे हुए हैं। **करमा संवाददाता के अनुसार-** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा शुक्रवार से शुरू हो गया है। छठ पूजा को लेकर छठ व्रती महिलाओं ने छठ पूजा में लगने वाली समाग्री की खरीददारी में जुट गई हैं। स्थानीय बाजार में सूप, दऊरी, ढकनी, दीया आदि की खरीददारी करने में छठ वर्तधारी महिलाएं जुटी रही। खरीदारी करने वाली महिलाओं की मने तो पिछले साल की अपेक्षा इस बार दामों में उछाल आया है। छठ पूजा का यह पावन पर्व हर साल कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह व्रत संतान की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना के लिए रखा जाता है। यह सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है जो 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए इस व्रत को रखा जाता है। छठ पूजा का व्रत रखने वाले लोग चौबीस घंटो से अधिक समय तक निर्जल उपवास रखते हैं। छठ पर्व का मुख्य व्रत षष्ठी तिथि को रखा जाता है, लेकिन यह पर्व चतुर्थी से आरंभ होकर सप्तमी तिथि को प्रात: सूर्योदय के समय अर्घ्य देने के बाद समाप्त होता है। **विंढमगंज संवाददाता के अनुसार-** सतत वाहिनी नदी और कुकुर डूबा नदी के संगम पर स्थित विशाल सूर्य मंदिर के पास छठ पर्व पर तैयारी अंतिम चरण में चल रहा है। नदी के तट पर व भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज के खेल मैदान से सटे जिले का सबसे बड़ा छठ मेला का आयोजन में सन क्लब सोसायटी के द्वारा मेला स्थल को पूरी तरह से साफ सफाई सुंदर व चरणबद्ध तरीके से सुंदर बनाया गया है। व्रती महिलाओं के लिए लगभग 200 टेंट की व्यवस्था, सुलभ शौचालय, वस्त्र बदलने का स्थान के साथ-साथ श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए बड़ा सा टेंट लगाया गया है। क्लब के अध्यक्ष शिवम मद्धेशिया ने बताया कि व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसमें पूरी सावधानी बरती गई है व्रती महिलाओं को नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी की ओर जाने से रोकने की व्यवस्था की गई है।

### साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति का पुलिस ने कराया एक लाख वापस

सोनभद्र। प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन गोपाल जी गुप्ता के नेतृत्व में थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक विनय कुशवाहा पुत्र लल्लू प्रसाद कुशवाहा, निवासी बारी, डाला, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र का एक लाख रुपया वापस कराने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल किया है। पुलिस के अनुसार बीते 04 जून को विनय कुमार कुशावहा का ट्रक का चालान जमा करने के नाम पर यूपीआई के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते से एक लाख रुपये की धनराशि निकाल ली गई थी। साइबर धोखाधड़ी के संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा प्रकरण की गहन जांच एवं तकनीकी विश्लेषण किया गया।

# फांसी लगाकर महिला ने की खुदकुशी

## गुरुवार की रात की घटना, शुक्रवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बभनी( सोनभद्र )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बचरा देवरिहवां गांव में गुरूवार की रात 32 वर्षीय महिला ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची बभनी पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवरिहवां बचरा निवासी शांति देवी 32 वर्ष पत्नी मानसिंह गुरूवार की रात परिवार वालों को खाना खिलाने के बाद स्वयं खाना खाई। उसके बाद सोने के लिए अपने कमरे में चली गई। रात में न जाने कब उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पति मानसिंह घर के बाहर था और एक बेटा सूरज है जो अपने नानी के घर बहरपान मध्य प्रदेश गया हुआ था। जब पति कमरे में गया तो पत्नी को फंदे पर लटकते देख होश उड़ गया। वह कमरे से बाहर आकर अपने माता व अन्य लोगों को जानकारी दी। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान और ग्रामीणों को दी। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी बभनी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर कृष्णानंद यादव मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कार-बाइक की भिड़ंत, एक घायल

**बभनी( सोनभद्र )।** बभनी-अंबिकापुर मार्ग पर मधुघुटरा मोड़ के पास शुक्रवार को फर्च्यूनर और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइक सवार संदीप का एक पैर फ्रेक्चर गया, जबकि अनियंत्रित फर्च्यूनर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चलगली गांव निवासी अर्जुन का 40 वर्षीय पुत्र संदीप बाइक से छत्तीसगढ़ की ओर से बभनी आ रहा था। इसी दौरान रेनुकूट की तरफ से छत्तीसगढ़ जा रही कार से मधुघुटरा मोड़ के पास उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद संदीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# छठ पर्व को लेकर डीएम ने वीसी से की तैयारियों की समीक्षा,अधिकारियों को दिया निर्देश

**सोनभद्र।** आगामी 14 एवं 15 नवम्बर को जनपद में मनाए जाने वाले डाला छठ पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शुक्रवार को वीडियो

### मगरमच्छ की आशंका वाले घाटों पर जाल, सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने के निर्देश

कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा समस्त खंड विकास अधिकारी ऑनलाइन जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने तहसीलवार छठ पूजा घाटों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि तहसील ओबरा में 60, दुद्धी में 65, रॉबर्ट्सगंज में 33 तथा घोरावल में 30 प्रमुख घाट चिह्नित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी घाटों का स्वयं निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, पहुंच मार्ग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं तत्काल सुनिश्चित कराई जाएं। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील घाटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें। ओबरा क्षेत्र में रेणु एवं सोन नदी के घाटों पर विशेष टीम गठित कर निरीक्षण कराने तथा आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। घोरावल क्षेत्र के जिन पोखरों, नदियों एवं जलाशयों में मगरमच्छ की उपस्थिति की आशंका रहती है, वहां विशेष सतर्कता बरतने तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उपयुक्त जाल एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा, रेनुकूट एवं कैमूर वन्यजीव प्रभाग को अपने क्षेत्र के छठ पूजा घाटों का निरीक्षण कराते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा अप्रिय घटना की संभावना न रहे। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पहुंच मार्गों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त उप जिलाधिकारियों एवं पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देशित किया कि पूजा स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करते हुए अवांछित तत्वों पर सतर्क निगरानी रखी जाए। डीएम ने निर्देशित किया है कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय एवं पूर्ण सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा घाटों पर पाई जाने वाली कमियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराएं।

# राज्यमंत्री ने किया छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण

## नदी के गहरे पानी की तरफ सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करें

**डाला( सोनभद्र )।** बाड़ी स्थित सोननदी व डाला नगर पंचायत क्षेत्र के कुरदहंवा छठ घाट पर शुक्रवार की शाम सूबे के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने स्थलीय निरीक्षण कर उपस्थित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आस्था के महापर्व सूर्योपासना पर छठ व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं को पूजा में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो जिसे लेकर सोन नदी छठ घाट पर पहुंचे राज्य मंत्री ने वंहा की साफ-सफाई व्यवस्था को देखकर लोगों को यह दिशा निर्देश दिया कि नदी के गहरे पानी की तरफ बैरिकेडिंग कर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम कर लिया जाय। छठ घाट पर रहने वाली व्रती महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए छाया टेंट आदि की सुदृढ़ व्यवस्था होनी चाहिए। कुरदहवा छठ घाट का निरीक्षण के दौरान ईओ को निर्देशित किया कि छठ घाट के चहुओंर सुव्यवस्थित बैरिकेटिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं रात्रि विश्राम करने वाले आस्थावान भक्तों के लिए रुकने के इंतजाम पूर्ण होने चाहिए। इस मौके पर ओबरा एसडीएम रवि पासवान, ईओ अखिलेश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती कुमारी, भाजपा नेता विकास पटेल, सभासद नितेश निषाद, विशाल गुप्ता, अवनीश देव पांडेय क्षेत्रीय लेखपाल संदीप दत्त, ओम प्रकाश मौजूद रहे।



# कार-टीपर की भिड़ंत, तीन घायल

### भिड़ंत के बाद दोनों में लगी आग, वाहन जलकर राख

**डाला( सोनभद्र )।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के बाजार स्थित इंडियन बैंक के सामने वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग सड़क क्रास कटिंग पर टीपर व कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। जबकि भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और देखते-देखते दोनों जलकर राख हो गए। शुक्रवार की सुबह लगभग पांच बजे रावर्टसगंज से रेणुकूट की ओर जा रही कार की रोड पास कर रहे टीपर में जोरदार भिड़ंत हो गई। वाहनों की भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में वाहनों में आग लगने से कुछ ही क्षण पहले वंहा मौजूद बाजार निवासी लखराज, लल्लन, व इलियास द्वारा कड़ी मेहनत कर कार सवार 23 वर्षीय हिमांशु सिंह पुत्र प्रीतम सिंह, 18 वर्षीय सत्यार्थ सिंह पुत्र सर्वजीत सिंह, 20 वर्षीय अविनाश सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी आश्रम मोड़ म्योरपुर तीनों युवकों को वाहन से उतारकर सुरक्षित जगह पर बैठा दिया गया। सड़क के किनारे धू-धू कर जल रहे वाहनों को देखकर मौके से गुजर रहे अन्य वाहन भी वहां रुक गए सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु चोपन सीएचसी भेजकर अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से जब तक दमकल मंगाकर आग पर काबू पाया गया तब तक दोनों वाहन जलकर राख हो गए। रोड क्रास कटिंग के पास नहीं है। सांकेतिक चिन्ह आए दिन हादसों का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि बाजार स्थित इंडियन बैंक के सामने रोड पास कटिंग से नगर पंचायत कार्यालय नई बस्ती समेत अन्य जगहों पर आवागमन करने वालों लोगों का रात-दिन आना-जाना लगा रहता है। यंहा जिम्मेदारों द्वारा न तो ब्रेकर बनाया गया और न ही सड़क पर सांकेतिक चिन्ह लगाया गया है। जिसके कारण आए दिन उक्त स्थल पर घटना दुर्घटना होती रहती है।

# छठ पर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल

### घाटों पर सफाई और वेदियों का निर्माण तेज

**अनपरा( सोनभद्र )।** अनपरा नगर पंचायत परिक्षेत्र में लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत को लेकर पूरे ऊर्जांचल में तैयारियां तेज हो गई हैं। घरों से लेकर बाजारों और पूजा घाटों तक छठ की रौनक दिखाई देने लगी है। शनिवार को खरना के बाद व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू करेंगी। इसके बाद रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और मंगलकामना की प्रार्थना करेंगी। छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री, फल, सूप, दउरा, नारियल और अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। वहीं, श्रद्धालु घाटों की सफाई, वेदियों के निर्माण और पूजन स्थलों को व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं। छठ व्रत की शुरुआत नहाय-खाय से होगी। इस दिन व्रती स्वच्छता और शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए स्नान आदि के बाद अलग चौके में कद्दू-चावल का भोजन तैयार करेंगे। भोजन में शुद्ध घी और सेंधा नमक का प्रयोग किया जाएगा। इसके अगले दिन खरना के अवसर पर व्रती दिनभर उपवास रखेंगे और शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद गुड़ से बनी खीर (रसियाव) और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ होगा। खरना के प्रसाद के लिए तैयार आटे से रोटियां बनाई जाती हैं। इसी दौरान बची हुई सामग्री से एक छोटी रोटी तैयार कर रखी जाती है, जिसे ओठगन कहा जाता है। सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद इसे ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाता है। छठ पर्व में भगवान सूर्य की उपासना के साथ षष्ठी माता की आराधना का भी विशेष महत्व है। इस पर्व में षष्ठी देवी सूर्य की अरुणिमा यानी लालिमा में निवास करती हैं। मान्यता है कि प्रात: और सायंकाल सूर्य की लालिमा में षष्ठी देवी का वास होता है। इसलिए अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने से षष्ठी माता की भी पूजा-अर्चना संपन्न होती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सूर्य और षष्ठी देवी भाई-बहन हैं। छठ पर्व में गीत षष्ठी देवी के गाए जाते हैं, जबकि आराधना भगवान सूर्य की होती है। यही कारण है कि इस महापर्व में दोनों की उपासना का विशेष महत्व माना गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके कर्मचारियों ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को घाटों पर स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बगैर पंजीयन संचालित हास्पिटल सीज

**कोन( सोनभद्र )।** स्थानीय बाजार में बगैर पंजीयन के संचालित हो रहे निजी अस्पताल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। नोडल अधिकारी गुलाब शंकर यादव ने जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर आरएस हॉस्पिटल को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। नोडल अधिकारी गुलाब शंकर यादव ने बताया कि जांच के दौरान निजी अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। इसके अलावा अस्पताल संचालित करने से संबंधित पंजीयन प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक अभिलेख भी मौके पर उपलब्ध नहीं पाए गए।

# विद्यालय से छह सोलर प्लेट चोरी

### एनटीपीसी रिहंद के सीएसआर विभाग ने स्मार्ट टीवी से पढ़ाई के लिए लगवायी थीं सोलर प्लेट

**सोनभद्र।** बीजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डोडहर स्थित कंपोजिट विद्यालय से छह सोलर ऊर्जा प्लेट चोरी होने का मामला सामने आया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय ने शुक्रवार को बीजपुर पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि एनटीपीसी रिहंद परियोजना के सीएसआर विभाग की ओर से विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई कराने के उद्देश्य से विद्यालय की छत पर छह सोलर ऊर्जा प्लेट लगाई गई थीं। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय की छत पर लगे सभी छह सोलर प्लेट चोरी कर लिए। शुक्रवार की सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो छत से सोलर प्लेट गायब देखकर उनके होश उड़ गए। शिक्षकों ने इसकी जानकारी प्रधानाध्यापक को दी। इसके बाद प्रधानाध्यापक ने बीजपुर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया और लिखित तहरीर देकर मामले में जांच कर चोरी गए सोलर प्लेट बरामद करने की मांग की।

# बीना-बरवानी टोले में बदहाल सड़क, नाली का अभाव

### ठीक-ठाक बनी हुई नाली को मरम्मत के नाम पर जान बूझकर तोड़े जाने का आरोप

**बीना( सोनभद्र )।** म्योरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत चंदुआर में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है ग्राम पंचायत के फंड से ऐसे स्थानों पर कार्य कराया जा रहा है, जहां उसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी, जबकि दूसरी ओर बरवानी टोले हैं जहां आज भी बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। सही-सलामत नाली तोड़ने का आरोप है। ग्रामीणों का मुख्य आरोप है कि गांव में पहले से ही ठीक-ठाक बनी हुई नाली को मरम्मत के नाम पर जान बूझकर तोड़ा गया है और फिर से उसी का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब पंचायत निधि के दुरुपयोग और सरकारी धन की बंदरबांट का एक जरिया मात्र है। इस कार्य को ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की देखरेख में कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में विभागीय कार्यशैली के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त है। एक तरफ जहां ठीक-ठाक निर्माण कार्यों पर पंचायत का पैसा बहाया जा रहा है,वहीं दूसरी तरफ बरवानी टोला के ग्रामीण आज भी नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। ग्रामीणों का दर्द है कि उनके टोले में न तो पक्की सही से सड़क है और न ही जल निकासी के लिए कोई नाली है। सड़क के किनारे-किनारे नाली ने होने के कारण बारिश के दिनों में घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है जिससे लोगों को आने व जाने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने इस ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाली का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

### चेयरमैन ने लिया छठ पर्व की तैयारियों का जायजा

**दुद्धी( सोनभद्र )।** छठ महापर्व के मद्देनजर शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने शिवाजी तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट की सुरक्षा, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधितजनों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जेबीएस अध्यक्ष पंकज जायसवाल व महामंत्री दीपक साह, समाजसेवी पंकज अग्रहरि बुल्लू भी मौजूद रहे। तालाब परिसर में सुरक्षा दृष्टि से बैरिकेटिंग, घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुनिश्चित कराने का निर्देश कर्मचारियों को दिये। चेयरमैन ने कहा कि छठ पर्व पर दुद्धी शिवाजी तालाब पर हजारों श्रद्धालु महिलाएं व्रत रखकर सूर्य उपासना के लिए पहुंचती हैं, ऐसे में नगर प्रशासन की जिम्मेदारी है कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि घाटों की निरंतर सफाई, कचरा निस्तारण और प्रकाश व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र के सीईटीआई रेलवे गेट के समीप शुक्रवार देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे सउनि संतोष सिंह ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे मोरवा पुलिस को सूचना मिली कि सीईटीआई रेलवे गेट के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### मुख्य नहर घाघर पर बनने लगा नया पुल

**करमा( सोनभद्र )।** ग्राम पंचायत बहेरा में मुख्य नहर घाघर पर पुल बनने से लोगों को अब आवागमन में सहूलियत मिलेगी। बताते चले कि कई दशकों से बनाया गया पुल की हालत दयनीय हो गई थी और इसकी चौड़ाई कम होने से तथा सकरा भी था जिसको पार होकर के बड़े वाहन नहीं निकल पा रहे थे। इसी रास्ते से निकलकर जरेनुआ,खैरपुर होते हुए लोग वाराणसी से शक्तिनगर जाने वाले मुख्य सड़क पर पहुंच जाते थे जिसके लिए समस्या खड़ी हो गई थी। अब तत्काल प्रभाव से इस मुख्य नहर घाघर जो बहेरा गांव से होकर निकलता है बनाना शुरू कर दिए हैं जिसकी लंबाई चौड़ाई अब मानक के अनुरूप बनाई जाएगी।

### विस्थापन पर कलेक्टर ने किया विस्थापितों से संवाद

**सिंगरौली।** मोरवा विस्थापन से जुड़ी समस्याओं और पुनर्वास की मांगों को लेकर शुक्रवार को मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त सचिव (खनिज विभाग) एवं सिंगरौली के प्रथम कलेक्टर विवेक पोरवाल मोरवा पहुंचे। सुबह करीब 11 बजे उनके साथ नवागत कलेक्टर अंकित अस्थाना भी मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक 9 स्थित सामुदायिक भवन में उन्होंने विस्थापित मंचों के पदाधिकारियों एवं प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर विस्थापन प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुना।

### बबुराही में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीण सहमे

**करमा( सोनभद्र )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबुराही के अतरवा गांव में स्थित बावली में शुक्रवार की सुबह मगरमच्छ आने की सूचना से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी डायल 112 पर पुलिस और वन विभाग को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया। करमा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबुराही के अतरवा गांव में विकास पटेल के घर के समीप एक छोटी सी बावली में लगभग पांच फीट लंबे मगरमच्छ को चहल कदमी करते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि 15 दिन पूर्व घाघर नहर में यही मगरमच्छ तैरता हुआ अतरवा गांव के समीप देखा गया था। लोगों ने कयास लगाया था कि मगरमच्छ पानी के बहाव में कही चला गया होगा, परन्तु शुक्रवार को सुबह मगरमच्छ को विकास पटेल के घर के पास स्थित बावली में ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मियों ने पुलिस कर्मियों की मदद से मगरमच्छ को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

# साईं हास्पिटल, श्रीराम हास्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर पर छापा

### संदिग्ध दवाओं के संग्रहित किये गये चार नमूने, बगैर बिल वाउचर की मिली दवाओं के मामले में नोटिस जारी

सोनभद्र। जनपद में नकली व अधोमानक औषधियों की रोकथाम और दवाओं की खरीद दर को नियंत्रित करने हेतु शुक्रवार को औषधि विभाग एवं डीपीसीओ टीम ने औचक छापेमारी कर 4 औषधियों के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु भेज दिया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी सोनभद्र के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त (औषधि), मिर्जापुर मंडल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद के रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में हॉस्पिटल स्थित फुटकर औषधि प्रतिष्ठानों पर संदिग्ध,नकली औषधियों की बिक्री की रोकथाम एवं दवाओं की खरीद दर को नियंत्रित करने हेतु व्यापक औचक निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। साई हॉस्पिटल श्री राम हॉस्पिटल रॉबर्ट्सगंज स्थित फार्मेसी में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को निरीक्षण आख्या में अंकित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु सहायक आयुक्त (औषधि), मिर्जापुर मंडल को प्रेषित किया जा रहा है। साथ ही संदेहास्पद प्रतीत होने वाली 04 औषधियों के नमूने परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गए हैं। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियमावली, 1945 के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा निरीक्षण में अंकित औषधियों से संबंधित क्रय-विक्रय अभिलेख एवं बिल प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस संबंध में संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।औषधि विभाग द्वारा समस्त थोक एवं फुटकर औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि कफ सिरप, नींद की दवाइयों एवं अन्य नियंत्रित औषधियों का विक्रय केवल विधिवत पंजीकृत चिकित्सक के वैध पर्चे के आधार पर ही किया जाए। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली, 1945 के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# देव-दीपावली को धार्मिक वातावरण के साथ मनाने की तैयारी तेज

### रंगोली प्रतियोगिता के बाद छठ घाट पर होगा दीप प्रज्ज्वलन, पुरस्कार वितरण

**अनपरा( सोनभद्र )।** आगामी देव दीपावली पर्व के अवसर पर अर्जुन महोत्सव महिला समिति द्वारा अर्जुन छठ घाट, कहुआ नाला अनपरा स्थित लक्ष्मेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर संगोष्ठी एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष श्रीमती माया खंडेलवाला ने की। इस दौरान संयोजिका श्रीमती नीलू राय, सह संयोजिका श्रीमती रेनू अग्रवाल, निर्देशिका श्रीमती रीता सक्सेना एवं सह निर्देशिका श्रीमती चंचल महेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहीं। सभी ने प्रतियोगिता को आकर्षक एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रंगोली प्रतियोगिता दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के बाद शाम 5 बजे छठ घाट पर दीप प्रज्वलन का भव्य कार्यक्रम होगा। इसके बाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समिति की ओर से देव दीपावली के इस आयोजन को उत्साह, भव्यता एवं धार्मिक वातावरण के साथ संपन्न कराने की तैयारियां की जा रही हैं।

### कवि सम्मेलन, मुशायरा २३ को

**दुद्धी( सोनभद्र )।** कौमी एकता सप्ताह के तहत दुद्धी में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन आगामी 23 नवंबर 25 को होगा। कौमी एकता समिति के अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने बताया कि सोमवार को 41वॉ कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन होना है। जिसमे देश के नामचीन कवियों का उपस्थित होने जा रहा है।

# मारपीट में महिला की मौत, शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा

**१७ लोगों पर मुकदमा दर्ज, तीन महिलाएं गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी, अधिकारियों ने दिया आश्वासन**



रतसड़/गड़वार (बलिया)। गड़वार थाना अंतर्गत स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार, स्वामी विवेकानंद नगर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल 43 वर्षीय महिला निरासा देवी पत्नी हरेंद्र राजभर की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर पहुंचे और दरवाजे पर रखकर विरोध जताने लगे। करीब छह घंटे तक शव घर के दरवाजे पर ही रखा रहा। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी, मुआवजा, सरकारी नौकरी और विवादित जमीन पर झोपड़ी लगाने की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, बीते 10 नवंबर की रात करीब सात बजे जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। इसमें निरासा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। मऊ जनपद के एक निजी अस्पताल में शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं थे। वे शव दरवाजे पर रखकर अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे थे। सूचना पर उपजिलाधिकारी गोपेश तिवारी और क्षेत्राधिकारी सतीश शर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। परिजनों ने आरोप लगाया कि विवादित जमीन पर उनकी झोपड़ी थी, जिसे दुर्गा पूजा पंडाल के लिए पुलिस-प्रशासन ने हटवा दिया था। इसके बाद से परिवार लगातार झोपड़ी लगाने के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहा था, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि विपक्षी पक्ष विवादित जमीन पर बकरी बांधकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था और जब वे झोपड़ी लगाने पहुंचते थे तो उन्हें रोक दिया जाता था। यह विवाद पिछले एक पखवाड़े से चल रहा था। परिजनों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते मामले को गंभीरता से लिया होता तो शायद यह घटना नहीं होती। मृतका के पति हरेंद्र राजभर बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। परिवार में सबसे बड़ी बेटी अनीता है, जिसकी शादी की तैयारी चल रही थी। वहीं, मृतका के दो नाबालिग बेटे अभिषेक राजभर और अंश राजभर हैं। मां की मौत से बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। मौके पर गड़वार थाना प्रभारी हितेश कुमार, पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत कुमार विश्वकर्मा, सुखपुरा थाना प्रभारी रत्नेश त्रिपाठी और खेजुरी थाना प्रभारी सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मौके पर ईओ मृदुल कुमार सिंह,क्षेत्रिय लेखपाल आशीष सिंह सहित सभासदप्रतिनिधि सर्वजीत राजभर, शिवशंकर राजभर, सभासद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी हीतेश कुमार ने बताया तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। मृतक के देवर हीरा राजभर पुत्र स्व. श्रीराम के तहरिर पर 12 पुरुष और 5 महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विकास भवन में डीएम का औचक निरीक्षण, साफ-सफाई से लेकर उपस्थिति तक की जांच



बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर उनकी उपस्थिति की स्थिति जांची। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि पेंशन से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशनधारकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय से पेंशन का लाभ मिल सके।जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने और पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। पेंशन संबंधी मामलों में अनावश्यक देरी या लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय में आने वाले आम नागरिकों और पेंशनधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। सीआरओ गुलशन, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## छह धान क्रय केंद्रों पर नहीं शुरू हुई खरीदारी, किसानों में आक्रोश


पूर (बलिया)। विकास खंड पंदह में धान खरीद के लिए छह क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं, लेकिन अब तक किसी भी केंद्र पर खरीदारी शुरू नहीं हो सकी है। इससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं और उनमें विभागीय लापरवाही को लेकर आक्रोश है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन खरीद शुरू नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। रामजी सिंह ने बताया कि विकास खंड पंदह में साधन सहकारी समिति पकड़ी, मिश्रौली, चड़वा बरवां, एकैल, मार्केटिंग पंदह बहेरी और खेजुरी में धान क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके बावजूद अब तक खरीदारी शुरू नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि किसान धान बेचकर मिलने वाली रकम से ही रबी की फसल की बुवाई की तैयारी करते हैं। ऐसे में खरीद शुरू होने में देरी से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, लेकिन सरकारी केंद्रों पर खरीद नहीं होने के कारण किसान बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द सभी क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू कराने की मांग की। वहीं, साधन सहकारी समिति के सचिव चंदन सिंह ने बताया कि मिश्रौली को छोड़कर अन्य केंद्रों पर खरीद के लिए मशीनें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। इसी वजह से खरीदारी शुरू करने में देरी हो रही है। किसान लगातार धान बेचने के लिए संपर्क कर रहे हैं। मशीनें उपलब्ध होते ही खरीद शुरू करा दी जाएगी।

## अवैध मिट्टी खनन में छह ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

बलिया। अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सुखपुरा थाना पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। टीम ने बसंतपुर चौकी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अवैध मिट्टी खनन में लगे छह ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को अवैध खनन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मिट्टी का अवैध खनन कर परिवहन कर रहे छह ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए। सभी वाहनों को सीज कर बसंतपुर चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी से लदे हुए थे। पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में खलबली मची रही।

# डीएम, एसपी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां**



बलिया। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ईराज राजा ने शहर के विभिन्न छठ घाटों और प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने बिचला घाट, टाउन हॉल सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर छठ पर्व की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से घाटों पर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और पर्व के दौरान होने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए तैयारियों का अवलोकन किया। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही तैयारियों को देखा। प्रशासन का उद्देश्य है कि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पूरा पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीजे की तेज आवाज से मासूम बच्ची की मौत, हिरासत में ऑपरेटर

मनियर (बलिया)। मनियर थाना क्षेत्र के मुड़ियारी गांव में शुक्रवार को लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई। डीजे की तेज आवाज के बीच महज 20 दिन की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डीजे को कब्जे में लेते हुए उसके ऑपरेटर को हिरासत में ले लिया। वहीं, बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे मुड़ियारी गांव के बिंद टोली से लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के लिए जुलूस निकाला गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान बच्ची की मां अपनी 20 दिन की बेटी को लेकर एक कुएं के पास खड़ी थी। जुलूस में बज रहे डीजे की आवाज काफी तेज थी। इसी बीच बच्ची की तबीयत बिगड़ने और मौत होने की बात सामने आई। परिजनों की ओर से बच्ची की मौत का कारण डीजे की तेज ध्वनि बताया जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। बताया गया कि बच्ची की मां रीमा शाह पुत्री गोरख गोंड़, पत्नी विशुचंद, निवासी टैंयाटोला राजा गांव खरौनी, थाना कोतवाली बांसडीह की रहने वाली है। बच्ची के जन्म के दो दिन बाद ही रीमा अपने मायके मुड़ियारी गांव स्थित पिता गोरख गोंड़ के घर आई थी। रीमा के पहले से एक बेटा और एक बेटी हैं। यह उसकी तीसरी संतान थी। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश चंद यादव ने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# गोवर्धन पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब




बैरिया (बलिया)। लोक आस्था,धार्मिक परंपरा और भोजपुरी संस्कृति के रंग में गुरुवार को संसार टोला स्थित ऐतिहासिक गोवर्धन पहाड़ मंदिर परिसर सराबोर रहा। गोवर्धन पूजा के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन हुआ, वहीं भोजपुरी गायकों की शानदार प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रोता गीत-संगीत की धुन पर झूमते रहे। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। आयोजक भाजपा नेता सूर्यभान सिंह और समाजसेवी रामबाबू यादव ने विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच मंदिर में स्थापित बांके बिहारी जी की प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन किया।इसके बाद मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रविशंकर सिंह उर्फ पप्पू ने फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों की ओर से ग्राम प्रधानों, वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रविशंकर सिंह ने सूर्यभान सिंह की जनसेवा से जुड़ी गतिविधियों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक सनी पांडेय, अमित पांडेय, धीरेंद्र धांसू उर्फ खेसारी-2, बलराम बली, रविराज दीपू और गोलू दबंग ने अपनी गायकी से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। अध्यक्षता सुरेश यादव व संचालन हरि कंचन सिंह ने किया। तेजा सिंह, पप्पू राय, ओपी लाल श्रीवास्तव, डब्लू सिंह, अरुण सिंह, रामबली यादव आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आकर बालिका की मौत

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के सड़ौली गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम पांच वर्षीय सृष्टि की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव एवं ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सड़ौली निवासी धर्मेंद्र कुमार की पांच वर्षीय पुत्री सृष्टि घर से ज्यों ही बाहर निकली ईंट भट्टा से मिट्टी लाने जा रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गईं। आनन फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एकलौती पुत्री की खबर पर मां प्रिया देवी का रो रो कर बुरा हाल था। प्रभारी निरीक्षक कौशल पाठक ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर बच्ची को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सब्जी लेकर घर जा रहे युवक को पीटा

बैरिया (बलिया)। बैरिया बाजार से सब्जी खरीदकर घर लौट रहे एक युवक को पड़ोसियों ने रास्ते में लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर पर बैरिया पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। बैरिया दक्षिण टोला निवासी संजीत कुमार पासवान बाजार से सब्जी खरीदकर घर जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से खड़े बृजेश राम, हलचल उर्फ प्रेम और नीतीश कुमार पासवान ने बिना किसी कारण अचानक उन पर हमला कर दिया। तीनों ने लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# ददरी मेले में १.६० करोड़ में झूले का ठेका

**लकड़ी बाजार की नीलामी छह लाख ६५ हजार व तहबाजारी १५ लाख में**



बलिया। ऐतिहासिक ददरी मेले में इस बार बदायूं की कंपनी का झूला आकर्षण का केंद्र बनेगा। शुक्रवार को गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित नीलामी में झूला संचालन का ठेका एक करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपये में दिया गया। पिछले वर्ष झूले की नीलामी से एक करोड़ 32 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा 28 लाख 50 हजार रुपये अधिक मिले हैं। लकड़ी बाजार की नीलामी छह लाख 65 हजार रुपये में हुई, जबकि पिछले वर्ष इससे 6.50 लाख रुपये का राजस्व मिला था। वहीं, वेंडिंग जोन का ठेका 15 लाख रुपये में नीलाम हुआ। पिछले वर्ष इसके लिए महज साढ़े छह लाख रुपये मिले थे। इस बार वेंडिंग जोन से मिलने वाले राजस्व में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। गर्दभ बाजार की नीलामी एक लाख 80 हजार रुपये में हुई। वहीं, पार्किंग की नीलामी के लिए अपेक्षित बोली नहीं मिलने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अधिकारियों के अनुसार, इसके लिए अगली तिथि निर्धारित की जाएगी। मेले में कुल चार पार्किंग स्थल बनाए जाने हैं। सिटी मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी ईओ नगर पालिका परिषद आसाराम वर्मा ने बताया कि पार्किंग की नीलामी के लिए अलग से तिथि तय की जाएगी। ददरी मेले में चार पार्किंग स्थल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का सदस्यता अभियान ३० तक




बलिया। बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पूरे जिले के दवा व्यापारियों को संगठन से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान 11 नवंबर से 30 नवंबर तक चलेगा। एसोसिएशन के महामंत्री बब्बन यादव ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में नए दवा व्यापारी इस व्यवसाय से जुड़े हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें भी संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाया जाए। वहीं, एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने जिले के सभी दवा व्यापारियों और पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि सदस्यता के लिए दवा व्यापारियों को ड्रग लाइसेंस, उसकी वैधता की तिथि, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, पता, प्रोपराइटर या पार्टनर का नाम और फोटो उपलब्ध कराना होगा। इसके लिए 500 रुपये वार्षिक सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी दवा व्यापारियों से निर्धारित अवधि में सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव, अनिल कुमार त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, वरुण तिवारी, लाल बहादुर वर्मा, राजेश सिंह, प्रखर गोयल और विशाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ठगी के ५२ हजार रुपये पुलिस ने कराये वापस

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी महिला के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर निकाली गई 52,251 रुपये की पूरी धनराशि पुलिस ने वापस करा दी। समय बाद खाते में अपनी रकम वापस पाकर पीड़िता ने बलिया पुलिस और उभांव थाना पुलिस के प्रति आभार जताया। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर छह शास्त्री नगर, बेल्थरारोड निवासी शिव कुमारी सिंह के खाते से 4 जुलाई 2025 को अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 52,251 रुपये की धनराशि स्थानांतरित करा ली थी। उभांव थाना की साइबर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए धोखाधड़ी से निकाली गई पूरी धनराशि को होल्ड कराया गया। इसके बाद 13 नवंबर 2026 को 52,251 रुपये पीड़िता के बैंक खाते में वापस करा दिए गए।

# रानीगंज बाजार में एक किलोमीटर तक लगा जाम

**छठ पूजा की खरीदारी को उमड़ी भीड़, सुरेमनपुर स्टेशन जाने वाले यात्रियों को हुई परेशानी**



बैरिया (बलिया)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में उत्साह चरम पर है। शुक्रवार को छठ पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बैरिया, रानीगंज, मधुबनी सहित क्षेत्र के छोटे-बड़े बाजारों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके चलते बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। सबसे खराब स्थिति रानीगंज बाजार की रही, जहां बीबी टोला पुल से कोटवां मोड़ तक करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट गई। बाजार में लोगों को पैदल निकलने में भी मशक्कत करनी पड़ी। वाहन रेंगते नजर आए और राहगीर भीड़ के बीच धक्का-मुक्की करते हुए आगे बढ़ने को मजबूर रहे। रानीगंज, मधुबनी और बैरिया बाजार में सड़क की पटरियों पर छठ पूजन सामग्री और फलों की दुकानें सजी हुई थीं। फल विक्रेताओं ने सड़क किनारे स्टॉल लगा रखे थे। वहीं खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ के बीच ई-रिक्शा और चारपहिया वाहनों के बाजार में प्रवेश करने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि जाम प्रभावित स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है, ताकि लोगों को कम से कम असुविधा हो।

## टीएससीटी करेगी दिवंगत शिक्षक के परिजनों की मदद

बलिया। शिक्षाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य करने वाली संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) जिले के सीयर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय तेलमा के दिवंगत शिक्षक रामप्यारे की पत्नी मीना को अगले पखवारे करीब पचास लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगी। इसके लिए टीएससीटी की जिला टीम गुरुवार की शाम उनके बिल्थरारोड बस स्टैंड के पीछे स्थित आवास पर पहुंची। टीम ने सहयोग के लिए बैंक खाता संख्या समेत अन्य आवश्यक कागजात प्राप्त किये। मऊ जनपद के मूल निवासी रामप्यारे अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन नाबालिग संतानों (दो बेटी व एक बेटा) को छोड़ गए हैं। दिवंगत शिक्षक के घर पहुंचे पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रभाकर तिवारी, सतीश सिंह, चंद्रशेखर पासवान, सतीश मेहता, लालजी यादव, संजय कन्नौजिया, राजेश जायसवाल, अब्दुल अंसारी, संजीव वर्मा, आशुतोष तरुण पांडे, आमिर शमशाद, सुरेश कुमार, आलोक सिंह, नीतीश त्रिपाठी, जितेन्द्र यादव, रवि गुप्त आदि थे।

## पोखरे किनारे बेदी बनाने में जुटे श्रद्धालु

बेल्थरारोड (बलिया)। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर सीयर ब्लॉक के न्याय पंचायत तेंदुआ अंतर्गत ग्राम सभा कुशहा भाड़ में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे से ही गांव स्थित पोखरे के किनारे श्रद्धालुओं का जुटना शुरू हो गया। महापर्व को लेकर ग्राम प्रधान रामाधार राजभर एवं सहायक सचिव राजन कुमार की देखरेख में पोखरे की साफ-सफाई कराई गई, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस संबंध में सहायक सचिव राजन कुमार ने बताया कि ग्राम सभा कुशहा भाड़ में प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा छठी मैया का महापर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

## एक नजर इधर भी

### बाइक-स्कूटी की टक्कर में अधेड़ की मौत

चितबड़ागांव (बलिया)। बलिया-गाजीपुर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर सुजायत सहाड़ी के पास बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार अधेड़ की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरही भेजवाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही स्कूटी सवार ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मुन्ना चौहान (50) पुत्र स्व. परमेश्वर चौहान निवासी कारो चौहान बस्ती के रूप में हुई। वहीं, बाइक सवार घायल मोहित राजभर (16) और गोलू राजभर (18) निवासी महरेव, चितबड़ागांव के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष लालमणि सरोज ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के भाई के तहरीर पर कार्रवाई किया जा रहा है।

### चितबड़ागांव स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग

चितबड़ागांव (बलिया)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं में विस्तार की मांग को लेकर क्षेत्र के युवा समाजसेवी चंदन सिंह बागी ने गुरुवार की देर शाम वाराणसी मंडल के डीआरएम आशीष जैन से मुलाकात की। वाराणसी स्थित डीआरएम कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने चितबड़ागांव रेलवे स्टेशन की समस्याओं और यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। चंदन सिंह बागी ने लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस और स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस का चितबड़ागांव स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की।

### मायके आई विवाहिता लापता, प्राथमिकी दर्ज

बैरिया (बलिया)। ससुराल से मायके आई 20 वर्षीय विवाहिता सुरेमनपुर क्षेत्र के एक गांव से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पिता ने गुरुवार की शाम बैरिया थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार विवाहिता के पिता ने पिछले वर्ष अपनी पुत्री की शादी हल्दी थाना क्षेत्र के एक गांव में की थी। कुछ दिन पूर्व वह विदाई कराकर अपनी पुत्री को मायके लाए थे। इसी बीच छह नवंबर को विवाहिता अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि विवाहिता के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवाहिता की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

### एक लाख की चार चोरी की पाइप बरामद

बलिया। सुखपुरा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की चार पाइप बरामद की हैं, जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त डीसीएम वाहन भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, सुखपुरा थाने में दर्ज मुकदमा से संबंधित चोरी की घटना में पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर महावीरगंज स्थित खाली मैदान में मिट्टी के ढेर के पास दो आरोपियों इरफान अंसारी (25) निवासी चिरगोड़ा, थाना जटहां बाजार और रहीम अंसारी (21) निवासी सरपतही, थाना नेबुआ नौरंगिया, जिला कुशीनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की चार पाइप और घटना में प्रयुक्त डीसीएम वाहन बरामद किया।

# रतसड़ कलस्टर खेल प्रतियोगिता का आगाज

**१०० मीटर में निरंजन व रिया ने मारी बाजी**




बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव के रतसड़ क्लस्टर के खेलों का शुक्रवार को आगाज हुआ। रतसड़ इंटर कॉलेज के मैदान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं पूर्व विधायक विजय राजभर ने बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल महोत्सव के आयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने मुख्य अतिथि समेत समस्त आगंतुकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विजय राजभर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'खेल जाति धर्म के बंधनों से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। सामाजिक समरसता और एकता के लिए खेल सर्वाधिक महत्वपूर्ण माध्यम है। जननायक चंद्रशेखर के नाम से होने वाला फेफना खेल महोत्सव युवा तुर्क को सच्ची श्रद्धांजलि है। इसके लिए पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में पीयूष कुमार राजभर प्रथम, सचिन चौहान द्वितीय एवं आकाश कुमार तृतीय 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में निरंजन सिंह प्रथम, ऋषभ राजभर द्वितीय व तिलक कुमार तृतीय वहीं 100 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में अभिषेक चौहान प्रथम, अनमोल वर्मा द्वितीय व आदित्य कुमार शाह तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका सच्चिदानंद राय, अनूप राय, सचिन उपाध्याय, शमशाद खान, चंदन गुप्ता, सरदार वर्मा, राहुल राय, शिवदयाल यादव, रिंकू उपाध्याय, पवन पांडे, बलवंत सिंह आदि ने निभाई। इस दौरान मंडल प्रधानाचार्य डॉ आत्मानंद सिंह, अध्यक्ष उमेश सिंह, उपेंद्र पांडेय, विजय प्रकाश वर्मा, मनोज सिंह, टुनटुन उपाध्याय, वेद खरवार, मनोज यादव, अशोक सिंह, अमित सिंह, नितेश सिंह, भोलू सिंह, भोला सिंह, शंभू नाथ वर्मा, शमीम अंसारी 'भोला', नन्दलाल सिंह, रोहित राजभर, राजेश मिश्रा, सोनू राय, राकेश चौबे, हरेंद्र सिंह, रामप्रवेश राजभर, देवेंद्र यादव, अजय यादव, रबींद्र राम, सोनू सिंह, रामजी सिंह, चंचल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# धान क्रय केंद्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

## किसान की ३२ कुंतल धान की तौल कराकर खरीद का कराया शुभारंभ, जिले में ३६ केंद्रों पर होगी खरीद

गोपीगंज। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने शुक्रवार को खरीफविपणन वर्ष 2026-27 के तहत मंडी समिति गोपीगंज स्थित खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोपीगंज मंडी और गोपीगंज मंडी प्रथम केंद्र पर खरीद की तैयारियों, उपकरणों, अभिलेखों और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, पावर डस्टर, ई-पॉप मशीन, लैपटॉप एवं आवश्यक अभिलेख उपलब्ध मिले। जिलाधिकारी ने भवानीपुर निवासी किसान रामयज्ञ शुक्ला के करीब 32 कुंतल धान की तौल शुरू कराकर खरीद का शुभारंभ कराया। किसान ने केंद्र पर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की



बात कही। इस मौके पर डीएम ने किसान को माला पहनाकर और लड्डू खिलाकर बधाई दी। भुड़की टाउन निवासी किसान शेषनारायण पाठक भी धान बेचने पहुंचे थे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले में खाद्य विभाग के 18, पीसीएफ के 17 और भारतीय खाद्य निगम का एक सहित कुल 36 क्रय केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से 28,500 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। यह पिछले वर्ष से 72 रुपये अधिक है।

### घाटों पर तैनात होंगे मजिस्ट्रेट

ज्ञानपुर। छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने श्रद्धालुओं से निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करने तथा गहरे पानी में जाने से बचने की अपील की। 14 नवंबर को अधिकारी घाटों पर साफ-सफाई और बैरीकेडिंग का सत्यापन करेंगे। वहीं 15 नवंबर को अपराह्न तीन बजे से 16 नवंबर की शाम तक मजिस्ट्रेटों की तैनाती रहेगी। पुलिस एवं संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पराली न जलायें, खेत में सड़ाकर बढ़ायें मिट्टी की उर्वरता-सीडीओ

ज्ञानपुर। फसल अवशेष प्रबंधन और कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को विकास भवन परिसर स्थित डीपीआरसी हाल में जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। प्रमोशन ऑफएग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफक्रॉप रेजिड्यू योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम की



अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने की। सीडीओ ने किसानों से अपील की कि वे कृषि अधिकारियों और वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीकों को अपनाकर खेती करें। रबी की बुवाई के मद्देनजर अच्छी प्रजाति के बीज का चयन करें और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की संस्तुति के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। किसान पराली जलाने के बजाय उसे खेत में ही सड़ाकर मिट्टी की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ाएं। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा घटती है और जलधारण क्षमता कम होती है। किसानों को सलाह दी कि प्रति बीघा पांच किलोग्राम यूरिया डालकर खेत में पलेवा करें, जिससे पराली सड़कर मिट्टी में मिल जाएगी और उसकी उर्वरता बढ़ेगी। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, एफपीओ और कृषि यंत्रीकरण की जानकारी भी दी। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार यादव ने किसानों को डी-कंपोजर और हैप्पी सीडर के उपयोग की जानकारी देते हुए फसल अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने की सलाह दी। भूमि संरक्षण अधिकारी हरिओम मिश्र ने चेताया कि पराली जलाने पर जुर्माने की कार्रवाई हो सकती है। प्रगतिशील किसान रामेश्वर सिंह ने भी पराली को जलाने के बजाय मिट्टी में मिलाकर सड़ाने के फायदे बताए। कार्यक्रम में सुनील कुमार मौर्य, अरुणेंद्र कुमार चौबे, श्यामधर सिंह सहित विभिन्न विकास खंडों के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अंत में एसएमएस अरविंद कुमार उपाध्याय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सभी समितियों पर यूरिया एवं डीएपी का पर्याप्त स्टाक बनाये रखें-डीएम

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने शुक्रवार को विकासखंड ज्ञानपुर के साधन सहकारी समिति नागमलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूरिया, डीएपी एवं बीज की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा संबंधित अभिलेखों की जांच की। उन्होंने समिति पर मौजूद किसानों से बातचीत कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान समिति पर खाद एवं बीज का पर्याप्त भंडार उपलब्ध पाया गया। जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि जनपद की सभी सहकारी समितियों एवं निर्धारित वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय से खाद और बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी समितियों पर यूरिया एवं डीएपी का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें। खाद की मांग और आपूर्ति की नियमित निगरानी की जाए, जिससे किसानों को जरूरत के समय परेशानी न हो। समिति सचिव को स्टॉक रजिस्टर सहित सभी अभिलेख अद्यतन रखने तथा उपलब्ध खाद और वितरित मात्रा का नियमित मिलान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता बरती जाए और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। कृषि कार्यों की निरंतरता और किसानों की सुविधा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

### जनगणना-२०२७ के लिए १६ नवंबर से शुरू होगा स्व-गणना अभियान

ज्ञानपुर। जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिला जनगणना अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें स्व-गणना अभियान को सफल बनाने और जनपद में व्यापक जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना अभियान संचालित होगा। पहली बार नागरिकों को घर बैठे परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए परिवार का कोई भी सदस्य आधिकारिक पोर्टल पर जाकर सभी सदस्यों की जानकारी भर सकता है। प्रक्रिया पूरी होने पर 11 अंकों की विशिष्ट एसई आईडी मिलेगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। स्व-गणना में प्रत्येक सदस्य से संबंधित 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें आयु, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा, भाषा, दिव्यांगता, रोजगार, जन्म और निवास सहित अन्य जानकारियां शामिल हैं। अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 16 से 30 नवंबर तक अलग-अलग दिवस निर्धारित किए गए हैं। इनमें राजस्व एवं प्रशासन, स्थानीय शासन, युवा एवं मीडिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग एवं परिवहन, महिला एवं स्वयं सहायता समूह, डिजिटल सहायता तथा किसान दिवस शामिल हैं। सीडीओ ने विभागाध्यक्षों को अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने तथा पंचायतों, विद्यालयों, बैंकों, स्वास्थ्य संस्थानों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। सीएससी केंद्रों, पंचायत भवनों और शहरी वार्ड कार्यालयों में डिजिटल सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने नागरिकों से सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करने की अपील की।

## नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

कांवल। लोक आस्था और सूयोर्पासना का महापर्व डाला छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर व्रती महिलाओं और पुरुषों में खासा उत्साह है। घरों में साफ-सफाई के साथ छठी मैया की पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं, छठ के पारंपरिक गीतों से माहौल भक्तिमय हो उठा है। पर्व के पहले दिन व्रतियों ने घरों की साफ-सफाई कर पवित्रता का विशेष ध्यान रखा। इसके बाद गंगा नदी, उसकी सहायक नदियों और तालाबों में स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना की। नहाय-खाय के दिन व्रती सेंधा नमक, घी और अरवा चावल से बना भोजन तथा कद्दू की सब्जी ग्रहण करते हैं।

## छठ पूजा के लिए ५५ घाट चिह्नित

ज्ञानपुर। छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। जनपद में कुल 55 घाटों और तालाबों को चिह्नित किया गया है। अधिक भीड़ वाले रामपुर और सीतामढ़ी घाट पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी कच्चे और पक्के घाटों पर बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। सुबह सूर्योदय से पूर्व और रात के समय श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों से जुड़े प्रमुख मार्गों पर पुलिस पिकेट लगाए जाएंगे। पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे।

## कोषागार के चार लेखाकार पदोन्नत होकर बने सहायक कोषाधिकारी

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश शासन ने कोषागार संत रविदासनगर भदोही में कार्यरत चार लेखाकारों को पदोन्नति देकर सहायक कोषाधिकारी/उपकोषाधिकारी बनाया है। पदोन्नति पाने वालों में अवनींद्र नाथ शुक्ल, अजय कुमार सिंह, मथुरा राम यादव और अनिल कुमार सोनकर शामिल हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजेश सिंह ने चारों पदोन्नत अधिकारियों को विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व विधायक की जयंती पर जीआरडी-१० संस्था का शुभारंभ

सुरियावां। कुसौड़ा मधुपुर निवासी पूर्व विधायक स्व. घनश्याम राजनारायण दुबे की 75वीं जयंती पर मुंबई के अंधेरी पश्चिम में पुत्री डॉ. सुनीता दुबे ने जीआरडी-10 संस्था का शुभारंभ कराया। विधायक संजय उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। संस्था प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार देगी। इस दौरान कैंसर पीड़ितों और विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता भी दी गई। कार्यक्रम में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग जुड़े।

## आयकर महासंघ की नयी कार्यकारिणी गठित

भदोही। आयकर विभाग भदोही में गुरुवार को आयकर महासंघ (इनकम टैक्स एम्प्लाइज फेडरेशन) की बैठक में सर्वसम्मति से नई शाखा कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें तुषार कांत ठाकुर को शाखा अध्यक्ष, अमन चित्रांशी को शाखा सचिव तथा सुमित सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उल्लेखनीय है कि अमन चित्रांशी लगातार तीसरी बार शाखा सचिव पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। आयकर निरीक्षक राजेश सिंह की देखरेख में संपन्न हुए निर्वाचन के दौरान विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शांतिभंग की आशंका में २७ गिरफ्तार

ज्ञानपुर। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 27 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान किया गया। पुलिस के अनुसार गोपीगंज, भदोही, औराई, सुरियावां, ज्ञानपुर और कोईरौना थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर 570 दोपहिया और 138 चारपहिया समेत कुल 708 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने इन वाहनों से कुल आठ लाख 61 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला।

## साइबर ठगी की ३३२९ शिकायतों में १.१४ करोड़ रुपये होल्ड

ज्ञानपुर। साइबर अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे ऑपरेशन साइ-वज्र के तहत भदोही पुलिस ने इस वर्ष बड़ी कार्रवाई की है। एक जनवरी से 12 नवंबर 2026 तक जिले में साइबर ठगी की 3329 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें ठगी की कुल धनराशि 6.18 करोड़ रुपये से अधिक रही। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 94 लाख 65 हजार रुपये होल्ड कराए, जबकि पीड़ितों को 71 लाख 46 हजार 854 रुपये वापस दिलाए गए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर टीम ने चार साइबर गैंग का खुलासा किया। म्यूल बैंक खातों से जुड़े तीन मुकदमों में 13 और पीओएस से जुड़े एक मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## ७० लावारिस वाहनों की नीलामी

ज्ञानपुर। ऑपरेशन क्लीन-2 के तहत जिले के चार थानों में खड़े लावारिस और दाखिल वाहनों की नीलामी कराई गई। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त समिति की देखरेख में हुई नीलामी में कुल 57 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया। ज्ञानपुर, गोपीगंज, चौरी और ऊंज थानों के कुल 70 वाहनों की नीलामी से 52 लाख 28 हजार 500 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें गोपीगंज थाने के 43 वाहनों की नीलामी से सर्वाधिक 40 लाख पांच हजार रुपये मिले। ज्ञानपुर के 18 वाहनों से तीन लाख 35 हजार, चौरी के पांच वाहनों से एक लाख 66 हजार और ऊंज के चार वाहनों से सात लाख 22 हजार 500 रुपये प्राप्त हुए। पुलिस के अनुसार नीलामी से मिली धनराशि राजकीय कोषागार में जमा कराई जाएगी।

## जानलेवा हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

ज्ञानपुर। भूमि की नापजोख के दौरान लाठी-डंडे और ईंट से जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित एक आरोपी को भदोही पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चकजिवरानी निवासी गौरव मिश्र ने 11 नवंबर को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मोढ़ चौराहे के पास अपनी भूमि की नापजोख करते समय विपक्षियों ने एकराय होकर उन पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 537/2026 में बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 351(3) और 109(1) के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार और हेड कांस्टेबल विनोद यादव शामिल रहे।

## अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिये सख्त निर्देश

ज्ञानपुर। पुलिस लाइंस ज्ञानपुर के सभागार में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन और मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल समेत सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे। सैनिक सम्मेलन में एसपी ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

## माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा तीर्थ-रामानंद जी

ज्ञानपुर। कोईरोना क्षेत्र के सोनैचा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे आचार्य डॉ. रामानंद जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है।इस अवसर पर आचार्य आशीष पांडेय, अवध बिहारी पांडेय, देवी प्रसाद पांडेय, शीतला प्रसाद, नागेंद्र पांडेय, संजय पांडेय, प्रेमसागर, गंगासागर, अंकित पांडेय, लक्ष्मीशंकर तिवारी और मुरलीधर यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सदर मोहाल में नाली निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद गोपीगंज की ओर से सदर मोहाल में कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। निर्माण स्थल पर नाली के आधार में मिट्टी लगी पुरानी ईंटों का इस्तेमाल किए जाने का आरोप स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने लगाया है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल और भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत कर निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा आज से

गोपीगंज। औराई विकासखंड के बरजी कला गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। इसकी शुरुआत 14 नवंबर शनिवार से होगी। कथा में चित्रकूट के मानस मर्मज्ञ दीनानंद जी महाराज अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक एवं भाजपा के पूर्व जिला मंत्री राजनाथ मिश्रा ने बताया कि श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी।

## पत्रकार के पुत्र को मिली मौलाना की सनद

ज्ञानपुर। मुबारकपुर (आजमगढ़) स्थित अल-जामियातुल अशरफिया में हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत के उर्स पर आयोजित जश्न-ए-दस्तार फरागत में वरिष्ठ पत्रकार आफताब अंसारी के पुत्र मौलाना अरफात हुसैन अल अशरफी अल मिस्बाही की दस्तारबंदी की गई। वर्षों की मेहनत और लगन के बाद उन्हें आलिम-ए-दीन की उपाधि से नवाजा गया।

# पूर्व विधायक की स्मृति में बनेगा बस अड्डा

ज्ञानपुर। कोईरोना क्षेत्र के खैदौपुर गांव में पूर्व विधायक स्व. मुरलीधर पांडेय की स्मृति में लगभग दस लाख रुपये की लागत से निर्मित स्मृति द्वार का शुक्रवार को



विधायक विपुल दुबे ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुरलीधर पांडेय का व्यक्तित्व और योगदान हमेशा याद किया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के मान-सम्मान और विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। कई वर्षों से जिले में विश्वविद्यालय की स्थापना और पुल निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है। सराय जगदीश-धन तुलसी ओवरब्रिज सहित कई अन्य विकास परियोजनाओं को भी मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास की भावना के साथ कार्य हो रहा है। जनपद में 18 से 20 घंटे बिजली आपूर्ति, युवाओं को रोजगार, किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज और सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में नागेंद्र सिंह, अर्चना शुक्ला, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश तिवारी और बालदत्त पांडेय ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता शिवानंद

### प्रदेश में बिना भेदभाव हो रहा चौमुखी विकास-विपुल दुबे

पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रेनू पांडेय ने किया। संचालन माता स्वरूप शुक्ला ने किया। इस मौके पर कृपाशंकर पांडेय, आशीष पांडेय, संदीप तिवारी, अभिषेक पांडेय, श्यामधर मिश्र, श्याम बहादुर सिंह, रविशंकर पांडेय, राममोहन मिश्र, देवी प्रसाद और विवेक पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पशु तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, १९ पड़वा बरामद

ज्ञानपुर। औराई पुलिस ने पशु क्रुरता के खिलाफकाररवाई करते हुए पशु तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने माधोसिंह रेलवे क्रॉसिंग के पास घेराबंदी कर एक टाटा पिकअप वाहन से 19 पड़वा बरामद किए। मौके



से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप वाहन को भी सीज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में 12 नवंबर को औराई पुलिस माधोसिंह रेलवे क्रॉसिंग के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मीरजापुर की ओर से आ रहे टाटा पिकअप को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस की घेराबंदी देखकर वाहन में सवार दो लोग भाग निकले, जबकि चालक आशीष पाल निवासी पिपरीस मौजा रामेश्वरपुर, थाना भदोही को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, वाहन से बरामद 19 पड़वों में 17 काले और दो भूरे रंग के हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पिकअप का पंजीकृत स्वामी है और पशुओं की तस्करी करता है। बरामद पशु एजाज कुरैसी निवासी कुरैसनगर रामबाग, मीरजापुर के बताए गए हैं। इन्हें ककराही (मीरजापुर) से लादकर वध के उद्देश्य से बदलापुर (जौनपुर) ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पिकअप को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है। सभी पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद सुपुर्दगी में दे दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## ईंट लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

भदोही। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव में ईंट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का तो रो-रोकर बुरा हाल रहा। चंद्रेश बनवासी 40 वर्ष पुत्र पन्नालाल निवासी उमरी एक ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे। मृतक के भाई राजेश बनवासी ने बताया कि बीती रात चालक चंद्रेश ईंट लदा ट्रैक्टर लेकर उमरी गांव जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट अधिक मात्रा में लोड किया गया था। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे दबने से चालक चंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक को छह बच्चे हैं। हादसे के बाद परिवार के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के भाई ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## ड्राइवर को झपकी आने से पलटी पिकअप

कस्तूरीपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर बाजार में भदोही-दुर्गागंज मार्ग पर शुक्रवार की सुबह चालक को झपकी आने से किराना सामान लदी एक पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पिकअप में लदा किराना का सामान सड़क पर बिखर गया। हालांकि चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, पिकअप वाराणसी से किराना का सामान लादकर सुरियावां जा रही थी। कस्तूरीपुर बाजार के पास सुबह चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। पिकअप पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को वाहन से बाहर निकाला और सड़क पर बिखरे सामान को एकत्रित करने में मदद की। चालक पिंटू (35) निवासी वाराणसी को हादसे में कोई गंभीर चोट नहीं आई।

## मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

ज्ञानपुर। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों का पंजीकरण कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने विशेषकर 18-19 वर्ष के युवाओं और महिलाओं को मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए। इसके लिए ग्राम प्रधानों, पार्षदों, स्वयं सहायता समूहों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और कोटेदारों का सहयोग लिया जाएगा। राशन कार्डों के माध्यम से छूटे पात्र नागरिकों की पहचान कर उनका फार्म-6 भरवाया जाएगा। डीएम ने कहा कि जागरूकता अभियान चलाकर सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे।

## बच्चों की अश्लील सामग्री के मामले में सात गिरफ्तार

ज्ञानपुर। बच्चों से संबंधित ऑनलाइन यौन शोषण सामग्री के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए भदोही पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह पुरुष और एक महिला शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर सेल और विभिन्न थानों की संयुक्त टीम ने एनसीएमईसी से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्टों के आधार पर कार्रवाई की। ज्ञानपुर, भदोही, गोपीगंज, कोईरौना और औराई थाना क्षेत्रों में कुल सात मुकदमे दर्ज किए गए।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए २१ से चलेगा विशेष अभियान

ज्ञानपुर। विधानसभा निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत 17 नवंबर को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन के लिए 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन दिनों सभी बूथ लेबिल अधिकारी (बीएलओ) अपने निर्धारित मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची और पर्याप्त संख्या में फार्म-6, 7 एवं 8 के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा तथा अन्य पात्र नागरिक नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-6 भर सकेंगे। मतदाता सूची में पता बदलने, नाम या अन्य विवरण में संशोधन, ईपीआईसी बदलवाने और दिव्यांगजन के रूप में चिन्हांकन के लिए फार्म-8 भरना होगा। वहीं मृतक, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फार्म-7 का उपयोग किया जाएगा। आवेदन बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी अथवा तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केंद्र पर जमा किए जा सकते हैं। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी 2027 को किया जाएगा। उन्होंने पात्र नागरिकों से सूची में अपना नाम जांचने और समय से आवेदन करने की अपील की।

## प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

गोपीगंज। नगर के ज्ञानपुर रोड स्थित फूलबाग के डोनिव पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रतन शंकर जायसवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के पहले दिन वाद-विवाद और कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में खेलकूद के माध्यम से पढ़ाई को रोचक एवं उत्साहवर्धक बनाने की उपयोगिता विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। वहीं सीनियर वर्ग (कक्षा 10 से 12) के लिए विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मानव जीवन बेहतर हुआ है या जटिल, विषय पर प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कविता पाठ में बच्चों ने आकषज्र्क प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। कविता पाठ प्रतियोगिता में अनन्या वर्मा और अनिकेत पांडेय ने प्रथम, प्रताप श्रीवास्तव और चित्रांश श्रीवास्तव ने द्वितीय तथा अहकाम हुसैन और जुबेरिया फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में आस्था गिरी और श्रेयांश पांडेय प्रथम, आस्था सिंह और शौर्य त्रिपाठी द्वितीय तथा जैनब मलिक और सिंगिंध सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने चंद्रमा, रोबोट, डॉक्टर, झांसी की रानी, परी, मां सरस्वती, जवाहरलाल नेहरू, सरदार भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद सहित विभिन्न रूपों में आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में अंशिका तिवारी, सोफिया खान और आराध्या वर्मा ने प्रथम, अबू हुजैफा, रियांश गौतम और आराध्या श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## सीता स्वयंवर की रामलीला का हुआ भव्य मंचन

सुरियावां। ग्राम पूरेबदल, सांडा, सुरियावां में आयोजित रामलीला के द्वितीय दिवस कलाकारों ने सीता स्वयंवर का भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों की शानदार अभिनय क्षमता और जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा।इस अवसर पर पंडित दीनानाथ उपाध्याय, गुलाबचंद सरोज, बाबा उपाध्याय, भोलानाथ सरोज, जगन्नाथ यादव, डॉ. हीरालाल यादव, शुभम दुबे एवं डॉ. दयाशंकर दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### चारों भाइयों का भावपूर्ण मिलन देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

ज्ञानपुर। कोईरोना क्षेत्र के सुभाष नगर का प्रसिद्ध भरत मिलाप शुक्रवार की भोर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के भावपूर्ण मिलन के साथ संपन्न हुआ। चारों भाइयों के मिलन का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी ब्रह्मदेव शुक्ला उर्फ तूफानी शुक्ला ने फीता काटकर और भगवान की आरती कर किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह राजन, विनोद मिश्रा, टिंकू शुक्ला और विधायक प्रतिनिधि राजकुमार बिंद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कमेटी के संस्थापक कैलाश नारायण सिंह, अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, डॉ. महेंद्र यादव, नितिन कनौजिया, सुशील सिंह, शिवनारायण हलवाई, शिवजी यादव और लक्ष्मीनारायण यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी थाना प्रभारी शशांक बाजपेयी ने संभाली।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण

ज्ञानपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपद के 704 मतदान केंद्रों पर 1379 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनके लिए 92 सेक्टर और 10 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं, पहुंच मार्ग और संवेदनशीलता जांचने के निर्देश दिए गए। एसपी अभिनव त्यागी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस-प्रशासन के समन्वय पर जोर दिया।

## बेकाबू महंगी

खुदरा महंगीका दो वर्षोंके उच्चतम स्तर ६.०९ प्रतिशतपर पहुंचना गम्भीर चिन्ताका विषय है और इससे आम आदमीपर आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा अर्थव्यवस्थापर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय अनुमानसे भी ऊपर पहुंच गया है। इसके पूर्व २०२४ में खुदरा मुद्रास्फीति ६.२५ प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालयकी ओरसे गुरुवारको जारी आंकड़ोंके अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितम्बरमें ५.५४ प्रतिशत थी जो अक्तूबरमें बढ़कर ८.९४ प्रतिशत हो गयी। यह भी चिन्ताका विषय है कि शहरी क्षेत्रोंकी तुलनामें ग्रामीण क्षेत्रों खाद्य वस्तुओंकी महंगी अधिक हो गयी है। वस्तुत: महंगीका बढ़ना केवल बाजारमें वस्तुओंकी कीमतमें वृद्धिका मामला नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव आम आदमीकी क्रय शक्ति, घरेलू बजट, बचत, जीवन स्तर और आर्थिक सुरक्षासे है। विशेष रूपसे खाद्य पदार्थोंकी कीमतोंमें तेजीने मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग और ग्रामीण परिवारोंकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसलिए ग्रामीण परिवारोंकी आर्थिक स्थितिपर विशेष ध्यान देनेकी आवश्यकता है। भोजन, सब्जी, फल और रोजमर्राकी आवश्यक वस्तुएं हर परिवारके बजटका अनिवार्य हिस्सा हैं। इसलिए इनके महंगे होनेका प्रभाव भी तत्काल दिखायी देता है। घरेलू खर्चके लिए अब लोगोंको अपेक्षाकृत अधिक धन खर्च करना पड़ेगा। मध्यम वर्गपर दोहरा आर्थिक दबाव बढ़ेगा। बच्चोंकी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, मकानका किराया और परिवहन खर्च भी बढ़ जायगा। गरीब परिवारोंकी स्थिति और जटिल हो जायगी। आम जनताके जीवन स्तरपर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अक्तूबरमें महंगी बढ़नेके पीछे कई आर्थिक और मौसमी कारण हैं। खाद्य तेलकी कीमतोंमें उछाल, अनियमित मानसून, वर्षाका असमान होना, जलाशयोंमें पानीका स्तर और फसलोंकी उत्पादकतामें उतार-चढ़ाव खाद्य आपूर्तिको प्रभावित करते हैं। ऊर्जा और परिवहन लागत भी बढ़ी है। वैश्विक परिस्थितियां महंगी बढ़ानेमें काफी सहायक रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंकके सामने भी नयी चुनौतियां उत्पन्न हो गयी हैं। आरबीआई दिसम्बरमें पुन: रेपो रेट बढ़ा सकती है। इससे ब्याज महंगा हो जायगा। महंगीपर नियंत्रणके साथ विकासकी गति बनाये रखनेकी भी चुनौती है। आने वाले दिनोंमें निवेशपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और रुपयेपर भी दबाव बढ़ेगा। महंगीपर नियंत्रण अब प्राथमिक आवश्यकता बन गयी है। सरकार और आरबीआई दोनोंको समन्वित ढंगसे प्रभावी कदम उठाने होंगे अन्यथा स्थिति और विषम हो जायगी।

## मुंहतोड़ जवाब जरूरी

जम्मू-कश्मीरके कुलगाम जिलेमें बुधवारको सीआरपीएफ जवानोंपर घात लगाकर किये गये हमलेके बाद जम्मू संभागके किश्तवाड़ जिलामें गुरुवार सुबह एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाको चुनौती देते हुए आतंकियोंने दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या कर दी। ये दोनों अधिकारी बुधवारको दच्छन क्षेत्रसे लापता थे, जिनका गोलियोंसे छलनी शव गुरुवार तड़के सुरक्षाबलने बरामद किये। दोनोंकी सर्विस राइफलें भी गायब हैं जिससे घटनामें आतंकी हमलेका सन्देह है। दोनों एसपीओ दच्छनके कियार गांवमें स्थानीय पुलिसकी एसओजीमें तैनात थे और घटनाके दिन अपने शिविरसे धारणामारवाह स्थित सेनाकी एक चौकीकी ओर जाते समय लापता हो गये थे। इन दोनों शहीद जवानों (एसपीओ) की कई आतंकरोधी अभियानोंमें सक्रिय भूमिका रही है। स्थानीय होनेके कारण क्षेत्रकी भौगोलिक स्थितिसे अच्छी तरह परिचित थे और सेनाके साथ आतंकवाद अभियानों और गश्तमें सहयोग करते थे। घटनास्थलसे पाकिस्तान निर्मित कारतूसका मिलना इस बातका प्रमाण है कि यह आतंकी हमला है और इसमें पाकिस्तानका हाथ है। अभी इसी हफ्तेमें एक खुफिया इनपुट मिला था जिसमें कहा गया था कि गुलाम कश्मीरके सात-आठ लांच पैड पूरी तरह सक्रिय कर दिये गये हैं, तभी इस बातकी आशंका प्रबल हो गयी थी कि सीमापारसे आतंकियोंकी घुसपैठका प्रयास किया जा सकता है। हालांकि भारतीय सुरक्षा सर्तक और घुसपैठके संवेदनशील इलाकोंकी घेराबंदी भी कर ली गयी है लेकिन लगता है कुछ आतंकी पहलेसे ही घाटीमें प्रवेश कर चुके हैं और स्थानीय स्लीपर सेलकी मददसे सुरक्षित छिपे हुए हैं। आपरेशन सिन्दूर खत्म नहीं हुआ है। इस बातको कई मंचोंसे और कई बार सरकारकी ओरसे कहा जा चुका है। यह भी कहा गया है कि पाकिस्तानकी ओरसे किये गये किसी भी आतंकी हमलेको जंगका ऐलान माना जायगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तानको इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाय। आतंकियोंने अब रणनीति बदल दी है। अब वे जनताको नहीं सुरक्षाबलोंको निशाना बनानेकी रणनीतिपर चल रहे हैं, ताकि जम्मू-कश्मीरमें आतंकवादकी राखमें दबी चिंगारीको फिरसे धधका कर दहशतका माहौल बनाया जा सके। इनकी गतिविधियोंपर सतर्क निगाह रखनेकी जरूरत है।

## लोक संवाद

### सर्दियोंमें ब्रेन स्ट्रोकका बढ़ता खतरा

महोदय,- ठंडके मौसममें ब्लड प्रेशर बढ़ना, खूनका गाढ़ा होना और शरीरकी रक्त नलिकाओंका सिकुड़ना स्ट्रोकका प्रमुख कारण बनता है। ब्रेनमें होने वाली ब्लड क्लॉटिंगकी वजह भी ब्रेन हेमरेजका कारण बन सकती है। एथेरोस्क्लेरोसिसकी वजहसे भी ब्रेन हेमरेजका खतरा बढ़ता है। ब्रेन स्ट्रोक आपके शरीरको कई तरहसे प्रभावित कर सकता है। इसे एक तरहसे आप लकवा भी कह सकते हैं। यह समस्या ५० सालसे अधिक उम्र वाले लोगोंमें देखनेको मिलती है। लेकिन बीते कुछ सालोंमें ३० से ३५ सालसे कम उम्र वाले लोगोंमें भी यह दिक्कत देखनेको मिल रही है। मेडिकल टर्ममें इसे इंट्राक्रानियल हेमरेजके नामसे जाना जाता है। ब्रेन हेमरेजको लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर यह कैसे होता है। ब्रेन हेमरेजके कई कारण हो सकते हैं। जैसे, कार दुर्घटना, सिरपर किसी तरहकी चोट लगनेसे ब्रेन हेमरेज हो सकता है। हाई बीपीकी वजहसे भी दिमागकी नसोंको जो ब्लड वेसेल्सकी दीवारोंको नुकसान पहुंचा सकता है और ब्लड वेसेल्सकी ब्लीडिंग या फटनेका कारण बन सकता है। ब्रेनमें होने वाली ब्लड क्लॉटिंगकी वजह भी ब्रेन हेमरेजका कारण बन सकती है। दिमागकी नसोंकी दीवारोंके अन्दर अमाइलाइड प्रोटीन यानी सेरेब्रल अमाइलॉइड एंजियोपैथीकी वजहसे भी ब्रेन हेमरेज होता है। ब्रेन ट्यूमर जो दिमागके टिश्यूपर दबाव डालता है इससे भी ब्लीडिंग हो सकती है और ब्रेन हेमरेज हो जाता है। जब ब्रेनको सही मात्रामें आक्सीजन नहीं मिल पाती है तो दिमागके सैल्स मरने लगते हैं। ऐसेमें शरीरकी गतिविधियां प्रभावित होने लगती हैं। जिसे इंट्राक्रानियल हेमरेज या सेरेब्रल हेमरेज कहा जाता है। ऐसेमें यदि तीनसे चार मिनटसे अधिक समयतक आक्सीजनकी कमी हो जाय तो इससे दिमागकी नसें बुरी तरहसे प्रभावित होती है। ऐसेमें शरीरके किसी भागमें लकवा मारना, शरीरका कोई हिस्सा सुन्न होना या कमजोरी होना। खाने-पीनेमें कठिनाई होना, आंखोंकी रोशनीपर असर पड़ना, दौरे पड़ना और सिरदर्द होना, इसकी वजह इनसानकी मौत भी हो सकती है। ब्रेन हेमरेजसे बचना है तो हमेशा अपना बीपी चैक करवाते रहें। खासकर हाई बीपीके मरीजको तो अकसर अपना बीपी चैक करवाते रहना चाहिए। हाई कोलेस्ट्रॉलको कंट्रोल करनेके लिए वजन कंट्रोलमें रहना बेहद जरूरी है। ऐसेमें शराब कम पियें साथ ही साथ हेल्दी डाइट लें और रोजाना एक्सरसाइज करें। डायबिटीज है तो शुगरको हमेशा कंट्रोलमें रखें। सर्दियोंमें ब्रेन स्ट्रोकका खतरा इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इस मौसममें खून गाढ़ा हो जाता है। जिसके कारण ब्लडपर प्रेशर पड़ता है। ब्लड प्रेशरके मरीजोंको ब्रेन स्ट्रॉकका खतरा बढ़ता है। ब्लड प्रेशर ज्यादा होनेपर दिमागकी नसें फट सकती हैं या उसमें रुकावट पैदा हो सकती है। सर्दीके मौसममें बीपीको कंट्रोलमें रखना बेहद जरूरी है। ब्रेन स्ट्रोकके मरीजको तीन घंटेके अंदर अस्पताल ले जाना बेहद है जरूरी। किन लोगोंको बचकर रहनेकी जरूरत है टाइप-२ डायबिटीजके मरीज, हाई बीपीके मरीज, जिन लोगोंका ज्यादा वजन है, जिन लोगोंका कॉलेस्ट्रोल बढ़ा हुआ है। **-के. जैन, वाया ईमेल।**

# भारतकी घेराबंदीकी कोशिशमें तुर्किये

**मक्का पैक्टमें यदि बंगलादेश शामिल होता है तो भारत और पाकिस्तानके बीच युद्धकी स्थितिमें ढाकाको इस्लामाबादका पक्ष लेना होगा। हालांकि बंगलादेशका इसमें शामिल होनेका कोई भी कदम भारतीय सहयोगको मुश्किल बना सकता है। यह भारतके लिए खतरेकी घंटी है।**

**❐ पुष्परंजन**

बंगलादेशके प्रधानमंत्री तारिक रहमान तुर्कियेके अंताल्यामें हैं। कॉन्फ्रेंस आफ द पार्टीज (सीओपी३१) के शिखर सम्मेलनमें उनका आना एक औपचारिकता और रस्मों-उल्फत निभाने जैसा नहीं है। यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) का ३१वां वार्षिक सत्र है। इस सम्मेलनकी मेजबानी तुर्किये कर रहा है। सम्मेलनका मुख्य मकसद वैश्विक तापमान वृद्धिको १.५ डिग्री सेल्सियसतक सीमित रखनेके प्रयासोंकी समीक्षा करना है। केन्द्रीयमंत्री भूपेन्द्र यादव जलवायु वार्तामें भारतके प्रतिनिधिमंडलका नेतृत्व कर रहे हैं। एर्दोआनसे रिश्ते बेहतर होते तो संभवत: प्रधान मंत्री मोदी वहां जाते। तुर्कियेके राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआनने १० नवम्बरको तुर्कियेके अंताल्यामें बंगलादेशसे संबंधोंको मजबूत करनेके लिए एक द्विपक्षीय बैठक की। लगभग तीस मिनटकी बैठकमें विदेशमंत्री डा. खलीलुर रहमान और विदेश मामलोंके राज्य मंत्री हुमायूं कोबीर भी मौजूद थे। विदेश सचिव सलाहुद्दीन नोमान चौधरीने बताया कि बंगलादेशकी मुख्य प्राथमिकताओं में अनुकूलनके लिए वित्त जुटाना, नुकसान और क्षतिके मुद्दोंको संबोधित करना और विकसित देशों द्वारा जलवायु वित्तके लिए किये गये वादोंको प्रभावी ढंगसे लागू कराना शामिल है।




**दक्षिण एशियाके छोटे-छोटे देशोंमें राजनीतिक बदलावोंके बीच तुर्कियेने बंगलादेश और मालदीवके साथ अपने कूटनीतिक, मानवीय और रक्षा संबंधोंको तेज किया है। ये छोटे देश भारत और चीनके बीच संतुलन बनानेके लिए तुर्कियेको एक नये विकल्पके रूपमें देख रहे हैं, जिसका लाभ अंकारा अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए उठा रहा है। एर्दोआनकी पहली प्राथमिकता दक्षेसके मुस्लिम सदस्य देशोंको साधनेकी रही है, जिनमें पाकिस्तान, बंगलादेश, मालदीव और अफगानिस्तान उसके लक्ष्यमें हैं।**

विदेश सचिवने बताया कि सम्मेलनके दौरान जूट उत्पादोंके उपयोग और प्रचार-प्रसारको लेकर बंगलादेश और तुर्कियेके बीच एक संयुक्त घोषणापत्रपर हस्ताक्षर होनेकी भी उम्मीद है। लेकिन असली कार्ड अभी खोला नहीं गया है। क्या बंगलादेश, 'मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट' का हिस्सा बनना चाहता है। मक्का संयुक्त रक्षा समझौता सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्कियेके बीच ७ अगस्त, २०२६ को मक्कामें हुआ एक त्रिपक्षीय रक्षा समझौता है। नाटोके अनुच्छेद-५ की तर्जपर किये गये समझौतेपर गौर कीजिए, जिसके अनुसार, तीनों देशों (सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये) मेंसे किसी एकपर भी किया गया सशस्त्र हमला तीनोंपर हमला माना जायगा। मक्का समझौतेके तहत तीनों देश आपसमें खुफिया जानकारी साझा करेंगे, रक्षा उत्पादन और हथियारोंके निर्माणमें एक-दूसरेकी मदद करेंगे और आतंकवादके खिलाफ संयुक्त रूपसे काम करेंगे। मक्का पैक्टमें यदि बंगलादेश शामिल होता है तो भारत और पाकिस्तानके बीच युद्धकी स्थितिमें ढाकाको इस्लामाबादका पक्ष लेना होगा। यह भारतके लिए खतरेकी घंटी है। बंगलादेशके विदेशमंत्री खलीलुर रहमानने पिछले दिनों संसदमें एक सवालके जवाबमें कहा था, 'हम इस पैक्टको पॉजिटिव नजरियेसे देखते हैं।' जब बंगलादेशी नेताओं और राजनयिकोंके कमेंट्सके हवालेसे पूछा गया तो भारतने कहा कि इस पैक्टका उसकी राष्ट्रीय सुरक्षापर असर पड़ेगा और वह हालातपर करीबसे नजर रख रहा है। हालांकि बंगलादेशका इसमें शामिल होनेका कोई भी कदम भारतीय सहयोगको मुश्किल बना सकता है। दोनों देशों के बीच ४,०९६ किलोमीटरकी जमीनी सीमा है और उनके बीच मजबूत सांस्कृतिक-आर्थिक रिश्ते हैं। इन रिश्तोंमें कैसे दरार आये, इसका प्रयास एर्दोआन पाकिस्तानके सहयोगसे करने लगे हैं। ढाकामें नॉर्थ साउथ यूनिवर्सिटीके राजनीति विज्ञानके प्रोफेसर नवीन मुर्शिदकी धारणा है कि मक्का एग्रीमेंटके जरिये बंगलादेशको अपने साथ जोड़नेमें पाकिस्तानकी दिलचस्पी भौगोलिक और राजनीतिक वजहोंसे है। उन्होंने कहा, भारतके लिए, सिलीगुड़ी कारिडोर और उसकी पूर्वी सीमाकी सुरक्षा जरूरी बातें हैं। उन्होंने भारतके अपने उत्तर-पूर्वी राज्योंसे पतले जमीनी संपर्कका जिक्र करते हुए कहा कि उत्तरमें बंगलादेश उसे घेरे हुए है। उन्होंने समझाया कि ऐसे हालातमें बंगलादेशको साफ तौरपर यह तय करना होगा कि वह इस अलायंसमें शामिल होकर क्या करेगा और क्या नहीं करेगा। लेकिन ढाकामें रहने वाले पूर्व राजनयिक एम. हुमायूं कबीरको बंगलादेशके इस समझौतेमें शामिल होनेका कोई कारण नहीं दिखता। उनकी टिप्पणी थी, बंगलादेश पिछले ५० से ५५ वर्षोंमें किसी भी सैन्य गठबंधनमें शामिल नहीं हुआ है। जहांतक मेरा सवाल है, मेरा मानना है कि आज भी यह रुख बदला नहीं है।

क्या वास्तवमें पूर्व राजनयिक एम. हुमायूं कबीर जो सोच रहे हैं, वह सही है। ऐसा लगता नहीं। बंगलादेशमें राजनीतिक बदलावोंके बाद, एर्दोआन प्रशासनने ढाकाके साथ अपने संबंधोंको काफी मजबूत किया है। बंगलादेशने तुर्कियेसे सैन्य उपकरण खरीदे हैं, जिनमें बायराक्तार टीबी-२ ड्रोन, टीआरजी-३०० मिसाइल सिस्टम, कोबरा बख्तरबंद वाहन और बोरान होवित्जर तोपें शामिल हैं। इसके साथ ही दोनों देश रक्षा उपकरणोंके संयुक्त उत्पादन और औद्योगिक सहयोगपर भी काम कर रहे हैं। तुर्कियेके राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआन और बंगलादेशके प्रधान मंत्री तारिक रहमानकी अंताल्यामें हुई मुलाकातको औपचारिक मत मानिये। इस दौरान उन्होंने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रोंमें आपसी सहयोग बढ़ानेपर चर्चा की। प्रधान मंत्री रहमानने एर्दोआनको बंगलादेशकी आधिकारिक यात्राके लिए भी आमंत्रित किया है। तुर्कियेका लक्ष्य २०३० तक दुनियाके शीर्ष रक्षा निर्यातकोंमें शामिल होना है। इसके लिए वह दक्षिण एशियाई साझेदारियोंका उपयोग प्रमुख बाजारों और उत्पादन केन्द्रोंके रूपमें कर रहा है।

एक बात तो सुनिश्चित है एर्दोआन हिन्द महासागर क्षेत्रमें अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए 'इस्लामिक एकजुटता', 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) के पक्ष वाले विमर्श और सुरक्षा सहायताका सहारा ले रहे हैं। इसके जरिये वे मुस्लिम जगतमें मौजूद प्रतिद्वंद्वी शक्ति संरचनाओंको चुनौती भी देना चाहते हैं। तुर्कियेने रोहिंग्या शरणार्थी मुद्देपर लगातार बंगलादेशका समर्थन किया है। एर्दोआनने कॉक्स बाजारमें मानवीय सहायता पहुंचायी और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय तथा इस्लामिक सहयोग संघटन (ओआईसी) में भी ढाकाके रुखका समर्थन किया है। विशेषज्ञोंका मानना है कि एर्दोआन खुदको वैश्विक मुस्लिम समुदाय (उम्माह) के एक प्रमुख संरक्षक और नेताके रूपमें स्थापित करना चाहते हैं।

इसके लिए वे कश्मीर, रोहिंग्या संकट और फिलस्तीन जैसे मुद्दोंको संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर प्रमुखतासे उठाते हैं, ताकि पारम्परिक खाड़ी देशों (जैसे सऊदी अरब) के समानांतर अपना प्रभाव बना सकें। दक्षिण एशियाके छोटे-छोटे देशोंमें राजनीतिक बदलावोंके बीच तुर्कियेने बंगलादेश और मालदीवके साथ अपने कूटनीतिक, मानवीय और रक्षा संबंधोंको तेज किया है। ये छोटे देश भारत और चीनके बीच संतुलन बनानेके लिए तुर्कियेको एक नये विकल्पके रूपमें देख रहे हैं, जिसका लाभ अंकारा अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए उठा रहा है। एर्दोआनकी पहली प्राथमिकता दक्षेसके मुस्लिम सदस्य देशोंको साधनेकी रही है, जिनमें पाकिस्तान, बंगलादेश, मालदीव और अफगानिस्तान उसके लक्ष्यमें हैं।

# लोकसंस्कृतिकी जीवन्तताका महापर्व

**किसी पर्वकी पहचान केवल उसकी धार्मिक मान्यताओंसे नहीं बनती, बल्कि उससे जुड़े जीवन-मूल्यों, लोकपरम्पराओं और सामूहिक संवेदनाओंसे भी बनती है। छठ महापर्व इसका एक सुन्दर उदाहरण है।**

**❐ महेन्द्र तिवारी**

छठ महापर्वका मूल आधार सूर्योपासना और प्रकृतिके प्रति कृतज्ञता है। सूर्यको जीवन, ऊर्जा और प्रकाशका स्रोत माना गया है। इस पर्वमें सूर्यके साथ छठी मैयाकी आराधना की जाती है। लोकमान्यताके अनुसार छठी मैया संतानोंकी रक्षा करती हैं और परिवारमें सुख, समृद्धि तथा आरोग्य प्रदान करती हैं। इस पर्वकी सबसे विशिष्ट बात यह है कि इसमें केवल उगते सूर्यकी ही नहीं, बल्कि अस्त होते सूर्यकी भी उपासना की जाती है। संसार जहां प्राय: उगते सूर्यको प्रणाम करता है, वहीं छठ हमें अस्त होते सूर्यके प्रति भी सम्मान व्यक्त करना सिखाता है। चार दिनोंतक चलने वाला यह महापर्व नहाय-खायसे आरम्भ होता है। दूसरे दिन खरनाके अवसरपर व्रती पूरे दिन उपवास रखती हैं। इसके बाद लगभग छत्तीस घंटेका निर्जला व्रत आरम्भ होता है। तीसरे दिन संध्याके समय किसी जलाशयके किनारे अस्ताचलगामी सूर्यको अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन प्रात:काल उदीयमान सूर्यको अर्घ्य अर्पित करनेके साथ व्रतका समापन होता है। बांसके सूप और दउरेमें सजे फल, नारियल, गन्ना, ठेकुआ और अन्य प्रसाद इस पर्वकी पारम्परिक पहचान हैं। छठके वैश्विक विस्तारके पीछे प्रवासी भारतीयोंकी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा, रोजगार, व्यापार और बेहतर जीवनकी तलाशमें बिहार तथा पूर्वांचलके लाखों लोग दुनियाके अलग-अलग देशोंमें पहुंचे हैं। वे अपने साथ अपनी भाषा, लोकगीत, खान-पान और सांस्कृतिक परम्पराएं भी ले गये। यही कारण है कि आज मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, नेपाल, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर और खाड़ी देशोंमें छठ मनाया जाता है। भारत सरकारके संस्कृति मंत्रालयने भी सितंबर २०२५ में छठके अंतरराष्ट्रीय स्वरूपको रेखांकित करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सूरीनाम और नीदरलैंडके राजनयिक प्रतिनिधियोंके साथ इसकी बहुराष्ट्रीय मान्यताके लिए विचार-विमर्श किया था। मारीशसमें छठकी परम्परा विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। यहां भारतीय मूलके लोगोंकी बड़ी आबादी है, जिनकी सांस्कृतिक स्मृतियोंमें बिहार और पूर्वांचलकी परम्पराएं आज भी जीवित हैं। फिजी और सूरीनाममें भी भारतीय मूलके परिवार इस पर्वको अपनी सांस्कृतिक विरासतके रूपमें संजोये हुए हैं। नेपालके तराई क्षेत्रमें छठकी परम्परा अत्यंत प्राचीन और व्यापक है। संयुक्त राज्य अमेरिकाके न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, टेक्सास और अन्य क्षेत्रोंमें भारतीय समुदाय सामूहिक रूपसे इस पर्वका आयोजन करता है। ब्रिटेनके लंदन, बर्मिंघम और लीसेस्टरमें भी छठके अवसरपर श्रद्धालु एकत्र होते हैं।

विदेशोंमें छठ मनाना आसान नहीं होता। भारतके गांवोंकी तरह हर जगह नदी, तालाब या पारम्परिक घाट उपलब्ध नहीं हैं। कहीं कृत्रिम जलकुंड बनाये जाते हैं तो कहीं झीलों और सार्वजनिक जलाशयोंके किनारे पूजाकी व्यवस्था की जाती है। बांसके सूप, मिट्टीके दीपक और अन्य पारम्परिक पूजन सामग्री जुटाना भी चुनौतीपूर्ण होता है। इसके बावजूद श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य और उपलब्ध संसाधनोंके अनुसार परम्पराओंका निर्वाह करते हैं। यह दृश्य बताता है कि संस्कृति केवल भौगोलिक परिस्थितियोंकी मोहताज नहीं होती, वह मनुष्यकी आस्था और संकल्पसे जीवित रहती है। इस वैश्विक विस्तारका एक भावनात्मक पक्ष भी है। विदेशोंमें रहने वाले अनेक लोगोंके लिए छठ अपने गांव, घर, परिवार और बचपनकी स्मृतियोंसे मिलनेका अवसर है। विशेष बात यह है कि विदेशोंमें पली-बढ़ी नयी पीढ़ी भी अपने माता-पिता और दादा-दादीसे इस पर्वकी परम्पराएं सीख रही है। इस प्रकार छठ पीढ़ियोंके बीच सांस्कृतिक संवादका माध्यम बन रहा है। छठका महत्व केवल धार्मिक आस्थातक सीमित नहीं है। इसमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सामुदायिक सहयोगके गहरे संदेश निहित हैं। सूर्य, जल, धरती और प्रकृतिके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला यह पर्व हमें प्राकृतिक संसाधनोंके महत्वका बोध कराता है। इसमें भव्य मंदिरों, महंगी सजावट और दिखावेकी आवश्यकता नहीं होती। नदी, तालाब, जल और स्वच्छ वातावरण ही पूजाके प्रमुख आधार हैं। घाटोंपर जाति, वर्ग और आर्थिक स्थितिके भेदभावको पीछे छोड़कर लोग एक साथ खड़े होते हैं। इस दृष्टिसे छठ सामाजिक समरसता और सामूहिक उत्तरदायित्वका भी उत्सव है।

छठको अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक पहचान दिलानेकी दिशामें भारत सरकारने महत्वपूर्ण पहल की है। संस्कृति मंत्रालयने इसे मानवताकी अमूर्त सांस्कृतिक विरासतकी प्रतिनिधि सूचीमें शामिल करानेके लिए बहुराष्ट्रीय नामांकनकी प्रक्रिया शुरू की। अगस्त २०२६ में भारत सरकारने राज्यसभामें जानकारी दी कि छठ महापर्वका नामांकन दस्तावेज यूनेस्कोको भेजा जा चुका है। इस पहलमें मॉरीशस सहित अन्य देशोंकी भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। हालांकि नामांकन भेजा जाना और अंतिम मान्यता प्राप्त होना अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं, लेकिन यह कदम छठकी वैश्विक सांस्कृतिक महत्ताको स्वीकार करनेकी दिशामें उल्लेखनीय है। इससे पर्वकी परम्पराओंका व्यवस्थित अभिलेखन, संरक्षण और भावी पीढ़ियोंतक उनका हस्तांतरण सुनिश्चित करनेमें सहायता मिलेगी। आज जब दुनिया सांस्कृतिक टकराव, पर्यावरण संकट और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियोंसे जूझ रही है, तब छठका सन्देश पहलेसे अधिक प्रासंगिक दिखाई देता है। यह पर्व हमें प्रकृतिके प्रति विनम्रता, जीवनके प्रति कृतज्ञता, कठिन साधनाके प्रति निष्ठा और समाजके प्रति सहयोगका भाव सिखाता है। इसमें आस्था है, लेकिन आडंबर नहीं, अनुशासन है, लेकिन प्रदर्शन नहीं, सामूहिकता है, लेकिन भेदभाव नहीं। छठ अब केवल बिहार या पूर्वांचलकी पहचान नहीं रह गया है। यह भारतीय लोकसंस्कृतिका ऐसा प्रकाशपर्व बन चुका है, जिसकी आभा महाद्वीपोंकी सीमाएं पार कर रही है। दुनियाके किसी भी कोनेमें जब कोई व्रती जलमें खड़ी होकर डूबते सूर्यको अर्घ्य देती है तो उसके हाथोंमें केवल पूजाका सूप नहीं होता, बल्कि अपनी मिट्टी, अपने पुरखों और अपनी सांस्कृतिक विरासतके प्रति अटूट प्रेम भी होता है। सच तो यह है कि छठका सूर्य भले ही अलग-अलग देशोंके आकाशमें अस्त और उदित होता हो, लेकिन उसके प्रति श्रद्धाका भाव पूरी मानवताको एक सूत्रमें बांधनेकी क्षमता रखता है।

**आत्मबोध**

## आत्मा और परमात्मा

**❐ श्रीराम शर्मा**

पुरातन कालमें एक अपराजित हेय दैत्य कृतवीर्यके आतंकसे दसों दिशाओंमें हाहाकार मच गया था। देवता और मनुष्योंमेंसे कोई उससे लोहा ले सकनेकी स्थितिमें नहीं था। सभी असहाय बने जहां-तहां अपनी जान बचाते फिरते थे। उपाय ब्रह्माजीने सोचा। भगवान शंकरको एक प्रतापी पुत्र उत्पन्न करनेके लिए सहमत किया। वही इस प्रलय दूतसे लड़ सकता था। कार्तिकेय स्वामी जन्मे। अग्निने उन्हें गर्भमें रखा। कृतिकाओंने पाला और इस योग्य बनाया कि वह अकेला ही चुनौती देकर कृतवीर्यको परास्त कर सके। ऐसा ही हुआ भी और संकट टलनेका सुयोग आया था। इस पौराणिक उपाख्यानमें कितना सत्य और कितना अलंकार है यह कहना कठिन है, परन्तु प्रस्तुत विभीषिकाएं सचमुच ही ऐसी हैं, जिन्हें कृतवीर्यके आतंक तुल्य ठहराया जा सके। जो सामने हैं, उनकी परिणति महाप्रलय होने जैसी मान्यता हर विचारशीलकी बनती जा रही है। अणु युद्धकी विभीषिका किसी भी दिन साकार हो सकती है और इस धरतीपर विषाक्तताके अतिरिक्त और कुछ बचनेके आसार नहीं हैं। बढ़ती जनसंख्याके लिए निर्वाह साधन अगले दिनों भी मिलते रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है। अन्न, जल ही नहीं, शुद्ध वायुतक मिलना संभव न रहेगा। लोग भूख, प्यास, घुटनसे दम तोड़ेंगे। व्यक्तिको स्वास्थ्य, संतोष, सुरक्षा, संपदा सभीसे वंचित होना पड़ेगा। अनाचारकी मान्यता देनेवाले समाजमें स्नेह, सहकार और न्यायके लिए क्या स्थान रहनेवाला है। विशृंखलित और विग्रही समाजका कोई भी सदस्य चैनसे न रह सकेगा। इन परिस्थितियोंका विवेचन हर क्षेत्रके मूर्धन्य विचारशील कर रहे हैं और एक स्वरमें इस निष्कर्षपर पहुंच रहे हैं कि समय रहते न चेता गया तो मनुष्य जातिको सामूहिक आत्महत्याके लिए बाधित होना पड़ेगा। इस प्रसंगमें शास्त्रकार, दिव्यदर्शी, ज्योतिषी, भविष्यवक्ता भी अपने-अपने तर्क प्रमाण प्रस्तुत करते हुए यह घोषित करते हैं कि दुर्दिनोंकी विपत्ति बेला अब कुछ ही दिनोंमें आ धमकनेवाली है। बढ़ते तापमानसे ध्रुव पिघलने, समुद्र उफनने और हिम युग वापस लौटने जैसी चर्चाएं आये दिन सुननेको मिलती रहती हैं। कोई चाहे तो इन परिस्थितियोंकी कृतवीर्य महादैत्यके समयसे तुलना कर सकता है, जो किसीके भी झुकाये न झुक पा रहा है। ऐसे समयमें अध्यात्म शक्ति ही कारगर होती रही है। विश्वामित्रका यज्ञ जिसकी रक्षा करने राम, लक्ष्मण गये थे, सामयिक आतंकको टालनेकी पृष्ठभूमि बनानेके लिए ही किया गया था। दधीचिके अस्थिदानके पीछे भी यही उद्देश्य था। कार्तिकेय जैसी अध्यात्म क्षमता उत्पादित करनेके प्रयत्नोंके साथ किसी प्रकार संगति बैठानी हो तो प्रज्ञा परिजनों द्वारा संचालित प्रज्ञा पुरश्चरणसे बैठ सकती है, जिसमें चौबीस लाख व्यक्ति एक समयपर एक विधानसे वातावरण संशोधनकी साधना करते हैं। इसीकी एक कड़ी इस अनुभव प्रयासके साथ जुड़ती है, जिसमें एकांतवासके साथ उग्र तपश्चर्या करनेका निर्धारण है।

# बच्चोंमें बढ़ती आक्रामकता

**❐ प्रमोद कुमार वाजपेयी**

पिछले दिनों बच्चोंके हिंसक और असामान्य व्यवहारसे जुड़ी कई घटनाएं सामने आयीं। मध्य प्रदेशके मंदसौर जिलेमें एक १२ वर्षीय लड़कीने चार सालके बच्चेको छतपर बनी पानीकी टंकीमें डुबो दिया। वहीं, पंचकूलाके एक सरकारी स्कूलमें छह वर्षीय बच्चीके साथ हुई बर्बरताकी खबरने संवेदनशील समाजको भीतरतक झकझोर दिया। आखिर इतनी कम उम्रमें बच्चोंमें इतना गुस्सा कहांसे आ रहा है। स्कूल परिसरमें एक मासूम बच्चीकी सुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं हो सकी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आज बचपन पहलेकी तुलनामें अधिक असुरक्षित होता जा रहा है। पंचकूलाकी घटनामें पीड़ित बच्चीकी पीड़ा और उसके भविष्यपर पड़ने वाले प्रभावके साथ हिंसा करने वाले आठ वर्षीय बच्चेके व्यवहारको समझना भी जरूरी है। बच्चीको न्याय, सुरक्षा और मनोवैज्ञानिक सहयोग मिलना चाहिए, लेकिन हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चेके परिवेश और मन:स्थितिकी पड़ताल भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चा परिवार और परिवेशमें जो देखता है, उसे अपने व्यवहारमें उतारनेकी कोशिश करता है। दरअसल बाल हिंसाकी अवधारणा किसी बच्चेके साथ मारपीट या यौन शोषणतक सीमित नहीं है। इसमें शारीरिक दंड, मानसिक प्रताड़ना, अपमान, धमकी, भावनात्मक उपेक्षा, बुलिंग, बाल श्रम, तस्करी और डिजिटल माध्यमोंसे होने वाला शोषण भी शामिल है। हिंसा घर, विद्यालय और डिजिटल दुनियामें भी होती है। बच्चोंकी डिजिटल माध्यमोंतक पहुंच तेजीसे बढ़ी है, लेकिन सुरक्षा और मार्गदर्शनके उपाय उस अनुपातमें विकसित नहीं हुए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संघटनके मई २०२६ के तथ्यपत्रके अनुसार विश्वमें दोसे १७ वर्ष आयु वर्गके लगभग एक अरब बच्चे पिछले एक वर्षमें शारीरिक, यौन या भावनात्मक हिंसा अथवा उपेक्षाका अनुभव कर चुके हैं। यह समस्या किसी देश, संस्कृति या आर्थिक वर्गतक सीमित नहीं है। भारतकी स्थिति भी चिन्ताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरोके अनुसार, वर्ष २०२३ में बच्चोंके विरुद्ध अपराधके १,७७,३३५ मामले दर्ज हुए, जो वर्ष २०२२ के १,६२,४४९ मामलोंकी तुलनामें ९.२ प्रतिशत अधिक थे। बाल हिंसाका सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि हिंसाका भुक्तभोगी बच्चा कई बार स्वयं हिंसक व्यवहार करने लगता है। घरमें मारपीट, गाली-गलौज, अपमान और भयका वातावरण बच्चेके मनपर गहरी छाप छोड़ता है। वह ताकतके इस्तेमालको अपनी बात मनवानेका तरीका समझने लगता है और अपने भीतरके अभाव, हताशा एवं आक्रोशको दूसरे बच्चोंपर उतार सकता है। आज परिवारोंकी संरचना, जीवनशैली और प्राथमिकताओंमें तेजीसे बदलाव आया है। माता-पिताकी व्यस्तता, प्रतिस्पर्धाका दबावए पारिवारिक कलह और बच्चोंके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बितानेका अभाव एक नयी चुनौती बनकर उभरे हैं। कई बार माता-पिता बच्चोंकी भौतिक आवश्यकताओंको पूरा करना ही अपनी जिम्मेदारी समझ लेते हैं, जबकि उनकी भावनात्मक जरूरतों, असुरक्षाओं और मनमें चल रहे द्वंद्वको समझनेके लिए समय नहीं निकाल पाते।

डिजिटल माध्यमोंने इस चुनौतीको और जटिल बना दिया है। मोबाइल गेम, सोशल मीडिया, हिंसक वीडियो और इंटरनेटपर उपलब्ध अनुपयुक्त सामग्री बच्चोंकी सोच और व्यवहारको प्रभावित कर सकती है। समस्या तब गम्भीर हो जाती है, जब ऐसी सामग्रीपर कोई नियंत्रण न हो और बच्चा वास्तविक एवं आभासी दुनियाके अन्तरको समझनेमें कठिनाई महसूस करे। विद्यालयोंकी भूमिका भी केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने और परीक्षा परिणाम सुधारनेतक सीमित नहीं रह सकती। स्कूलोंमें सुरक्षित वातावरण, प्रशिक्षित शिक्षक, प्रभावी निगरानी और शिकायत निवारणकी व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए।

पंचकूलाके जिस स्कूलमें घटना घटी, वहां ८०० बच्चे और २० शिक्षक हैं, लेकिन घटना वाले दिन १२ शिक्षक अनुपस्थित थे। यानी उस दिन प्रभावी रूपसे प्रति सौ बच्चोंपर केवल एक शिक्षक उपलब्ध था। इतने शिक्षकोंका एक साथ अनुपस्थित होना चिन्ताजनक है। भारतमें बाल संरक्षणके लिए किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और शिक्षाका अधिकार अधिनियम जैसे कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। आवश्यकता इनके प्रभावी क्रियान्वयनकी है। स्कूलोंमें नियमित मनोवैज्ञानिक परामर्श, व्यवहार संबंधी कठिनाइयोंकी समय रहते पहचान, शिक्षकोंका संवेदनशील प्रशिक्षण और अभिभावकोंके लिए सकारात्मक पालन-पोषण संबंधी कार्यक्रम विकसित किये जाने चाहिए। बच्चोंको यह विश्वास होना चाहिए कि वे किसी भी भय, दुर्व्यवहार या परेशानीके बारेमें बिना डरे किसी विश्वसनीय वयस्कको बता सकते हैं। हिंसाके शिकार बच्चोंके लिए शारीरिक उपचारके साथ दीर्घकालीन मनोवैज्ञानिक सहयोगकी व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरी ओर हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चोंके मामलेमें भी उनकी उम्र, मानसिक परिपक्वता, पारिवारिक परिस्थितियों और व्यवहार संबंधी समस्याओंको ध्यानमें रखते हुए विशेषज्ञोंकी सहायता ली जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो और हिंसक प्रवृत्ति वाले बच्चोंको समय रहते समझकर संभाला जा सके। सवाल केवल यह नहीं है कि बच्चे हिंसाके शिकार क्यों हो रहे हैं। सवाल यह भी है कि हम उन्हें ऐसा बचपन देनेमें क्यों असफल हो रहे हैं, जिसमें हिंसाकी जगह संवेदना, भयकी जगह विश्वास और आक्रामकताकी जगह संवाद हो।

## नई खबर...

### बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्डअश्योर लॉन्च

बंधन ग्रुप की लाइफ इंश्योरेंस शाखा, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्डअश्योर लॉन्च किया है। यह एक बचत बीमा योजना है, जो माता-पिता को कोचिंग कक्षाओं और कॉलेज की फीस से लेकर करियर की शुरुआत तक, अपने बच्चे के सपनों और भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार होने में मदद करती है। यह योजना गारंटीकृत वार्षिक आय प्रदान करती है, जिसके बाद आय अवधि के अंत में एकमुश्त करियरस्टार्ट बेनिफिट मिलता है। इससे माता-पिता को अपने बच्चे की शिक्षा और करियर के लक्ष्यों के लिए बचत करने में मदद मिलती है। माता-पिता अपनी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार 8, 10 या 12 वर्ष की प्रीमियम भुगतान अवधि चुन सकते हैं और बच्चे की पात्र आयु जन्म से 21 वर्ष तक हो सकती है। भविष्य के प्रीमियम की छूट और इंटरनेशनल सेकंड मेडिकल ओपिनियन सेवा जैसी कई सुविधाओं से युक्त यह योजना माता-पिता को अपने बच्चे के भविष्य की तैयारी अधिक आत्मविश्वास और मानसिक शांति के साथ करने में मदद करती है। लॉन्च के अवसर पर बंधन लाइफ के एमडी एवं सीईओ, सतीश्वर बी. ने कहा,हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा पूरे आत्मविश्वास और आजादी के साथ अपने सपने पूरे करे। उस भविष्य की तैयारी में वर्षों की बचत लगती है। माता-पिता यह भरोसा भी चाहते हैं कि किसी अनहोनी के बाद भी उनकी मेहनत से की गई बचत बच्चे के काम आती रहे। बंधन लाइफ आईगारंटी चाइल्डअश्योर गारंटीड लाभों के साथ आर्थिक सुरक्षा देता है, ताकि परिवार अधिक भरोसे के साथ योजना बना सकें। यह माता-पिता को बच्चे के सपनों के लिए बचत करने और उन योजनाओं को सुरक्षित रखने में मदद करता है।

### डेटॉल ने पेश किया नया डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश

हैंडवॉश के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और हाथों की स्वच्छता के तरीकों को बेहतर बनाने में अग्रणी ब्रांड डेटॉल ने आज नए डेटॉल ओरिजिनल फोमिंग हैंडवॉश को लॉन्च करने की घोषणा की। पिछले कई दशकों से डेटॉल विज्ञान आधारित नवाचार और कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के जरिए भारत में हाथों की स्वच्छता से जुड़ी आदतों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब डेटॉल का लोकप्रिय ओरिजिनल हैंडवॉश एडवांस्ड फोमिंग फॉर्मेट में उपलब्ध होगा। इसके साथ ही डेटॉल फोमिंग हैंडवॉश की रेंज में डेटॉल ओरिजिनल की खास और लोकप्रिय खुशबू भी शामिल हो गई है। लॉन्च के अवसर पर रेकिट के साउथ एशिया हेल्थ विभाग के रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर गुंतास मुदगल ने कहा पीढ़ियों से परिवार कीटाणुओं से भरोसेमंद सुरक्षा के लिए डेटॉल ओरिजिनल पर भरोसा करते आए हैं।

### फॉर्च्यून सोयाबीन ऑयल अपना नया कैंपेन घर का खाना, घर की छठ किया लॉन्च

एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के प्रमुख खाद्य तेल ब्रांडों में से एक फॉर्च्यून सोयाबीन ऑयल ने छठ पूजा के अवसर पर अपना नया कैंपेन 'घर का खाना, घर की छठ' लॉन्च किया है। यह कैंपेन घर, खानपान, पारिवारिक परंपराओं और अपने घर, परिवार और परंपराओं की ओर लौटने की खुशी के बीच भावनात्मक रिश्ते को दर्शाता है। बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड की सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा यह कैंपेन अपनों के साथ छठ मनाने की यादों और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं को फिर से जीने के एहसास को सामने लाता है। कैंपेन पर टिप्पणी करते हुए एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के ज्वाइंट प्रेसिडेंट (सेल्स एवं मार्केटिंग) मुकेश मिश्रा ने कहा छठ पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि एक ऐसी भावना है, जो परिवारों को एक साथ लाती है और लोगों को उनकी जड़ों, बचपन की यादों और परंपराओं से दोबारा जोड़ती है। 'घर का खाना, घर की छठ' के जरिए हम घर की याद, घर लौटने की खुशी और खानपान व त्योहारों के बीच के खास रिश्ते का जश्न मनाना चाहते हैं।

### मैरिको ने अपनी प्रमुख सीएसआर शिक्षा पहल को नया रूप देते हुए निहार शांति मज़बूती की पाठशाला का अनावरण किया

आगामी बाल दिवस के अवसर पर, भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनियों में से एक, मैरिको लिमिटेड ने अपनी प्रमुख शिक्षा-केंद्रित सीएसआर पहल को नई पहचान देने की घोषणा की। इसके तहत निहार शांति पाठशाला फनवाला अब निहार शांति मज़बूती की पाठशाला के नाम से जानी जाएगी। यह परिवर्तन निहार शांति के बदलते उद्देश्य के अनुरूप है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें ऐसे मज़बूत फैसले लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है, जिनसे उनके परिवारों को लाभ मिले और बेहतर भविष्य का निर्माण हो। पिछले कई वर्षों से यह कार्यक्रम वंचित समुदायों के बच्चों की बुनियादी शिक्षा और शैक्षणिक परिणामों को बेहतर बनाने पर केंद्रित रहा है। इसका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सार्थक बदलाव लाना है। विभिन्न पहलों के माध्यम से इस कार्यक्रम ने अब तक 1.26 लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है और लगभग 12.69 लाख विद्यार्थियों को लाभ पहुँचाया है। वित्त वर्ष 2025-26 में ही इस पहल से 3,500 से अधिक बच्चों 3-6 वर्ष आयु वर्ग, 260 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं और 1,500 से अधिक अभिभावक लाभान्वित हुए हैं। मैरिको लिमिटेड के चीफ लीगल ऑफिसर, ग्रुप काउंसिल एवं सचिव, सीएसआर समिति, अमित भसीन ने कहा, शिक्षा में न केवल किसी बच्चे का भविष्य संवारने, बल्कि परिवारों और समुदायों को भी सशक्त बनाने की शक्ति है।

### अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने 3,050 करोड़ रुपए में इंटेलीस्मार्ट का किया अधिग्रहण

नयी दिल्ली। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) से 3,050 करोड़ रुपए में इंटेलिस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण कर लिया है। इस सौदे से अडानी समूह की कंपनी की स्मार्ट मीटरिंग क्षेत्र में मौजूदगी बढ़ेगी। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इस 3,050 करोड़ रुपए के सौदे में इंटेलीस्मार्ट की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी का अधिग्रहण और एनआईआईएफ के पास मौजूद इंटेलीस्मार्ट के वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र का भुगतान शामिल है। इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर बिजली के लिए उन्नत %मीटरिंग% बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराती है और देश में कुछ स्मार्ट गैस मीटर भी लगाती है। शेयर बाजार को दी गई सूचना में अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने कहा कि उसने एनआईआईएफ और ईईएसएल से इंटेलीस्मार्ट की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इसके साथ ही, एनआईआईएफ के पास मौजूद इंटेलीस्मार्ट के वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्र का भुगतान भी कर दिया गया है। इससे पहले, 30 अक्टूबर को निष्पक्ष व्यापार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। एक निश्चित सीमा से अधिक के सौदों के लिए नियामक की मंजूरी जरूरी होती है। यह नियामक अनुचित कारोबारी गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। इस साल जून में अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने घोषणा की थी कि उसने इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए बाध्यकारी प्रतिभूति खरीद एवं अभिदान समझौता किया है। एनआईआईएफ भारत का संप्रभु समर्थन प्राप्त वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक है, जबकि ईईएसएल बिजली मंत्रालय के तहत प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का संयुक्त उद्यम है। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) देश में बिजली पारेषण एवं वितरण तथा उन्नत मीटरिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना के कारोबार में है। यह उद्योगपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह का हिस्सा है।

# घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफा वसूली से शुरुआती कारोबार में गिरावट



मुबंई। घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बाजारों में तीन सत्र की तेजी के बाद मुनाफावसूली और अक्टूबर में खुदरा महंगाई बढ़कर 6.09 प्रतिशत होने के बाद अगले महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से नीतिगत दर बढ़ाए जाने की आशंका के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 460 अंक टूटकर 81,441.17 अंक पर और एनएसई निफ्टी 179.05 अंक फिसलकर 25,119.50 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। वहीं, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में तेजी रही। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में कारोबार कर रहे हैं जबकि जापान का निक्की 225 और चीन का एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहा। अमेरिकी शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव 0.44 प्रतिशत फिसलकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 7,830.60 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 31.61 अंक और निफ्टी 44.30 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.49 अरब डॉलर बढ़कर 719.547 अरब डालर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.49 अरब डॉलर बढ़कर 719.547 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.691 अरब डॉलर घटकर 717.056 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना (एफसीएनआर-बी) के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, छह नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 23.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 591.35 अरब डॉलर हो गया।

## दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से दलहनों में अरहर, चना, मसूर व उड़द के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि पूछपरख बनी रहने से गेहूं व इसके उत्पादों में मजबूती का रुख रहा। सप्लाई कमजोर होने से बिनौला, राइसब्रान ऑयल व सरसों तेल के भाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर के भाव 100/200 रुपये तथा खांडसारी के भाव 300/400 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। जबकि चीनी में मांग कमजोर होने कारोबार सुस्त रहा। किराना जिंसों में मांग बढने से जीरा, लाल मिर्च व सौंफ के भाव 500 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। जबकि उठाव न होने से मगजतरबूज में 15 रुपये किलो की गिरावट रही। मेवों में उठाव न होने से बादाम के भाव 500 रुपये प्रति 40 किलो व इसकी गिरी के भाव 50 रुपये प्रति किलो टूट गए।

**अनाज-दाल**

फ्लोर मिलों की मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से गेहूं मिल डिलीवरी के भाव 2910/2915 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 2920/2925 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से बासमती चावल की कीमतों में स्थिरता रही। जबकि दाल मिलों की मांग कमजोर होने तथा आयातकों की बिकवाली से अरहर के भाव 200/250 रुपये घटकर रंगून 10050/10100 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। उठाव न होने से रंगूनी उड़द एसक्यू 10450/10480 से गिरकर 10250/10300 रुपये तथा एफएक्यू 9750/9800 रुपये से घटकर 9600/9650 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। इसके समर्थन में उड़द दाल भी 200 रुपये घटकर 11400/13300 रुपये रह गई। **तेल-तिलहन**- सप्लाई कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की लिवाली बढने से सरसों तेल 150 रुपये बढ़कर 18500 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। तेल मिलों की मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से सरसों के भाव भी 9250/9300 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। रिफाइंड वालों की मांग बढने तथा हरियाणा से आपूर्ति कमजोर होने से बिनौला तेल 100 रुपये बढ़कर 14200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। राइसब्रान ऑयल भी पूछपरख बढने से 50 रुपये बढ़कर 12300 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। आयातकों की बिकवाली घटने तथा वनस्पति घी निर्माताओं की मांग से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल के भाव 11150 रुपये प्रति क्विंटल टिके रहे। **गुड़-चीनी**- सरकार द्वारा नवंबर माह के दूसरे पखवाड़े के लिए 13 लाख टन का कोटा आबंटित किए जाने एवं मांग कमजोर होने से हाजिर चीनी 100 रुपये घटकर 6000/6300 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। शक्कर भी मांग कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से 100/200 रुपये मुलायम होकर 5800/6000 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक कमजोर होने से गुड़ 100/200 रुपये बढ़कर पेड़ी 5400/5500 रुपये तथा ढैया के भाव 5700/5800 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। खांडसारी भी बिकवाली कमजोर होने से 300/400 रुपये बढ़कर 6800/7000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

**किराना-मेवे**

स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने तथा मांग बढने से जीरा 500 रुपये बढ़कर 30600/31300 रुपये तथा सौंफ 15500/29000 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बिकवाली कमजोर होने से लाल मिर्च की कीमतों में भी मजबूती का रुख रहा। जबकि ऊंचे भाव पर मांग घटने से हल्दी 100 रुपये मुलायम होकर ईरोड गट्ठा 24500/24600 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मगजतरबूज भी मांग के अभाव में 15 रुपये घटकर 630/635 रुपये प्रति किलो पर आ गया। मेवों में आयातकों की बिकवाली बढने से बादाम 500 रुपये घटकर कैलिफोर्निया 26000/27000 रुपये तथा गुरबंदी बादाम 500/800 रुपये घटकर 30000/30200 रुपये प्रति 40 किलो रह गया। त्यौहारी मांग समाप्त होने के कारण मांग सुस्त पडने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया 50 रुपये घटकर 850/930 रुपये प्रति किलो रह गई। **सर्राफा**- विदेशों के मंदे समाचार आने तथा मांग कमजोर होने से सोना 1800 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 3000 रुपये प्रति किलो नीचे आ गए। अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना के चलते निवेशकों की लिवाली कमजोर होने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना 58 डॉलर घटकर 3898 डॉलर प्रति ओंस रह गया। विदेशों में आई नरमी के चलते सोना 1800 रुपये घटकर किलोबार 139900 रुपये तथा स्टैंडर्ड 140600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 8 ग्राम वाली गिन्नी भी मांग कमजोर होने से 2000 रुपये घटकर 104000 रुपये पर आ गई। विदेशों में चांदी के भाव 130 सेंट घटकर 5010 सेंट प्रति ओंस रह जाने से चांदी हाजिर 3000 रुपये घटकर 185000 रुपये प्रति किलो रह गई। चांदी वायदा भी लिवाली कमजोर होने से 182500 से लुढक़कर 178500 रुपये रह गया। चांदी सिक्का भी मांग कमजोर होने से 2100/2200 रुपये प्रति नग पर सुस्त रहा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0: पीआरवाईजे-सिग- 045-2026-27 दिनांक: 11.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 01.12.2026 को 12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.** पीआरवाईजे-सिग-045-2026-27 | **अनुमानित मूल्य (₹):** 95,44,332/- |
| **कार्य का विवरण:** सूबेदारगंज में दस यूनिट टाइप-VI क्वार्टर और लोको कॉलोनी, प्रयागराज में दो यूनिट टाइप-V क्वार्टर के निर्माण के संबंध में दूरसंचार का कार्य। | |
| **बिड सिक्योरिटी (₹):** 1,77,800/- | **निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹):** 0/- |
| **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह | **निविदा बन्द होने की तिथि:** 08.12.2026 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **12.30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **2574/26(K)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बलिया वृत्त, लो.नि.वि., बलिया

**पत्रांक:**- 4881(i)/निविदा (नि.ख.)-बलिया वृत्त/2026 **दिनांक:**- 06.11.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए.बी' सेतु श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | जनपद बलिया में एन0एच0-31 से पाण्डेयपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नई पुलिया के निर्माण का कार्य। | 88.06 | 6.41 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 2590.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए.बी |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in से दिनांक-26.11.2026 से को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-03.12.2026 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-03.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-03.12.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(केशरी प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:- 260804
दिनांक:- 12.11.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

**पत्रांक:**- 5183/53एम.-मी.वृत्त/2026-27 **दिनांक:**- 07.11.2026

**द्वितीय बार अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर द्वारा लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में **"ए, बी" एवं "सी"** श्रेणी में **मार्ग कार्य** में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में सम्पूर्ण अर्हता रखता है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | अनुरक्षण लागत | कुल लागत | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| द्वितीय बार मुख्यमंत्री ग्राम योजनान्तर्गत ग्रामीण मार्गो के नवनिर्माण/पुनर्निर्माण/मिसिंग लिंक के निर्माण कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | | | |
| 1 | मीरजापुर | दामोदरपुर बंधवा मार्ग से बंधवा ब्राम्हण एवं बिन्द बस्ती होते हुए मितई मार्ग तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 83.98 | 2.10 | **86.08** | **6.30** | निविदा मूल्य 300.00+2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0 आनलाईन भुगतान कुल रू0 2720.00 मात्र। | 06 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मीरजापुर। | मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर। | मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर। | A,B |
| 2 | मीरजापुर | अर्जुनपुर से जलालपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 90.64 | 2.27 | **92.92** | **6.65** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |
| 3 | मीरजापुर | उचडीह में पी0डब्लू0डी0 सड़क से गोसाई बन्धी तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 175.60 | 4.40 | **179.99** | **11.00** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |
| 4 | मीरजापुर | महुआडाड में रामकैलाश के घर से सुदामा के घर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 133.71 | 3.35 | **137.06** | **8.85** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |
| 5 | मीरजापुर | रमईपट्टी कनौराघाट मार्ग से अर्जुनपुर सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 67.66 | 1.69 | **69.36** | **5.47** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B,C |
| 6 | मीरजापुर | सुपन्था में शंकर शरण उपाध्याय से काली सड़क के आगे पतली झोर तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 155.30 | 3.89 | **159.19** | **9.96** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |
| 7 | मीरजापुर | सखौरा वीरशाहपुर मार्ग से लच्छापट्टी सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 114.47 | 8.61 | **123.08** | **8.15** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |
| 8 | मीरजापुर | नदना में पड़री सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 97.87 | 2.45 | **100.32** | **7.02** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |
| 9 | मीरजापुर | सगरा में भगहवा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित) | 110.97 | 2.78 | **113.75** | **7.69** | -तदैव- | 06 माह | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | A,B |

1. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0-9 के अनुसार होगी।
2. निविदा की बैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी।
3. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नहीं ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं विड डाक्यूमेन्ट (T-2) ऑनलाईन दिनांक 19.11.2026 से दिनांक 26.11.2026, 12:00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
6. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन **प्रहरी सॉफ्टवेयर** से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी विड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

**नोट :-** ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(अशोक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मीरजापुर

(डी0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.:- 260833
दिनांक:- 12.11.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय नगर पंचायत बहादुरगंज, जनपद गाजीपुर

पत्रांक:-1332/न0प0ब0-ई-निविदा/2026-27 दिनाँक-12.11.2026

**शुद्धि पत्र ई-निविदा सूचना हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बहादुरगंज, गाजीपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों) में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत बहादुरग.ज, गाजीपुर को प्राप्त धनराशि से निकाय में जलापूर्ति हेतु ट्यूबवेल बोरिंग अधिष्ठापन एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा सूचना दैनिक समाचार पत्र "दैनिक जागरण एवं आज समाचार,, पत्र में प्रकाशित करायी गयी थी। उक्त ई-निविदा सूचना के सापेक्ष अपरिहार्य तकनीकी कारणों से ई-निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर निविदा प्रकाशित नहीं हो सकी थी।

अतः उक्त कार्य हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण एवं नियम/शर्तें वेबसाइट पर दिनांक-13.11.2026 को अपराह्न 02:00 बजे से देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | नगर पंचायत बहादुरगंज | फर्म/ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 13-11-2026 02:00 PM | 14-12-2026 05:00 PM |
| 2 | | Tender Download & Bid Submission | 13-11-2026 02:00 PM | 14-12-2026 05:00 PM |
| 3 | Tender Opening | | 15-12-2026 11:00 AM | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बहादुरगंज
गाजीपुर।

प्रशासक
नगर पंचायत बहादुरगंज
गाजीपुर।

# डाला छठः नहाय-खाय संग चार दिवसीय महापर्व की हुई शुरुआत

चंदौली। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में डाला छठ महापर्व मनाया जा रहा है जिसकों लेकर पिछले एक हफ्ते से घाटों पर श्रद्धालु जगह छेकने के तैयारी के साथ लगे हुए है। जिसकी शुरूआत शुक्रवार को शुरू हुई। धानापुर प्रतिनिधिनुसार- धरती पर नजर आने वाले प्रत्यक्ष देव भगवान सूर्य देव की उपासना से जुड़े पर्व डाला छठ की शुरूआत 13 नवंबर शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुई । जबकि समापन कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि सोमवार 16 नवंबर को। इसे लेकर आधी आबादी तैयारियां शुरू कर दिया है। उधर, बाजारों में पूजन सामग्री की दुकानें सज गईं हैं। जहां पर धानापुर, सकलडीहा, चहनिया, कमालपुर आदि बाजारों से आए सामानों की बिक्री हो रही है। बता दें कि सुख,समृद्धि और खुशहाली के लिए सृष्टि के नियंता भगवान सूर्य देव की महिमा अपरंपार है। सूर्य षष्ठी के व्रत से कौरवों को अपना खोया हुआ राज पाठ एवं वैभव प्राप्त हुआ था। एक मान्यता यह भी है कि कार्तिक शुक्ल षष्ठी की सूर्यास्त तथा सप्तमी तिथी सूर्योदय के मध्य वेद माता गायत्री का प्रादुर्भाव हुआ था। ऐसा भी पौराणिक मान्यता है कि भगवान राम के वनवास से लौटने पर राम और सीता ने कार्तिक शुक्ल षष्ठी के दिन उपवास रखकर प्रत्यक्ष भगवान सूर्य देव की आराधना कर सप्तमी के दिन व्रत पूर्ण किया था। इस साल 13 नवंबर शुक्रवार चतुर्थी तिथि को सात्विक भोजन जिसमें कद्दू और लौकी की सब्जी, चने की दाल तथा हाथ की चक्की से पीछे हुए गेहूं के आटे की पूड़ियां ग्रहण नहा, खाए के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। अगले दिन शनिवार को सायंकाल स्नान ध्यान के पश्चात प्रसाद ग्रहण करते हैं। जो धातु या मिट्टी के बर्तनों में बनाया जाता है। प्रसाद के रूप में नए चावल से बने गुड़ की खीर ग्रहण किया जाता है। जिसे अन्य भक्तों में भी वितरित करते हैं खरना का प्रसाद ग्रहण कर तत्पश्चात षष्ठी के दिन सायंकाल अस्ताचल अस्त होते हुए सूर्य को पूर्ण श्रद्धा भाव से अर्घ्य देकर उनकी पूजा की जाएगी। कमालपुर प्रतिनिधिनुसार- स्थानीय कस्बा में छठ पूजा पर्व पर भारी संख्या में भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक भारी वाहनों के आवागमन रोकना जनहित में नेक काम है। गुरुवार को सकलडीहा में उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कृष्ण मुरारी शर्मा के नेतृत्व में थाना परिसर में छठ पूजा पर्व को लेकर बैठक की गई जिसमे सकलडीहा में भारी वाहनों का छठ पूजा पर्व को ध्यान में रखते हुए दिन में भारी वाहनों के आवागमन पर नो एंट्री रखने का निर्णय लिया गया। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता ने द्वय अधिकारी का ध्यान कमालपुर कस्बा की तरफ आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि कमालपुर जनपद की एक मानी जानी प्रतिष्ठित मार्केट है।

दूर दराज से ग्राहक कस्बा में खरीदारी करने के लिए आते हैं। सकलडीहा सड़क फोर लेन है जब कि कमालपुर सड़क टू लेन है। बिहार और गाजीपुर जाने आने वाले भारी वाहन कमालपुर कस्बा से होकर ही सकलडीहा के लिए जाते हैं। छठ पर्व सकलडीहा ही नहीं अपितु पूरे देश में जोर शोर से मनाएं जा रहे हैं। इस संबंध में नरसिंह अग्रहरि, श्रीकांत साहू, अरुण कुमार, अरविंद वर्मा, विपिन रस्तोगी, शकील अहमद लालजी यादव, रवी अग्रहरि, शिवपूजन जायसवाल, पवन रस्तोगी, मुखलाल प्रजापति, मुकेश राम आदि ने बताए कि दिन में भारी वाहनों के आवागम से कस्बा में भयंकर जाम की स्थितियां बनी हुई है। पुलिस चाह कर भी जाम छुड़ाने में असमर्थ है।

## छठ पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग





## राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में योग जागरुकता कार्यक्रम

**बबुरी।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से एक भव्य योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आचार्य पंडित अभिषेक पांडेय ने विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। आचार्य अभिषेक पांडेय ने बच्चों को सूर्य नमस्कार, वज्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन सहित कई आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम की विधियों से भी परिचित कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत होता है और एकाग्रता, आत्मविश्वास और स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में मोबाइल और तनाव से दूर रहने के लिए योग सबसे अच्छा माध्यम है। बच्चों को प्रतिदिन सुबह कम से कम 30 मिनट योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। विद्यालय के एमडी डायरेक्टर प्रवीण रुस्तम, वाइस चेयरमैन शाह आलम, प्रधानाचार्या विभा सिंह एवं उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे।



### मिशन शक्ति के तहत बिछड़े दम्पती को मिलाया

**चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना चंदौली मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा ऱ्मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत बिछड़े दम्पतियों को मिलाकर एक परिवार के बीच पुन: खुशियां लौटाने का लगातार सार्थक प्रयास किया किया जा रहा है। 13 नवम्बर को ऐसे ही 01 परिवार से पति व परिजनों के विरुद्ध पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों को जरिये नोटिस/मोबाइल द्वारा सूचित कर थाना चंदौली मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलाकर पारिवारिक मूल्यों एंव महत्व को बताते हुए अथक प्रयास से समझाया बुझाया गया। दोनों पक्षों आपसी सहमति एवं बिना किसी जोर दबाव के अपनी बीती हुई बातों/गलतियों को स्वीकार कर नये सिरे से पुन: पतिध्पत्नी की तरह एक दूसरे का सम्मान करते हुये रहने को तैयार हुये। मिशन शक्ति केन्द्र थाना चंदौली से दम्पति के बीच पारिवारिक विवाद को समाप्त कराते हुये टूटते हुये रिश्ते को बचाते हुये पति/पत्नी को परिजनों के साथ राजी खुशी भेजा गया।

## निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क

**चंदौली।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप आगामी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष,शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वल्नरेबिल (संवेदनशील) एवं क्रिटिकल (अतिसंवेदनशील) मतदेय स्थलों के चिन्हांकन के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान करने की बारीकियों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मतदेय स्थलों का निर्धारण पूरी तरह पारदर्शिता के साथ किया जाए,ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था के पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी। आगामी चुनाव को लेकर प्रसाशन अपने हर स्तर पर चुनाव कि तैयारी में लगा हुआ है। जिससे आगामी चुनाव को सकुशल सम्पन्न हो सके।

## संक्षिप्त

### डाला छठ पूजा का चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**मुगलसराय।** मानसरोवर तालाब पर सूर्य की सवारी के रूप में साथ घोड़े नगर भ्रमण के लिए छोड़े गए तथा सूर्य मंदिर पर 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ हुई साथ ही छठ पूजा में प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ी चूल्हा बनाने के लिए नई ईट की व्यवस्था पूजा के लिए नारियल वितरण किया गया भगवान भास्कर की सवारी को झंडी संगठन के संरक्षक सतीश यादव अपने पत्नी के साथ झंडी दिखाने का कार्य किया नगर भ्रमण में जीटी रोड होते हुए दामोदरदास पोखरा, सुभाष नगर पोखरा, राम जानकी पोखरा, अलीनगर मुगलचक पोखरा, होते हुए मानस कॉलोनी डीजल कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, परशुरामपुर वापस मानसरोवर तालाब पर नगर भ्रमण का कार्य समापन किया गया।

### नोनार माइनर की सफाई को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**सकलडीहा।** पीथापुर गांव में नोनार माइनर की सफाई नहीं होने पर किसानों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि सकलडीहा-फुल्ली-पीथापुर होते हुए नोनार तक जाने वाली माइनर नहर की अब तक ठीक से सफाई नहीं हुई है। इसके कारण खेतों तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा और धान की फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने कहा कि वे हर साल नहर की सफाई की मांग करते हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते। इससे उन्हें लगातार परेशानी हो रही है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द नहर की सफाई कराने और सिंचाई व्यवस्था ठीक करने की मांग की, ताकि फसल बचाई जा सके। इस मौके पर विरोध जताने वालों में उदय नारायण राजभर, पिंटू राज, अनिल सिंह, रमेश राजभर, नागेंद्र राजभर, दिनेश राजभर, राधेश्याम राय, मिद्धू समेत अन्य लोग प्रदर्शन में शामिल रहे।

### मां काली पोखरे पर अंतिम दौर में सफाई अभियान

**चकिया।** डाला छठ महापर्व को लेकर नगर स्थित मां काली जी पोखरे पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जय मां काली सेवा समिति एवं युगांधर सेवा समिति के संयुक्त प्रयास से पिछले 15 दिनों से चलाया जा रहा साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण अभियान अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। शुक्रवार को समिति के कार्यकर्ताओं ने पोखरे के घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पानी में जमी शैवाल को हटाने के साथ घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। वहीं घाटों की सुंदरता बढ़ाने के लिए रंग-रोगन का कार्य भी कराया गया। समितियों के सदस्य छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां पूरी करने में जुटे हुए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि छठ महापर्व पर व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। वहीं कलर्स जायसवाल ने भी आयोजन को लेकर अपनी बात रखी। समिति अध्यक्ष गुरुदेव चौहान ने बताया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति की ओर से नि:शुल्क साउंड, लाइट, चाय और रात्रि विश्राम के लिए टेंट की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, चाचा ने जतायी हत्या की आशंका

**मुगलसराय।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। युवक 10 तारीख की रात एक हॉस्पिटल से ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहा था,लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। अगले दिन सुबह उसका शव एक महाविद्यालय के पास मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक के चाचा ओमप्रकाश चौबे ने बताया कि 10 तारीख की रात करीब आठ बजे युवक नगर स्थित एक हॉस्पिटल से ड्यूटी समाप्त कर निकला था। घर से निकलने के दौरान उसकी अपनी मां से फोन पर बातचीत भी हुई थी। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने कई बार उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि युवक को जहर या कोई अन्य जहरीला पदार्थ देकर उसकी हत्या की गई है। उन्होंने घटना को लेकर बनाई जा रही कहानी पर भी सवाल उठाते हुए पूरे मामले की गहन जांच और न्याय की मांग की है।

### चोरी पुलिस के लिए चुनौती,जनता में दहशत

**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। चोर बेखौफ होकर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं,जबकि आमजन अपनी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कस्बा सहित आसपास के गांवों में चोरी की घटनाओं से दहशत का माहौल है। धीना थाना क्षेत्र के जनौली मोड़ पर पास शुक्रवार की रात चोरों ने मनोज अग्रहरि पुत्र केशव अग्रहरि की किराना दुकान को निशाना बनाया। चोर दुकान के पीछे पहले दिवाल तोड़कर घुसना चाहे पर सफल न होने पर बांस की सीढ़ी बनाकर छत पर चढ़े और दरवाजा तोड़कर नीचे उतर गए। इसके बाद गलियारे का दरवाजा तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। सीसी कैमरे का स्विच ऑफ किए। चोरों ने दुकान में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद और हजारों रुपये कीमत के खाने-पीने के सामान पर हाथ साफ कर दिया।

## एसपी ने 'जनता दर्शन' में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**चन्दौली।** आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के क्रम में 13 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल द्वारा पुलिस कार्यालय में 'जनता दर्शन' (जनसुनवाई) का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उन्हें न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पीड़ितों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उन्हें न्याय दिलाना चन्दौली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फरियादियों द्वारा दिए गए प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) तथा थाना प्रभारियों से दूरभाष पर वार्ता की और प्रकरणों के त्वरित व पारदर्शी निराकरण हेतु कड़े निर्देश दिए।

## बाइक सांड़ से टकरायी, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**सकलडीहा।** कस्बे में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क पर बैठे सांड से बाइक टकरा जाने के कारण उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और फिर वहाँ से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, दिवाकरपुर गांव के रहने वाले सुदामा राय 30 और राजेश राय 35 गुरुवार शाम सकलडीहा से अपने गांव दिवाकरपुर जा रहे थे। रास्ते में अंधेरा था और सामने से आ रहे किसी वाहन की हेडलाइट की तेज चमक के कारण उनकी बाइक सड़क पर बैठे छुट्टा पशु (सांड) से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी और दोनों युवक सड़क पर जा गिरेए जिससे उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास के स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में भी स्थिति में सुधार न होने पर दोनों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि सकलडीहा कस्बे में स्टेट हाईवे पर छुट्टा पशुओं का बैठना और घूमना आम बात हो गई है, जिसके कारण आए दिन इस तरह के गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं।

## ददरी मेले में दिखेगा चंदौली के घोड़े का जलवा

**सैयदराजा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौबतपुर के पूर्व ग्राम प्रधान अजय सिंह का घोड़ा इन दिनों खास चर्चा का विषय बना हुआ है। उत्तर प्रदेश की धरती से निकलकर यह घोड़ा अब बलिया के प्रसिद्ध ददरी मेले में अपनी रफ्तार और दमखम का प्रदर्शन करने जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पूर्व प्रधान अजय सिंह का यह घोड़ा बलिया में आयोजित ददरी मेले में बिहार के चर्चित बाहुबली अनंत सिंह के घोड़ों के साथ दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होगा। इस मुकाबले को लेकर घोड़ा प्रेमियों और क्षेत्रीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नौबतपुर गांव के लिए यह गौरव और उत्सुकता का विषय है कि चंदौली की धरती का घोड़ा बलिया के मैदान में अपनी पहचान बनाने जा रहा है। अब सभी की निगाहें ददरी मेले की इस रोमांचक घुड़दौड़ पर टिकी हुई हैं। घुड़दौड़ केवल रफ्तार का खेल नहीं, बल्कि घोड़े की फुर्ती, ताकत, प्रशिक्षण और उसके मालिक की मेहनत का भी परिचय देती है। ऐसे में अजय सिंह का घोड़ा जब बिहार के चर्चित घोड़ों के बीच मैदान में उतरेगा, तो मुकाबला और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है। अब देखना यह होगा कि नौबतपुर का यह घोड़ा बलिया की धरती पर अपनी रफ्तार का कैसा जलवा बिखेरता है और उत्तर प्रदेश का नाम किस तरह रोशन करता है।



## चार साल से डाक्टर विहीन पशु चिकित्सालय

**इलिया।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने और किसानों की आय दोगुनी करने के दावों के बीच इलिया पशु चिकित्सालय की बदहाल तस्वीर सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोल रही है। पिछले चार वर्षों से अस्पताल में स्थायी पशु चिकित्सक की तैनाती नहीं है, जबकि तीन साल से कंपाउंडर का पद भी रिक्त पड़ा है। दवाओं के अभाव में पशुओं का उपचार तक मुश्किल हो गया है। इससे आक्रोशित किसानों और पशुपालकों ने शुक्रवार को किसान विकास मंच के बैनर तले अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन कर विभागीय व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की। किसान विकास मंच के अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय के नेतृत्व में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि इलिया और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में किसान पशुपालन के जरिए अपनी आजीविका चलाते हैं। पशुओं के बीमार पड़ने पर सरकारी अस्पताल में चिकित्सक और जरूरी सुविधाएं नहीं मिलने से पशुपालकों को निजी चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। चार वर्षों से स्थायी चिकित्सक और तीन वर्षों से कंपाउंडर की तैनाती नहीं होना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। प्रदर्शन के बाद किसान विकास मंच की ओर से नायब तहसीलदार निर्मल चंद भारती तथा डॉ. सुजीत कुमार को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि पशु चिकित्सालय की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान किसान विकास मंच के अध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, रामअवध सिंह, एकलाख, अशोक द्विवेदी, सुरेश मौर्य, दूधनाथ, चंद्रशेखर, राजीव सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान और पशुपालक मौजूद रहे।

## चौराहे पर जाम का झाम, तीन दिनों से राहगीर बेहाल

**चहनियां।** लोक आस्था के महापर्व डाला छठ पूजा को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पर्व की तैयारियों के बीच लोग पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में बाजारों का रुख कर रहे हैं। इसके चलते चहनियां चौराहे पर पिछले तीन दिनों से भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। सैदपुर, सकलडीहा, धानापुर और बलुआ मार्ग पर करीब 200 मीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। राहगीरों को घंटों जाम में फंसकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चौराहे पर यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी महज दो पुलिसकर्मियों के भरोसे है। ऐसे में चार प्रमुख मार्गों से आने-जाने वाले वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करना पुलिसकर्मियों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। जाम के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जाम में फंसे राहगीरों का कहना है कि डाला छठ जैसे बड़े पर्व को देखते हुए प्रशासन को पहले से ही यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी करनी चाहिए थी। बाजार में भीड़ बढ़ने की संभावना पहले से थी, इसके बावजूद पर्याप्त पुलिसकर्मियों की तैनाती और यातायात नियंत्रण के लिए ठोस इंतजाम नहीं किए गए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चहनियां चौराहे पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए और प्रमुख मार्गों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि पर्व के दौरान लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।



### मां काली पोखरे का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**चकिया।** छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर तहसीलदार देवेंद्र कुमार यादव ने शुक्रवार को नगर स्थित मां काली पोखरे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा के लिए घाटों पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए,ताकि छठ पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो सके।

## आस्था के महापर्व छठ पर नहरों में पानी चलवाने की मांग

**धानापुर।** आगामी छठ पूजा के मद्देनजर क्षेत्र दर्जनो गाँवो की महिलाये छठ पर्व पर नहरों के किनारे बेदी बनाकर नहर में खडी होकर व्रत करती है मगर इस वर्ष नहरों में पानी की कमी के चलते छठ पर्व करने में दिक्क़त होंगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से नहरों में पानी चलवाने की मांग की है । गौरतलब है कि लोक आस्था का पर्व आगामी 15 व 16 नवंबर को पड़ रहा है जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है स व्रतीयों के परिजनों द्वारा नहरों कि किनारे साफ सफाई कर के साथ वेदी बनाया गया है मगर इस वर्ष नहरों में पानी की कमी रहने से पूजा में दिक्कतो का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों क़ा कहना है जनपद के नरायनपुर, बलुआ, रायपुर, भूपौली आदि कैनालो से जुडी नहरे है जिसके किनारे छठ पूजा मनाया जाता है । भूपौली नहर से उसके आस पास दर्जनो से ज्यादा गांव स्थित है जिसमे मुख्य रूप से महरखा, अमरीपुर, मथेला, बेलवानी, खोनपुर, भलेहता, प्रभुपुर, सेवड़ी मदई हुदहुदीपुर, मोहरगंज, खरखोलिया सीता पोखरी निदिलपुर, किशुनपुरा, जगदीशपुर, हसीपुर बम्हनियाँव रायपुर सिहावल कुसुम्ही, रमरजाई, कवलपुरा सहित दर्जनो गाँवो की व्रती महिलाये नहरों में ख़डी होकर डूबते व उदियमान सूर्य को अर्घ्य देती है । मगर इस वर्ष नहर में पानी नहीं छोड़े जाने से छठ पूजा करने में समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय लोगो में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से नहरों में तत्काल पानी चलवाने की मांग की है ।



## पोखरे में मिले महिला के शव की फेसबुक से हुई पहचान

**चकिया।** नगर के मां काली मंदिर पोखरे में मिले अज्ञात महिला के शव की गुत्थी शुक्रवार को सुलझ गई। सोशल मीडिया फेसबुक पर तस्वीर देखने के बाद मृतका के बेटे ने शव की पहचान अपनी मां राधिका देवी 46 के रूप में की। महिला की पहचान होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गौरतलब है कि गुरुवार की सुबह मां काली मंदिर पोखरे के पास टहलने पहुंचे लोगों की नजर पानी में उतराए महिला के शव पर पड़ी थी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोखरे से बाहर निकलवाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। महिला ने लाल-पीले रंग की छिंटदार साड़ी पहन रखी थी और गले में काले धागे से एक चाबी लटकी हुई थी। शुक्रवार को फेसबुक पर शव की तस्वीर सामने आने के बाद शहाबगंज थाना क्षेत्र के भूसीकृत पुरवा निवासी राजू चौहान ने अपनी मां के रूप में पहचान की। राजू चौहान, रामधनी चौहान के पुत्र हैं। परिजनों ने बताया कि राधिका देवी 10 नवंबर को दोपहर करीब तीन बजे घर से अपने मायके ग्राम शेरपुर, मोहम्मदाबाद, थाना चकिया जाने की बात कहकर निकली थीं। वहां वह विजेंद्र चौहान के घर जाने वाली थीं, लेकिन इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। गुरुवार को पोखरे में शव मिलने की खबर से परिजन चिंतित थे। शुक्रवार को फेसबुक के माध्यम से पहचान होने पर परिवार में शोक का माहौल छा गया। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला के शव को जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवाया गया था।

## छठ पर्व पर ट्रेनों में उमड़ी यात्रियों की भीड़

**मुगलसराय।** छठ महापर्व को लेकर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। पर्व पर अपने घर पहुंचने की जल्दबाजी में बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं। इसके चलते लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ ही एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में भी यात्रियों की काफी भीड़ उमड़ रही है। ट्रेनों में जगह नहीं मिलने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सफाई व अवैध वेन्डरों द्वारा किए जा रहे मनमानी पर सवाल उठ रहा है। छठ महापर्व को लेकर दूसरे शहरों में नौकरी, व्यवसाय और पढ़ाई करने वाले लोग अपने घर लौट रहे हैं। कोई परिवार के साथ तो कोई अकेले ही घर पहुंचने की कोशिश में जुटा है। ऐसे में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ने से सफर करना मुश्किल हो गया है। जनरल कोचों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। वहीं,आरक्षित कोचों में भी यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही है। कई यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यात्रियों ने बताया कि छठ महापर्व परिवार के साथ मनाना सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे में समय से घर पहुंचना जरूरी है, लेकिन ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ के कारण सफर करना चुनौती बन गया है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। कई बार ट्रेन में जगह नहीं मिलने के कारण यात्रियों को दूसरी ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। यात्रियों ने रेल अधिकारियों से मांग की है कि छठ महापर्व को देखते हुए प्रमुख रूटों पर अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन कराया जाए।



## नाबालिग को दो युवकों पर भगा ले जाने का आरोप

बरसठी। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से शौच के लिए निकली 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई, पिता ने दो युवकों पर उसे बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है, तहरीर के आधार पर बरसठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, पिता के अनुसार, नौ नवंबर की सुबह करीब छह बजे उनकी नाबालिग बेटी घर से शौच के लिए निकली थी काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, खोजबीन के दौरान पता चला कि क्षेत्र के कचरहा (दियावां) गांव निवासी अनुराग चौहान और उसके मित्र सत्यम चौहान पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया गया, पिता ने यह भी आरोप लगाया कि बेटी के संबंध में फोन करने पर अनुराग ने उन्हें धमकी दी, पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी है।

# खाय-नहाय के साथ शुरू हुआ छठ महा पर्व

जौनपुर। छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर में फल और पूजन सामग्री की दुकानें सजने लगी हैं। बाजार में सेब, कीनू, तरबूज, अंगूर, और अन्य फल उपलब्ध हैं। दौरा की बिक्री भी बढ़ गई है। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। मंडी में जहां बेमौसमी फलों की आवक तेज हो गई वहीं, फुटकर में अभी बाजार सजने का इंतजार है।शहर के विभिन्न हिस्सों में थोक की तरह ही फुटकर बाजार भी फलों व छठ की पूजन सामग्रियों से गुलजार हो जाएगा। फलों की गाड़ियों व स्थानीय व्यापारियों से खचाखच भरी रही। खरीदारी को लेकर मंडी में बाहरी व्यापारी गाड़ियों से फल ले जाते नजर आए। फल कारोबारी ने बताया कि छठ पर्व पर बिक्री के लिए दूसरे प्रदेशों से कई गाड़ियां आ चुकी हैं। छठ में फलों की कमी न हो इसको देखते हम पर्याप्त फल स्टोर कर लिए हैं। छठ पूजा में बांस से बने दउरा और सूप का विशेष धार्मिक महत्व होता है। पूजन सामग्री



विक्रेता के अनुसार, इस साल दउरा-सूप की मांग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फल मंडी में भी फलों के दाम बढ़े हुए हैं। सेब 100 से 120 रुपये प्रति किलोग्राम, केला 60 रुपये प्रति दर्जन, अनार 120 रुपये प्रति किलोग्राम और संतरा 180 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा है। इसके अलावा, नारियल 40 से 60 रुपये प्रति नग और नींबू लगभग 5 रुपये प्रति नग बिक रहा है। छठ पूजन के लिए कई प्रकार की सामग्री की आवश्यकता होती है। इनमें नई साड़ी, बांस की दो



बड़ी टोकरियां, दूध और जल के लिए ग्लास, लोटा, थाली, चम्मच, 6 गन्ने (पत्ते सहित), शकरकंदी, सुथनी, पान, सुपारी, हल्दी, मूली, अदरक का हरा पौधा, बड़ा मीठा डाभ नींबू, शरीफा, केला, नाशपाती, सिंघाड़ा, पानी वाला नारियल, मिठाई, गुड़, गेहूं, चावल का आटा, ठेकुआ, चावल, सिंदूर, कलावा, दीपक, शहद, धूप और कुमकुम शामिल हैं।

## एक नज़र इधर भी

### छठ पूजा के मद्दे नज़र एसडीएम ने किया घाटों का निरीक्षण

केराकत। एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को छठ पूजा के मद्दे नज़र गोमती नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। आपने खास तौर से श्रद्धालुओं के साथ आने वाले लोगों के बैठने और पार्किंग के स्थान की विशेष साफ सफाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में बाबा घाट, नाव घट ब पीपा घट प्रमुख थे, आपके साथ नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अजय कुमार, कस्बा लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव आदि लोग भी थे।




### कई चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल, कई को मिली नई जिम्मेदारी

**सरायपोख्ता, सिपाह, राज कॉलेज और जफराबाद चौकी के प्रभारी बदले, शंकरमंडी चौकी प्रभारी बरकरार**

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने गुरुवार देर रात जिले में कई चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई तैनाती की है। इस बदलाव के तहत कई उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार सिपाह चौकी प्रभारी रहे आलोक कुमार त्रिपाठी को सरायपोख्ता चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। सरायपोख्ता चौकी प्रभारी रहे राहुल रंजन के निलंबन के बाद करीब एक सप्ताह से यह पद रिक्त चल रहा था। वहीं जलालपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक आशीष पांडेय को सिपाह चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। इसीक्रम में राज कॉलेज चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव को जफराबाद कस्बा चौकी प्रभारी बनाया गया है, जबकि जफराबाद चौकी प्रभारी रहे राधेश्याम सिंह को राज कॉलेज चौकी की कमान सौंपी गई है। इस फेरबदल के बीच शंकरमंडी चौकी प्रभारी कंचन पांडेय की तैनाती में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उनकी लंबे समय से एक ही चौकी पर तैनाती को लेकर चर्चा बनी हुई है। बताया जा रहा है कि वह करीब चार वर्षों से इसी चौकी पर प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। ऐसे में पुलिस विभाग में स्थानांतरण और एक स्थान पर तैनाती की अवधि को लेकर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, शंकरमंडी चौकी प्रभारी की तैनाती की अवधि और इस संबंध में लागू नियमों को लेकर पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक स्थिति स्पष्ट किया जाना बाकी है।

### अकमल का डाक्टर बनने का सपना हुआ साकार

जौनपुर। सपने बड़े हों और उन्हें पूरा करने का जज्बा मजबूत हो, तो कामयाबी की राह बन ही जाती है। जिला जौनपुर के सैय्यद अकमल हैदर ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी मेहनत को एक नई पहचान दी है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। साथ ही मेडिकल फील्ड में करियर बनाने की उनकी उम्मीदों को भी नई दिशा मिली है। अकमल की इस सक्सेस के पीछे उनकी मेहनत के साथ-साथ परिवार का पूरा सपोर्ट रहा। पिता सैय्यद जमाल हैदर और माता ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। पढ़ाई के दौरान परिवार ने उनकी जरूरतों और तैयारी को समझते हुए उन्हें आगे बढ़ने का मोटिवेशन दिया। भाई-बहनों का साथ भी उनके लिए खास रहा। अकमल ने अपनी सफलता पर कहा कि यह मुकाम अल्लाह की मेहरबानी और सभी की दुआओं से हासिल हुआ है। उन्होंने इसे केवल अपनी कामयाबी मानने के बजाय पूरे परिवार की उपलब्धि बताया। उनके मुताबिक, जब परिवार का विश्वास साथ हो और शिक्षक सही गाइडेंस दें, तो कठिन लक्ष्य की ओर बढ़ने का कॉन्फिडेंस मिलता है। उन्होंने अपने शिक्षकों, रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसियों का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने समय-समय पर उनका उत्साह बढ़ाया। सफलता की खबर मिलने के बाद शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी और आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दीं। अकमल की उपलब्धि उनके लिए एक नई जिम्मेदारी भी लेकर आई है। अब उनके सामने मेडिकल शिक्षा के अगले पड़ाव की तैयारी है।



# ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

डोभी। क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में खेलकूद के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गणेश राय इंटर कॉलेज के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात गणेश राय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आलोक रघुवंशी, मंत्री संतोष सिंह, एवं अरविंद के कर-कमलों द्वारा विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर समस्त ए.आर.पी., समस्त नोडल संकुल, तथा क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापक, अध्यापक एवं खेल अनुदेशक उपस्थित रहे। इस गरिमामयी और भव्य आयोजन का कुशल संचालन सतीश कुमार यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान पी.एम. श्री बगेरवा और यू.पी.एस. तराव के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी दर्शकों और अतिथियों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का शानदार संचालन सतीश कुमार यादव ने किया। विजेता खिलाड़ियों में दौड़ 50 मी. प्रा.बालक वर्ग में शिवम यादव अमरौना एवं बालिका वर्ग में आस्था चदवक प्रथम रहे। दौड़ 100 मी. प्रा. बालक वर्ग में अरमान विसुनपुर एवं बालिका वर्ग में आस्था चदवक प्रथम रहे। दौड़ 100 मी. उ.प्रा.बालक वर्ग में सूरज विसौरी एवं बालिका वर्ग में अंशिका बगेरवा प्रथम रहे। दौड़ 200 मी. प्रा. बालक वर्ग में अरमान विसुनपुर एवं बालिका वर्ग में आस्था चदवक प्रथम रहे। दौड़ 200 मी. उ.प्रा.बालक वर्ग में सूरज विसौरी एवं बालिका वर्ग में अंशिका हरिहरपुर प्रथम रहे। दौड़ 400 मी. उ.प्रा. बालक वर्ग में किशन राजभर अमरौना एवं बालिका वर्ग



में रोशनी हरिहरपुर प्रथम रहे। लंबी कूद प्राथमिक बालक वर्ग में शिवम यादव अमरौना एवं बालिका वर्ग में मीनू यादव अमरौना- 3.6 मी.प्रथम रहे। लंबी कूद उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में किशन अमरौना 4.20 मी. एवं बालिका वर्ग में अमृता सोनकर हरिहरपुर-3.40 मी. प्रथम रहे। ऊँची कूद प्राथमिक बालक वर्ग में शिवम यादव अमरौना एवं बालिका वर्ग में श्रद्धा मढ़ी प्रथम रहे। ऊँची कूद उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में हर्ष कुमार अमरौना एवं बालिका वर्ग में गुड़िया खैरवार अमरौना प्रथम रहे। गोला प्रक्षेपण बालक वर्ग में हर्ष कुमार अमरौना-10 मी. एवं बालिका वर्ग में गुड़िया खैरवार अमरौना 8.50 मी. प्रथम रहे। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग में मुरलीधर गिरि अमौरा-9.75 मी.एवं बालिका वर्ग में गुड़िया खैरवार अमरौना 14.80 मी.प्रथम रहे। कबड्डी प्रतियोगिता विजेता प्राथमिक बालक वर्ग में देवलासपुर, प्राथमिक बालिका वर्ग में देवलासपुर, उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में तराँव, एवं उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में बगेरवा विजेता रहे। समारोह के अंत में सभी विजयी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित करते हुए खण्डशिक्षाधिकारी रमाकांत सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध गंभीर

बरसठी। थाना क्षेत्र के भन्नौर बाजार में गुरुवार शाम विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार 74 वर्षीय दल्लू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए,वह क्षेत्र के पल्टूपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, दुर्घटना में उनके सिर और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं, घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा एंबुलेंस 108 की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी पहुंचाया गया, वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया, जिला अस्पताल में उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को स्वजनों ने पकड़ा, मंदिर में रचाई शादी

खुटहन। थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक को उसके स्वजनों ने पकड़

**थाने में दोनों पक्षों के बीच घंटों चली पंचायत, बालिग होने पर परिवारों ने आपसी सहमति से लिया निर्णय**



लिया। बताते है कि करौंदीकला थाना क्षेत्र के हिंदुआबाद गांव निवासी युवक का युवती से कई वर्षों से प्रेम संबंध था। गुरुवार की रात वह चुपके से युवती के घर पहुंचा और उसके कमरे में चला गया। कमरे के भीतर दोनों के बीच बातचीत की आवाज सुनकर युवती के स्वजनों को संदेह हुआ। दरवाजा खटखटाने पर युवती ने दरवाजा खोला तो भीतर युवक भी मौजूद मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई। वहां दोनों पक्षों के लोगों के बीच घंटों पंचायत चली। युवक और युवती के बालिग एवं स्वजातीय होने के चलते परिवारों ने आपसी सहमति से उनका विवाह कराने का निर्णय लिया। इसके बाद कोकना स्थित भगवान विष्णु मंदिर परिसर में दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में वैदिक रीति-रिवाज से दोनों का विवाह संपन्न करा दिया गया।

# छठ पर्व को लेकर डीएम-एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण

जौनपुर। आगामी छठ पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी सैमुअल पाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शुक्रवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस



अधीक्षक नगर अनंत चंद्रशेखर, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी नगर सम्यक चौधरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## गाय खरीदने के नाम पर युवक से १.४२ लाख की ठगी

सुइथाकला। गाय खरीदने के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ऊंचगांव निवासी तिलकधारी सिंह से राजस्थान निवासी एक व्यक्ति ने गाय भेजने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में कुल 1,42,607 रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित की तहरीर पर सरपतहां पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित के अनुसार गाय खरीदने के लिए यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर राजस्थान के जयपुर निवासी रूपेश कुमार से संपर्क किया। आरोप है कि सात अक्टूबर 2026 को उसने एडवांस के नाम पर पांच हजार रुपये मंगाए। इसके बाद गाय की कीमत 25 हजार रुपये तय करते हुए अन्य सामान और चटाई के नाम पर 10,600 रुपये मांगे। आठ अक्टूबर को गाय भेजने का आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में ट्रक में गाय लादने और रास्ते में जांच होने का हवाला देकर लगातार रुपये की मांग की गई। आरोप है कि इस तरह अलग-अलग बहाने बनाकर कुल 1,42,607 रुपये ले लिए गए। ट्रक के लखनऊ पहुंचने पर खराब होने की बात कही गई। आरोपित ने गाय का दूध निकालते हुए फोटो भी भेजा और 10 अक्टूबर तक रुपये वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन न तो गाय पहुंची और न ही रकम वापस मिली। पीड़ित ने 13 अक्टूबर को साइबर सेल हजरतगंज, लखनऊ में भी शिकायत की थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सोसाइटी पर खाद वितरण के दौरान हंगामा

**सचिव से मारपीट करने तथा रजिस्टर फाड़ने का आरोप**

मुंगराबादशाहपुर। साधन सहकारी समिति सोहांसा सोसाइटी में खाद वितरण के दौरान हंगामा करने तथा सचिव के साथ मारपीट करने मामला सामने आया है। सोसाइटी के सचिव की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में सचिव अनुपम सिंह ने बताया है कि बीते 10 नवंबर को शाम करीब 5 बजे सोसाइटी में ड्यूटी पर मौजूद था और दिनभर के आय-व्यय का हिसाब बना रहा था। इसी दौरान अवनीश शुक्ला उर्फ अतुल निवासी बनगांव तरहटी अपने 4 से 6 साथियों के साथ आकर दरवाजा खोलकर गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने लगा। आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा अवैध रूप से खाद देने का दबाव बनाया और खाद वितरण वाला रजिस्टर फाड़कर नुकसान पहुंचा दिया। वह किसी तरह जान बचाकर भागे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की गाड़ी आती देख सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आक्सीजन की कमी से नवजात की मौत

**परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मचाया हंगामा**

जफराबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेहरूनगर सिरकोनी में शुक्रवार को एक नवजात की हुई मौत के दूसरे दिन जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। जलालपुर के सैदपुर गांव निवासी राजकुमार बनवासी की पत्नी अंजली देवी को गुरुवार को प्रसव पीड़ा हुई। वह अपने सास रेनू देवी तथा गांव की आशा कार्यकर्ता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची। रेनू देवी ने बताया कि वहां पर मौजूद चिकित्सक ने अंजली की नार्मल डिलीवरी होने की बात बोला। उन्होंने बताया कि डिलवरी में अंजली को पुत्र पैदा हुआ। प्रसव के दौरान बच्चे की तबियत बिगड़ गयी। तब वहां मौजूद चिकित्सक ने कहा कि बच्चे को ऑक्सीजन की कमी है। यहां पर ऑक्सीजन नही है। इसके साथ ही आरोप लगाया कि चिकित्सक ने कहा कि बच्चे को मुंह से ऑक्सीजन देते हुए शहर के किसी हॉस्पिटल ले जाओ जिसके बाद बच्चे को बाइक से लेकर शहर के अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते मे उसकी मौत हो गयी। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र पर पांच सौ रुपये मांगने का भी आरोप लगाया गया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि बच्चा मरा हुआ पैदा हुआ था। उसके बाद भी परिजन बच्चे को जिंदा मानते हुए शहर के किसी नर्सिंग होम ले जा रहे थे जबकि परिजनों का आरोप है कि बच्चा जिंदा पैदा हुआ था। उधर स्वास्थ्य केंद्र के लोगो के लापरवाही से आक्रोशित परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। प्रभारी चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर जलालपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। उधर रेनू देवी ने घटना की तहरीर पुलिस को दिया है। थानाप्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# नाबालिग को सूरत भेजने के दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पुलिस के दबाव में लौटी किशोरी ने बताई आपबीती**

मुंगराबादशाहपुर। नगर के एक मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर सूरत भेजने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दर्ज विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने बताया है कि उसकी 16 वर्षीया नाबालिग पुत्री के साथ कोचिंग में पढ़ने वाले रेहान पुत्र बरकत निवासी सुजानगंज रोड एवं अंकुश पटेल पुत्र धर्मेन्द्र कुमार निवासी डिहई का पूरा लौह मुंगराबादशाहपुर ने बीते 4 नवंबर 2026 को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ प्रयागराज ले गया। आरोप है कि वहां से पहले से लिए गए टिकट पर उसे सूरत जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया गया। युवक ने कहा कि तुम चलो, मैं दो-तीन दिन बाद आ रहा हूं, अगर तुम्हारे साथ मैं चलूंगा तो घर वालों को शंका होगी। वहां उसका साथी मिलेगा, जो रहने और खाने की व्यवस्था कर देगा। किशोरी के अचानक गायब होने पर परिजनों ने थाने पर सूचना दी। पुलिस द्वारा खोजबीन शुरू किए जाने पर आरोपित डरकर अपने साथी को फोन कर किशोरी को तुरंत किसी ट्रेन से वापस भेजने के लिए कहा। पुलिस के दबाव के बाद किशोरी घर लौट आई और परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस जांच के दौरान आरोपी अपने परिजनों के साथ 10, 11 और 12 नवंबर को थाने पर उपस्थित होकर घटना से इंकार करता रहा। बाद में किशोरी ने 12 नवंबर को घर लौटने पर पूरी बात बताई। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक गजानंद चौबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों रेहान एवं अंकुश पटेल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 137(2), 61 (2) व 87 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मामुली विवाद में पिता पुत्र की लाठी डंडों से पिटाई

बरसठी। थाना क्षेत्र के चतुर्भुजपुर (नेवादा) गांव में खेत की सिंचाई करते समय पाइप से पानी गिरने को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्र की लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पिटाई कर दी गई, मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह के अनुसार, गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे वह अपने बेटे अभिषेक सिंह के साथ पानी भरकर जा रहे थे, आरोप है कि इसी दौरान बगीचे में मौजूद विपक्षियों ने आवाज देकर उन्हें बुलाया पास पहुंचने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से पिता-पुत्र की पिटाई कर दी, मारपीट में दोनों को चोटें आईं, आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी, पीड़ित की तहरीर पर बरसठी पुलिस ने कुंवर राजेश सिंह (अध्यापक), आशीष सिंह, सत्यव्रत सिंह और देवव्रत सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2),352 और 351(3)के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा

**रीठी और जाम न्याय पंचायत के बच्चों का रहा दबदबा, बीएसए ने विजेताओं को किया सम्मानित**

**खेल से बच्चों में बढ़ता है अनुशासन और आत्मविश्वास :बीएसए**

सिकरारा। शेरवां स्थित आझूराय इंटर कॉलेज के मैदान में शुक्रवार को सिकरारा विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न न्याय पंचायतों के प्राथमिक और जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। अधिकांश खेलों में रीठी और जाम न्याय पंचायत के बच्चों का दबदबा रहा। पीएमश्री स्कूल इब्राहिमाबाद के छात्र साहिल ने 100 और 200 मीटर दौड़ में दोहरी सफलता हासिल की। मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ता है। परिषदीय स्कूलों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें सही मंच मिले तो वे जिला ही नहीं प्रदेश स्तर पर भी नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। प्रारंभ में प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय व अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अवकाश प्राप्त शिक्षक लल्लन उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक वर्ग बालक



कबड्डी में शुरुआरपट्टी प्रथम तथा रीठी द्वितीय, जूनियर वर्ग बालिका कबड्डी में जाम प्रथम और डमरुआ द्वितीय रहा। जूनियर वर्ग खो-खो के बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में जाम ने प्रथम तथा रीठी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में रीठी के शनि प्रथम और बेलसड़ी के कार्तिक द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में रीठी की रानी प्रथम तथा शुरुआरपट्टी की अर्पणा द्वितीय रही। लोकगीत में पीएमश्री डीहजहनिया प्रथम, एकांकी में प्रा.वि. भुइला प्रथम तथा विशेष पीटी में शुरुआरपट्टी प्रथम रहा।

इस अवसर पर मुंगराबादशाहपुर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह, नायब तहसीलदार विनय कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, अजय पांडेय, मयेंद्र सिंह, राजीव सिंह लोहिया, डॉ. विजय बहादुर सिंह, सुनील सिंह, सतीश सिंह, संतोष सिंह, अनुपमा सिंह, उत्तमा चतुर्वेदी, भाजपा नेता विनोद सिंह, शुभेंदु सिंह, आलोक सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

संचालन प्रा.वि. बथुआवर की शिक्षिका संयुक्ता सिंह ने किया। रेफरी की भूमिका देशबंधु यादव, वीरेंद्र सिंह, अतुल सिंह, रामचंद्र यादव, विनय सिंह और अनुपम श्रीवास्तव ने निभाई।

## पिकअप की टक्कर से रेलवे फाटक का बूम टूटा

जफराबाद। क्षेत्र के नाथूपुर में स्थित रेलवे फाटक का बूम गुरुवार की देर शाम को पिकप के धक्के से टूट गया, जिसके चलते थोड़ी देर तक जाम की स्थिति बन गयी। उक्त रेलवे फाटक के बूम को एक पिकप ने टक्कर मार दिया, जिससे बूम टूट कर लटक गया। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ चौकी प्रभारी जफराबाद प्रभु नारायण सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उसके बाद यातायात को सुचारू रूप से संचालित करवाया। प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि छह बजकर 20 मिनट पर उक्त बूम पिकप के धक्के से टूट कर लटक गया था। मौके पर स्लाइडर बूम लगवाकर ट्रेनों का संचालन करवाया गया। लगभग पांच घण्टे बाद बूम को बना दिया गया। तब तक आरपीएफ के जवानों ने वाहनों का आवागमन कराया।

# नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व

## घाटों की हुई साफ-सफाई, टेंट, लाइट और बैरिकेडिंग की हुई व्यवस्था

मीरजापुर। हलिया में लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व की शुरुआत के साथ ही हलिया क्षेत्र में छठ पूजा को लेकर उत्साह का माहौल है। व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान कर घरों में साफ सफाई की और विधि विधान से सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया। छठ महापर्व को लेकर हलिया स्थित अदवा नदी घाट पर विशेष तैयारियां कराई गई हैं। हलिया ग्राम प्रधान प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ की पहल पर नदी घाट को व्यवस्थित कराने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट, बिजली की लाइट और बाजे की व्यवस्था कराई गई है। घाट पर आने वाले व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। नहाय खाय के दिन व्रती महिलाएं स्नान के बाद अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी सहित सात्विक भोजन ग्रहण करती हैं। शनिवार को खरना के साथ व्रत का अगला चरण शुरू होगा। रविवार की शाम व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। जबकि, सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। छठ पूजा को लेकर क्षेत्र के गांवों में भी उत्साह है। घरों में छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं और पूजन सामग्री की खरीदारी की जा रही है। श्रद्धालु सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। छानबे संवादाता के अनुसार छठ पूजा पर्व को लेकर क्षेत्र के पूजा स्थलों और घाटों पर साफ-सफाई व अन्य तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को विजयपुर रानी तालाब, कर्णावती नदी कठवैया, अकोढ़ी, बिरोही, कुशहा, गंगाघाट पश्चिम वाहिनी हरगढ़, नीबी गहरवार और गौरा भिलगौर सहित विभिन्न स्थानों पर सामूहिक सफाई अभियान चलाया गया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा तैयारियों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। प्रभारी एडीओ पंचायत बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि जहां-जहां छठ पूजा का आयोजन होता है, वहां विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए घेरा और टेंट लगाया जाएगा। स्नान स्थल पर चार-चार फीट की दूरी पर बांस से बैरिकेडिंग तथा पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव और प्रशासक तैयारियों में जुटे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और रोशनी की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध रहे। सीखड़ संवादाता के अनुसार सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। व्रती महिलाओं ने स्नान के बाद शुद्धता के साथ लौकी मिश्रित चने की दाल, सेंधा नमक और चावल ग्रहण कर व्रत का शुभारंभ किया। शनिवार को सीखड़ गंगा घाट पर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचकर पूजा के लिए बेदी तैयार करेंगी। छठ पर्व में प्रत्येक दिन के भोजन का विशेष महत्व है। शनिवार को खरना के अवसर पर व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जल व्रत रखेंगी। शाम को घाट पर बेदी पूजन के बाद गाय के दूध, गुड़ और साठी के चावल से बनी खीर तथा आटे की पूड़ी का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके बाद निर्जला व्रत का संकल्प लेकर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करेंगी। छठ पर्व को लेकर घरों में सप्ताहभर पहले से ही पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर है। इस महापर्व की खासियत है कि परिवार का हर सदस्य अपनी जिम्मेदारी निभाता है। कोई प्रसाद तैयार करता है तो कोई पूजा सामग्री जुटाने और घाट सजाने में सहयोग करता है। छठ केवल सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना का पर्व नहीं, बल्कि पारिवारिक एकता, लोक संस्कृति और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का भी महापर्व है। घाटों की रौनक, लोकगीतों की मिठास और अपनों का साथ इसकी खूबसूरती को और बढ़ा देता है।

# चोरी की घटना का हुआ खुलासा, दो गिरफ्तार

हलिया। गड़बड़ा धाम में मोबाइल की दुकान को निशाना बनाकर की गई चोरी की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में फरार चल रहे दो वांछित आरोपितों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों में गड़बड़ा निवासी लाल कुमार उर्फ कोरे और एक बाल अपचारी शामिल हैं। क्षेत्राधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि 27 जुलाई 2026 को गड़बड़ा धाम स्थित मोबाइल दुकान में चोरी हुई थी। दुकान संचालक गलरा गांव निवासी महबूब आलम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटना में संलिप्त दो अन्य आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, शेष आरोपितों की तलाश जारी थी। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कोटार नहर पुलिया के समीप घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपितों के घर से चोरी के दो लैपटॉप, 20 डाटा केबल, दो ब्लूटूथ स्पीकर, 18 फ्लिप कवर, दो की-पैड मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से चोरी की घटना का खुलासा हो गया।



गिरफ्तार चोर। छाया:आज

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के सेमरी तलरे मोड़ पर गुरुवार की रात्रि में अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सहायता से दोनों घायलों को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों द्वारा एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय विकास खंड के चुनार थाना क्षेत्र के नुआंव गाँव निवासी 30 वर्षीय विवेक सिंह और 28 वर्षीय अंकुर सिंह बाइक से राजगढ़ की तरफ आए हुए थे। गुरुवार की रात्रि में घर वापस जाते समय स्थानीय थाना क्षेत्र के चुनार-राजगढ़ मुख्य मार्ग पर सेमरी तलरे मोड़ पर सामने से आ रहे अज्ञात पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए पिकअप चालक लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद विवेक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अंकुर को गंभीरावस्था में प्राथमिक उपचार के बाद मीरजापुर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र द्वारा बताया गया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है,जबकि दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल है।

# प्रसिद्ध अंतरप्रांतीय भूतों का मेला १८ से

अहरौरा। प्रसिद्ध अंतरप्रांतीय भूतों का मेला 18 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। मेले में उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी अनेग सिंह ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और पुजारियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों से विद्युत आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। संबंधित कर्मचारियों को मेला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा


बैठक में मौजूद लोग। छाया:आज

## एसडीएम ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण, बिजली, रोशनी, साफ-सफाई दुरुस्त रखने के दिये निर्देश

श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने विशेष रूप से बिजली, रोशनी और साफ-सफाई की व्यवस्था समय रहते दुरुस्त करने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने मड़िहान क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम के साथ बैठक कर मेले की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर चर्चा की। संभावित भीड़ के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गई। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय, थाना प्रभारी अजय मिश्र पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण से मेला तैयारियों में तेजी आई है। अधिकारियों ने मेले को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

# केबल बिछाने के नाम पर सड़क किनारे बना दिये गये गड्ढे

जमालपुर। जल जीवन मिशन द्वारा सड़कें खोदकर पाइप लाइन डालने के कारण ग्रामीण सड़कों की बदहाली अभी दूर हुई नहीं की अब केबल बिछाने के नाम पर टेलिकॉम कंपनियों द्वारा सड़कों के किनारे जगह-जगह,गहरे-गहरे गड्ढे खोदकर बिना भरें ही छोड़ दिए जाने से सड़कों की स्थित और भी बदतर हो गई है।बता दें कि इस समय पुरे विकास खंड-जमालपुर में एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने का काम जोरों से चल रहा है। जगह-जगह सड़क किनारे गड्ढा खोदकर केबल डाला जा रहा है, लेकिन केवल डालनें के बाद गड्ढों को सही ढंग से भरे नहीं जाने से सड़क किनारे कब्र के आकार के गहरे-गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहें हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जल जीवन मिशन के कार्यों ने ग्रामीण सड़कों की हालत खराब की और अब एयरटेल कंपनी की मनमानी खुदाई ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। अभी एयरटेल द्वारा खोदे गए गड्ढे भरे भी नहीं गए कि पीछे-पीछे बीएसएनएल ने भी केबल बिछाने के लिए सड़क किनारे खुदाई शुरू कर दी है। इतना ही नहीं, भभौरां में जमीन के अंदर बिछाई गई जल जीवन मिशन की पाइपलाइन भी बीएसएनएल कंपनी द्वारा खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे कई दिनों तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहा। एयरटेल कंपनी की लापरवाही से जमालपुर विकास खंड की लगभग सभी प्रमुख ग्रामीण सड़के जानलेवा हो गई है।

# सड़क खोदकर भूले जिम्मेदार, गमनागमन हुआ दुश्वार

### अधिकारियों ने नापी कर जल्द मरम्मत कराने का दिया था आश्वासन, अब तक समस्या जस की तस

हलिया। स्थानीय विकास खंड के अहुंगी कला ग्राम पंचायत के नई बस्ती नहर के पास सीसी सड़क खोदकर छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान पानी निकासी के लिए सड़क की खुदाई कराई गई थी, लेकिन बारिश का मौसम बीतने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। सड़क की बदहाली के चलते चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बन्द है। ग्रामीणों को चार पहिया वाहनों से आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय शिवबली, सूरज, प्रेमशंकर सहित आदि ने बताया कि कुछ दिन पहले संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर आए थे और सड़क की नापी कराकर जल्द दुरुस्त कराने का आश्वासन देकर चले गए। अधिकारियों ने जल्द काम शुरू कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है ग्रामीणों का कहना है कि नापी और आश्वासन के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि खोदी गई सीसी सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाए ताकि बस्ती के लोगों को आवागमन की समस्या से राहत मिल सके।


खोदी गयी सड़क। छाया:आज

# मतदान से मजबूत होगा लोकतंत्र, जनगणना में भी निभायें जिम्मेदारी-एसडीएम

हलिया। पंचशील डिग्री कॉलेज मवई कलां में शुक्रवार को इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब एवं स्वीप के तत्वावधान में भारतीय लोकतंत्र में वोट का अधिकार विषय पर निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर मतदान के महत्व और लोकतंत्र की मजबूती पर विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम लालगंज अजीत कुमार और सीओ लालगंज अमर बहादुर का महाविद्यालय के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। एसडीएम अजीत कुमार ने कहा कि एक-एक वोट से सरकार बनती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को सोच-समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से फार्म-6 भरकर बीएलओ को देने और मतदाता सूची में अपना नाम जांचने की अपील की। उन्होंने जनगणना-2027 के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर प्राप्त एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी। एक दिसंबर 2026 से नौ जनवरी 2027 तक जनगणना कर्मी घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन करेंगे। उन्होंने सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की। प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य ने कहा कि मतदान अधिकार के साथ नागरिकों की जिम्मेदारी भी है।

# भोगांव घाट पहुंचे डीएम-एसपी तैयारियों का लिया जायजा

चील्ह। छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुरानी काशी भोगांव घाट का निरीक्षण किया। इस घाट पर मीरजापुर और भदोही जिले से बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पूजा करने पहुंचती हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, बैठने और महिलाओं के लिए बदलघर की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एसपी ने सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग और गोताखोरों की तैनाती भी की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी ब्रह्मदीन पांडेय, भाजपा जिला शोध सह प्रमुख बृजभान सिंह सहित पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डा. सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

चुनार। नगर स्थित सीबीएसई से संबद्ध डॉ. सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. वेद प्रकाश ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक ओमप्रकाश सिंह और प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। सीओ गायत्री यादव ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास होने के साथ मानसिक क्षमता और आपसी सहयोग की भावना भी विकसित होती है। प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर सीनियर बालक वर्ग में वैभव सिंह प्रथम, मयंक सिंह द्वितीय और अंशुमान सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में अमित पाल प्रथम, अनंत यादव द्वितीय और चंदन तृतीय रहे। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में अंशिका यादव प्रथम, प्रिया पाल द्वितीय और शिवांगी पाल तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. वेद प्रकाश ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शनिवार को विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार बोस और कमलेश सिंह ने किया। आयोजन में दिनेश कुमार सिंह, डीसी मिश्रा, प्रदीप सिंह, अनुराग सिंह, रितु सिंह, प्रियंका गुप्ता, आकाश मिश्रा और दीपक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### चौपाल में उठी पेयजल आपूर्ति की समस्या

छानबे। ब्लॉक के ग्राम पंचायत बरहा खुर्द व भैदपुर में जल जीवन मिशन योजना से जलापूर्ति न होने आवास पेंशन आदि की मांग उठाई गई। ग्राम पंचायत बरहा खुर्द में एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद पटेल व सचिव मुस्ताक अहमद ने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। जमुना प्रसाद ने वृद्धा पेंशन की मांग किया तो आवेदन करने की सलाह दी गई। प्रशासक प्रधान डॉ. अनिल कुमार बिंद ने ग्रामीणों को विकास कार्यों की जानकारी दी। एडीओ प्रेमचंद पटेल ने पेंशन मुख्य मंत्री विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं तथा सचिव मुस्ताक अहमद ने फैमिली आईडी फार्मर रजिस्ट्री आदि शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बच्चालाल बिंद पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे। ग्राम पंचायत भैदपुर में सचिव शौरभ गौड़ व प्रशासक के प्रतिनिधि रामअवध पाण्डेय ने लोगों की समस्याओं को सुना और जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

### फार्मासिस्ट असोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया दर्शन-पूजन

मीरजापुर। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने 13 नवंबर को विंध्याचल पहुंचकर मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। जिलाध्यक्ष चंद्रेश शुक्ला ने उन्हें विधिवत दर्शन कराया। इस दौरान प्रदेश सचिव अखिलेश मिश्र के नेतृत्व में जिले के फार्मासिस्टों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश सचिव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को मां विंध्यवासिनी की तस्वीर और चुनरी भेंट की। इसके बाद होटल संदीप इंटरनेशनल में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन देश का सबसे बड़ा संगठन है। फार्मासिस्टों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित कराना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पीपीआर एक्ट 2015 लागू कराना, शेड्यूल के समाप्त कराना तथा होलसेल लाइसेंस को फुटकर लाइसेंस के अनुपात में करने का आदेश जारी कराना संगठन के प्रमुख उद्देश्य हैं। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक विनय पांडेय, मनीष तिवारी, मंडल अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष चंद्रेश शुक्ला, अखिलेश मिश्र, दीनदयाल, जीवेश श्रीवास्तव, दीनदयाल गुप्ता, अनूप अग्रहरि और मनोज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट मौजूद रहे।


प्रतिमा देकर स्वागत करते अध्यक्ष। छाया:आज

### मनबढ़ ने गुमटी में लगायी आग, जलकर राख हुई दुकान

अदलहाट। थाना क्षेत्र के बरईपुर बाजार में चखने की दुकान चलाने वाले शिवकुमार सोनकर की गुमटी में आग लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिवकुमार सोनकर पुत्र पकौड़ी सोनकर निवासी अचीतपुर के अनुसार, बरईपुर में शराब ठेके के बगल में उनकी गुमटी है। आरोप है कि आठ नवंबर को बरईपुर निवासी साजन पुत्र नब्बी भारती ने शराब मांगने पर विवाद किया और रात में दुकान जलाने की धमकी दी। सुबह पहुंचने पर गुमटी जली मिली और उसमें रखा सारा सामान राख हो चुका था। पीड़ित का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज में रात करीब एक बजकर 40 मिनट तक आरोपी पुआल से आग लगाते दिखाई दे रहा है।

# संघटन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है जीत-आशुतोष सिन्हा

मीरजापुर। एमएलसी चुनाव में जीत से उत्साहित समाजवादी पार्टी ने अब विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां तेज करने का संदेश दिया है। शुक्रवार को चील्ह, नटवां, विंध्याचल, कंतित, बथुआ, भरूहना, शुक्लहा, रमईपट्टी सहित जिला कार्यालय पर नवनिर्वाचित स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के लोहिया ट्रस्ट स्थित जिला कार्यालय पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित हुई। इसमें आशुतोष सिन्हा का अभिनंदन किया गया। एमएलसी ने बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनकी जीत संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश आर्थिक विपन्नता की ओर बढ़ रहा है। किसान, नौजवान, व्यापारी और गरीब वर्ग सरकार की नीतियों से उपेक्षित हैं, जबकि चंद औद्योगिक घराने अपनी तिजोरियां भरने में जुटे हैं। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि एमएलसी की जीत कार्यकर्ताओं के समर्पण और संघर्ष का परिणाम है। इसी एकजुटता के साथ 2027 के विधानसभा चुनाव में जुटना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा का प्रचार करने की अपील की। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन जिला महासचिव आदर्श यादव ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, मुन्नी यादव, सुरेंद्र सिंह पटेल, राजेश भारती, रविंद्र बहादुर सिंह, कीर्ति कोल, विजयशंकर यादव, दिलीप यादव, डॉ. सुनील पटेल, अभय यादव, डॉ. ज्योति बिंद, रामजी मौर्या, सतीश मिश्रा, सत्यप्रकाश यादव, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, जुम्मन खान, धर्मेंद्र मौर्या सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



संबोधित करते जिलाध्यक्ष। छाया:आज

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद में दाढ़ीराम और कठिनई का दबदबा

पड़री। विकास खंड पहाड़ी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़री के मैदान में शुक्रवार को 72वीं ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मझवां विधायक सूचीस्मिता मौर्य रहीं। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों से परिचय प्राप्त कर हरी झंडी दिखाकर मशाल जुलूस रवाना किया। प्रतियोगिता में विकास खंड की छह न्याय पंचायतों की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कबड्डी, दौड़, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, खो-खो, बैडमिंटन, शतरंज, पीटी, योग, समूह गान और एकांकी नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में दाढ़ीराम और कठिनई विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल ओवर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कबड्डी में बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय पथरहा तथा बालिका वर्ग में पलक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में कठिनई के बृजेश पाल और बालिका वर्ग में दाढ़ीराम की अंकिता पाल प्रथम रहीं। 200 मीटर दौड़ में पथरहा के निशांत तथा बालिका वर्ग में अंकिता पाल ने बाजी मारी। 100 मीटर दौड़ में रामनगर सीकरी के राहुल प्रथम रहे। समूह गान और एकांकी नाटक में कंपोजिट विद्यालय बेदौली ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताएं देर शाम तक चलती रहीं। निर्णायक मंडल में रविकांत द्विवेदी, प्रदीप दुबे, महेश कुमार, दिलीप कुमार और माया सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह, नीलकांत पांडेय और जय प्रताप सिंह ने किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस ने विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर माता प्रसाद सिंह, अजय धर दुबे, अखिलेश सिंह, दयानंद मिश्र, नीतू यादव,अभिषेक उपाध्याय, राजेश चौबे, सुरेश सिंह, प्रिया सिंह और लवली सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उन्होंने समय-समय पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## आल ओवर चैंपियन का खिताब किया अपने नाम, छह न्याय पंचायतों की टीमों ने लिया हिस्सा

दाढ़ीराम प्रथम रहा। गोला फेंक में कठिनई के अमन और बालिका वर्ग में विरोहिया की खुशबू ने बाजी मारी। खो-खो में दोनों वर्गों में दाढ़ीराम प्रथम रहा। बैडमिंटन में तिगोड़ा के रोहित और बालिका वर्ग में अंजली विजेता बनीं। शतरंज में भोजपुर पहाड़ी के रोहित तथा बालिका वर्ग में माधोपुर की अनुज और बालिका वर्ग में विरोहिया की खुशबू प्रथम रहीं। पीटी और योग में कंपोजिट विद्यालय बेदौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में कठिनई तथा बालिका वर्ग में विरोहिया की अंकिता पाल विजेता रहीं। चक्का फेंक में बालिका वर्ग में विरोहिया की खुशबू पाल तथा बालक वर्ग में कठिनई के

# लक्ष्मी सेठ भाजपा महिला मोर्चा में बनी जिला मंत्री

कछवां। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति में लक्ष्मी सेठ को जिला मंत्री, मीरजापुर के पद पर मनोनीत किए जाने से कछवां क्षेत्र सहित पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। लक्ष्मी सेठ इससे पूर्व भाजपा महिला मोर्चा कछवां मंडल में मंडल मंत्री के पद पर रहकर संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुकी हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रियता, समर्पण एवं कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें जिला स्तर पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। लक्ष्मी सेठ उच्च शिक्षित हैं और उन्होंने दो विषयों में एमएससी (डबल एमएससी) की उपाधि प्राप्त की है। पार्टी की ओर से जारी जिला कार्यसमिति की सूची में उनके नाम की घोषणा के बाद क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। उनके मनोनयन पर लक्ष्मी सेठ ने भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जान्हवी कसेरा, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा तथा भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रात में मेजा डैम पर टहलते दिखा मगरमच्छ

पटेहरा। थाना संतनगर अंतर्गत मेजा बांध की सड़क पर रात दस बजे विशालकाय मगरमच्छ भ्रमण करते दिखा, जिसका किसी ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। चर्चा आम हो गई है। आज किसी भी वीडियो को साक्ष्य नहीं मानता। थाना क्षेत्र के पटेहरा कला के बहरछठ टोला निवासी आकाश यादव ने बताया कि हलिया के एक कार्यक्रम में गया था, जहां से वापसी में रात 10 बजे एक बड़ा मगरमच्छ टहलते देख हम लोग अपना वाहन कुछ देर के लिए रोक दिए। वह रोशनी देख बांध में चला गया, जिसके बाद हम लोग घर की ओर चल दिए।

# एसआईआर में नाम कटने पर भाजपा का बड़ा मंथन

## लखनऊ में पंकज चौधरी ने रखी कार्यशाला, मुख्यमंत्री योगी भी हुए शामिल

लखनऊ (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उत्तर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम कटने को लेकर सवाल उठाए जाने के बाद भाजपा संगठन सक्रिय हो गया है। पार्टी ने छूटे हुए मतदाताओं के नाम दोबारा जुड़वाने के लिए अभियान तेज करने की तैयारी की है। इसी सिलसिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में संगठन की कार्यशाला है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दोपहर शामिल हुए। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर सहित प्रदेश और क्षेत्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता मौजूद हुए। करीब 700 से अधिक पदाधिकारियों को बुलाया गया है। इनमें जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला और विधानसभा मतदाता प्रमुख तथा आईटी संयोजक शामिल हुए,बैठक में एसआईआर के दौरान छूटे मतदाताओं तक पहुंचने और उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की रणनीति पर चर्चा हो हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से मतदाता सूची में नाम कटने को लेकर चिंता जताए जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भरोसा दिया था कि विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाने की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही थी। अभियान की रूपरेखा और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

# शेष

### राहुलने फिर...

बना सकते हैं, लेकिन वह आमने-सामने की बहस के लिए तैयार हैं। राहुल ने दावा किया कि ऐसी चर्चा के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रह पाएंगे। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने प्रधानमंत्री के दिवाली मिलन समारोह में टेलीप्रॉम्प्टर के इस्तेमाल को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि कार्यक्रम, लोग और माहौल सब प्रधानमंत्री के अपने थे, फिर भी उन्हें स्क्रिप्ट की जरूरत पड़ी। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बहस में भी टेलीप्रॉम्प्टर लेकर आ सकते हैं और अपनी पसंद का निर्णायक चुन सकते हैं, लेकिन उन्हें बहस के लिए सामने आना चाहिए।

### बिहार : सड़क हादसे...

घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया। दुर्घटना में शंभु सिंह, उनकी पत्नी उषा देवी और पड़ोसी मंजु रानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं, कार चालक समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ विनोद कुमार और थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए कटिहार भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटाने और यातायात व्यवस्था सामान्य कराने की कारवाई शुरू की।

### बिहारमें चार...

लगातार अपनी जमीन बेच रहा था। 7 कट्ठा जमीन की उसने रजिस्ट्री कर दी थी। इस बात की जानकारी होने पर परिवार में विवाद शुरू हो गया ।राहुल की पत्नी सीमा देवी जमीन की रजिस्ट्री का नकल लेकर आई थी। इसी बात को लेकर घर में कहासुनी हुई ।विवाद बढ़ने पर राहुल घर छोड़कर चला गया। इसके बाद परिवार के चार सदस्यों ने जहर खा लिया। राहुल की मां निर्मला देवी 55 वर्ष, पत्नी सीमा देवी और बेटे मुन्ना 12 वर्ष की मौत हो गई। जबकि बेटी ऋषिका की हालत गंभीर है। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### सबरीमाला घी...

ओड्डनछत्रम निवासी वेंकटेश्वरन और कुमारन के रूप में हुई है। दोनों थोक में घी का कारोबार करते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, उनकी गिरफ्तारी गुरुवार शाम दर्ज की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों व्यापारियों ने कथित तौर पर उस घी को खरीदा था, जिसे ठेकेदार एसएस बिनु ने सबरीमाला मंदिर पहुंचाने के बजाय दूसरी जगह भेज दिया था। बिनु को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के साथ हुए अनुबंध के तहत डेयरी से सबरीमाला मंदिर तक मिल्मा का घी पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई थी। मिल्मा, केरल कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (केसीएमएमएफ) का ब्रांड है। पिछले सबरीमाला तीर्थयात्रा सीजन के दौरान मंदिर में घी की आपूर्ति का ठेका इसी ब्रांड को मिला था। वीएसीबी के मुताबिक, आरोप है कि बिनु ने मंदिर के लिए भेजे जाने वाले घी की खेप सबरीमाला पहुंचाने के बजाय तमिलनाडु के ओड्डनछत्रम में दोनों व्यापारियों को बेच दी। इस सौदे की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022479
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
W ebsite : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

### विपक्षको...

से कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा हम संविधान और उसके मूल्यों के लिए लड़ रहे हैं। हम इसलिए लड़ रहे हैं क्योंकि हमारे देश की वे सभी संस्थाएं, जो संविधान और उसके मूल्यों को बनाए रखती हैं, उन्हें बीजेपी द्वारा सुनियोजित तरीके से नष्ट किया जा रहा है। महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। सरकार का दावा है कि बिल को पारित कराने के लिए उसके पास पर्याप्त संख्या बल से डेढ़ दर्जन अधिक सदस्यों का समर्थन है। 91 दिन बाद भी मानसून सत्र के सत्रावसान न होने पर विशेष सत्र को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सरकार के सूत्र ने कहा कि जरूरी संख्या बल जुटाने के लिए सरकार की ओर से करीब-करीब सभी दलों से संपर्क साधा गया है। सभी दलों से कहा गया कि सरकार का इरादा आनुपातिक रूप से हर राज्य की लोकसभा और विधानसभा की सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी करने का है। इसे विधेयक के मूल मसौदे में भी शामिल किया जायेगा।

### मुख्यमंत्रीको...

फर्जी नाम दर्ज होने के कारण मतदाता सूची से हटाये गये हैं। अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर मतदाता बनवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए ऐसे लोगों को शामिल करने की योजना बनायी जा रही है, जिनका नाम पहले से पंजीकृत नहीं है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा की बैठक और मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की रणनीति पर सवाल उठाये। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर चंद्रशेखर-ओवैसी गठबंधन पर कहा था कि पीडीए समाज की आवाज उठाने वाले हर दल का करेंगे सहयोग; बोले- मोर्चों से लोकतंत्र मजबूत होता है, लेकिन मंशा समाज की भलाई की होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी के 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' का स्वागत किया है। सामाजिक स्तर पर परिवर्तन जरूरी है, लेकिन वास्तविक सफलता तभी मिलेगी, जब राजनीतिक परिवर्तन का मोर्चा भी सक्रिय होगा। अखिलेश ने दावा किया कि इस तरह के नये राजनीतिक विकल्प से भाजपा को दो से तीन प्रतिशत वोटों का नुकसान हो सकता है। पीडीए समाज के हित में साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने और उसकी आवाज उठाने वाले दलों की ईमानदार आवाज जनता तक पहुंचाने में सपा सहयोग करेगी।

### मणिपुरमें वाहनों...

सेनापति जिले के कैलेंगजांग के पास एक इलाके में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान 42 साल की एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वहीं, दो पुरुष घायल हो गये थे। मणिपुर में मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह हिंसा घाटी में रहने वाले मैतेई समुदाय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच शुरू हुई थी। इस हिंसा में अब तक कम से कम 306 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 49 लोग अब भी लापता हैं। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नागा समुदायों के बीच झड़पें हो रही हैं। इन झड़पों में अब तक कम से कम 50 लोगों की मौत हो चुकी है।

### भारतको जानना...

सफर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर्नाटक दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें पिंक लाइन मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत के साथ-साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए चार रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी शामिल है। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नई मेट्रो लाइन पर सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे और तवारेकेरे से आईआईएम (आईआईएम) बंगलूरू मेट्रो स्टेशन तक सफर करेंगे। इसके अलावा, वे बंगलूरू में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। साथ ही, एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एस-व्यासा यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह और आरएसएस के पूर्व महासचिव एच.वी. शेषाद्रि की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव और आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी मौजूद रहें।

### बंगालमें बारह...

ने पैसे लौटा दिये हैं। बाकी लोगों से भी ऐसा ही करने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि पिछली सरकार के दौरान हुए कथित संस्थागत भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। अधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों ने इन लाभार्थियों को धोखाधड़ी से आर्थिक सहायता प्राप्त करने में मदद की, उनकी पहचान की जायेगी और उनके खिलाफ काररवाई की जायेगी। हम सीआईडी जांच भी शुरू करेंगे। टीएमसी सरकार पर गरीबों के लिए बनी ग्रामीण आवास योजना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए अधिकारी ने कहा कि उन्होंने झूठा दावा किया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो उनकी बंग्लार बारी परियोजना के तहत आने वाले 18-19 लाख लोगों को पैसे नहीं मिलेंगे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांकः- 3874 /4ए दिनांक- 05.11.2026

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टैन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनाँक 19.11.2026 से दिनाँक 25.11.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनाँक 25.11.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए, बी, सी एवं डी" मार्ग श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति के प्रत्याश में विशेष मरम्मत का कार्य | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | रसड़ा बेल्थरा रोड से सिकरहटा मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 32.70 | 3.27 | 945.00 | 2 Month | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए.बी.सी डी |
| 2 | बलिया | रतनपुरा भीमपुरा से बाहरपुर मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 22.40 | 2.24 | 945.00 | 2 Month | | | | |
| 3 | बलिया | आर0एन0टी0 परसिया विसरूफ से सिकरहटा हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 17.80 | 1.78 | 945.00 | 2 Month | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:-260914
दिनांक-13.11.2026

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

पत्रांक-4909(i)/निविदा (प्रा0ख0)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-07.11.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद बलिया में निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग के 'ए,बी,सी' सेतु श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही कॉलम 11 के अनुसार निविदा डालने हेतु पात्र होंगे। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरणः-

| क्र0 स0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | | | | | | | | | | |
| 1 | बलिया | बलेसरा से गिरि के पलटा होते हुए सिकरिया खुर्द मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर पुलिया एवं एप्रोच मार्ग के निर्माण का कार्य। | 70.54 | 5.53 | (स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी.एस.टी. रू0 2590.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया | बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया | मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0वि0, आजमगढ़ | ए.बी.सी |

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-27.11.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-04.12.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 04.12.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-04.12.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट- निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बलिया

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

उ.प्र.:-260932 दिनांक-13.11.2026
वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ - 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष रेल गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में 3 दिन | सोम, बुध, शनि | 25.11.2026 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, गुरु, रवि | 26.11.2026 तक |
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में 3 दिन | रवि, मंगल, गुरु | 26.11.2026 तक |
| 02253 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | शनि, सोम, बुध | 28.11.2026 तक |
| 02435 | पटना जं. (वंदे भारत) | 08:00 | नई दिल्ली | 21:30 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04512 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 04511 | पटना जं. | 23:15 | चंडीगढ़ जं. | 21:40 | | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 04616 | फिरोजपुर कैंट जं. | 12:00 | पटना जं. | 18:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 04615 | पटना जं. | 20:20 | फिरोजपुर कैंट जं. | 23:55 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 04228 | नई दिल्ली | 18:00 | वाराणसी | 09:00 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04028 | आनंद विहार(टर्मि.) | 09:15 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | सप्ताह में 2 दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 24.11.2026 तक |
| 04027 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार(टर्मि.) | 05:30 | | बुधवार, शनिवार | 25.11.2026 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी जं. | 23:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी जं. | 00:45 | दिल्ली जं. | 20:30 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 04014 | आनंद विहार(टर्मि.) (वाया लखनऊ (एनआर)) | 15:40 | लौकहा बाजार | 20:15 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 29.11.2026 तक |
| 04013 | लौकहा बाजार | 22:30 | आनंद विहार(टर्मि.) | 03:40 | | | 30.11.2026 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:45 | सप्ताह में 2 दिन | गुरुवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04313 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:15 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 04096 | आनंद विहार(टर्मि.) | 00:05 | पाटलिपुत्र जं. | 23:00 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि | 29.11.2026 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र जं. | 00:45 | आनंद विहार(टर्मि.) | 21:30 | | | 30.11.2026 तक |
| 04072 | नई दिल्ली | 21:35 | सुपौल | 06:35 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि | 28.11.2026 तक |
| 04071 | सुपौल | 07:45 | नई दिल्ली | 15:00 | | | 30.11.2026 तक |
| 04052 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:40 | सप्ताह में 3 दिन | शुक्र, रवि, मंगल | 29.11.2026 तक |
| 04051 | हावड़ा जं. | 01:40 | नई दिल्ली | 08:20 | | रवि, मंगल, गुरु | 01.12.2026 तक |
| 04062 | आनंद विहार(टर्मि.) | 12:00 | भागलपुर जं. | 13:30 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि | 27.11.2026 तक |
| 04061 | भागलपुर जं. | 16:30 | आनंद विहार(टर्मि.) | 20:00 | | | 29.11.2026 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 22:20 | कोलकाता | 08:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 20.11.2026 तक |
| 04311 | कोलकाता | 13:55 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | | रविवार | 22.11.2026 तक |
| 04624 | अमृतसर जं. | 20:10 | कोलकाता | 15:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 04623 | कोलकाता | 04:45 | अमृतसर जं. | 21:05 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 04668 | अमृतसर जं. | 20:10 | बरौनी जं. | 02:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04667 | बरौनी जं. | 05:05 | अमृतसर जं. | 13:50 | | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 04090 | नई दिल्ली | 23:30 | दानापुर जं. | 15:00 | सप्ताह में 2 दिन | शुक्रवार, बुधवार | 27.11.2026 तक |
| 04089 | दानापुर जं. | 16:40 | नई दिल्ली | 09:45 | | शनिवार, गुरुवार | 28.11.2026 तक |
| 04098 | शकूर बस्ती | 09:20 | दरभंगा जं. | 11:45 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 29.11.2026 तक |
| 04097 | दरभंगा जं. | 14:00 | शकूर बस्ती | 18:00 | | बुधवार को छोड़कर | 30.11.2026 तक |
| 04076 | दिल्ली जं. | 00:30 | कामाख्या जं. | 21:15 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 04075 | कामाख्या जं. | 05:00 | दिल्ली जं. | 20:40 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | गया जं. | 07:15 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 30.11.2026 तक |
| 04063 | गया जं. | 09:15 | दिल्ली जं. | 08:00 | | रविवार को छोड़कर | 01.12.2026 तक |
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जं. | 12:45 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 04087 | पटना जं. | 15:10 | नई दिल्ली | 13:30 | | | 01.12.2026 तक |
| 04634 | फिरोजपुर छावनी | 17:30 | पूर्णिया जं. | 03:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 04633 | पूर्णिया जं. | 06:00 | फिरोजपुर छावनी | 16:35 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 04652 | अमृतसर जं. (वाया लखनऊ (एनआर)) | 10:55 | जयनगर | 20:00 | सप्ताह में 3 दिन | बुध, शुक्र, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04651 | जयनगर | 04:15 | अमृतसर जं. | 15:00 | | शुक्र, रवि, मंगल | 01.12.2026 तक |
| 04406 | शकूर बस्ती | 19:10 | मानसी जं. | 02:30 | तिथिवार | शनि, रवि, सोम | 14 से 16.11.2026 |
| 04405 | मानसी जं. | 04:30 | शकूर बस्ती | 11:30 | | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध | 14 से 18.11.2026 |
| 04638 | अमृतसर जं. | 19:40 | छपरा जं. | 20:45 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 04637 | छपरा जं. | 22:15 | अमृतसर जं. | 00:20 | | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 04640 | छेहरटा | 08:35 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 04639 | मुजफ्फरपुर जं. | 16:00 | छेहरटा | 21:30 | | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 04404 | शकूर बस्ती | 15:15 | पटना जं. | 14:30 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04403 | पटना जं. | 15:40 | शकूर बस्ती | 15:00 | | शनिवार एवं रविवार | 14 एवं 15.11.2026 |
| 04410 | शकूर बस्ती | 13:00 | झंझारपुर जं. | 16:00 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04409 | झंझारपुर जं. | 18:15 | शकूर बस्ती | 01:40 | | शनिवार एवं रविवार | 14 एवं 15.11.2026 |
| 04536 | चंडीगढ़ जं. | 23:45 | बरौनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 04535 | बरौनी जं. | 02:35 | चंडीगढ़ जं. | 03:35 | | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. (वाया लखनऊ(एनआर)) | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04058 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 00:20 | छपरा | 19:20 | तिथिवार | मंगलवार | 17.11.2026 |
| 04057 | छपरा | 22:10 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 17:20 | | | |
| 04054 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा | 23:40 | तिथिवार | शनि, सोम, बुध | 14, 16 एवं 18.11.2026 |
| 04053 | हावड़ा | 01:40 | नई दिल्ली | 08:20 | | शनि, सोम, बुध, शुक्र | 14,16, 18 एवं 20.11.26 |
| 04530 | सरहिन्द | 11:25 | सहरसा जं. | 17:00 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04529 | सहरसा जं. | 19:15 | सरहिन्द | 22:20 | | रविवार | 15.11.2026 |
| 04335 | मुजफ्फरपुर | 20:40 | देहरादून | 01:40 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04067 | पटना जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 14:00 | तिथिवार | शनिवार | 14.11.2026 |
| 04079 | दरभंगा जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 07:50 | तिथिवार | शनिवार, रविवार | 14 एवं 15.11.2026 |
| 02456 | नई दिल्ली | 07:45 | कानपुर सेंट्रल | 13:15 | सप्ताह में 4 दिन | सोम, बुध, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02455 | कानपुर सेंट्रल | 15:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | | |
| 04209 | वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर)) | 22:15 | दिल्ली जं. | 13:45 | सप्ताह में 3 दिन | सोम, बुध, शुक्र | 27.11.2026 तक |
| 04210 | दिल्ली जं. | 18:50 | वाराणसी जं. | 09:50 | | मंगल, गुरु, शनि | 28.11.2026 तक |
| 04213 | अयोध्या छावनी (वाया लखनऊ (एनआर)) | 18:20 | आनंद विहार(टर्मि.) | 06:10 | सप्ताह में 2 दिन | रविवार, गुरुवार | 29.11.2026 तक |
| 04214 | आनंद विहार(टर्मि.) | 09:00 | अयोध्या छावनी | 22:00 | | सोमवार, शुक्रवार | 30.11.2026 तक |
| 04227 | वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर)) | 11:05 | चंडीगढ़ जं. | 04:20 | सप्ताह में 2 दिन | गुरुवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04228 | चंडीगढ़ जं. | 06:00 | वाराणसी जं. | 00:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जं. | 18:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 04603 | वाराणसी जं. | 04:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 04:40 | | मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 04610 | जम्मू तवी (वाया लखनऊ (एनआर)) | 05:15 | वाराणसी जं. | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 04609 | वाराणसी जं. | 09:00 | जम्मू तवी | 08:30 | | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | साप्ताहिक | रविवार | 22.11.2026 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 17:30 | | सोमवार | 23.11.2026 तक |
| 04201 | वाराणसी जं. | 16:20 | अयोध्या धाम जं. | 21:40 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु,शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 04202 | अयोध्या धाम जं. | 22:20 | वाराणसी जं. | 04:00 | | | |
| 04002 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:45 | दादर | 22:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 04001 | दादर | 00:15 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 21:35 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 02309 | राजेन्द्र नगर (ट.) | 20:10 | नई दिल्ली | 15:00 | सप्ताह में 3 दिन | बुध, शुक्र एवं रवि | 20.11.2026 तक |
| 02310 | नई दिल्ली | 19:00 | राजेन्द्र नगर (ट.) | 14:00 | | गुरु, शनि एवं सोम | 21.11.2026 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.11.2026 तक |
| 05735 | अमृतसर | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 02563 | बरौनी जं. | 07:40 | नई दिल्ली | 05:10 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | | | 01.12.2026 तक |
| 02569 | दरभंगा जं. | 06:30 | नई दिल्ली | 04:00 | प्रतिदिन | रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि | 30.11.2026 तक |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा जं. | 10:00 | | | 01.12.2026 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:05 | सप्ताह में 2 दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.11.2026 तक |
| 05580 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | रविवार, मंगलवार | 01.12.2026 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 01:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.11.2026 तक |
| 05576 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | गुरुवार | 26.11.2026 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:40 | साप्ताहिक | रविवार | 29.11.2026 तक |
| 02398 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:30 | गया जं. | 11:15 | | सोमवार | 30.11.2026 तक |
| 03639 | धनबाद जं. | 18:30 | शकूर बस्ती | 18:40 | सप्ताह में 2 दिन | सोमवार, शुक्रवार | 30.11.2026 तक |
| 03640 | शकूर बस्ती | 21:10 | धनबाद जं. | 23:45 | | मंगलवार, शनिवार | 01.12.2026 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.11.2026 तक |
| 05220 | आनन्द विहार टर्मिनल | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | शनिवार | 28.11.2026 तक |
| 05193 | छपरा जं. | 14:00 | पठानकोट जं. | 22:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.11.2026 तक |
| 05194 | पठानकोट जं. | 00:30 | छपरा जं. | 09:15 | | बुधवार | 25.11.2026 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

आज
# खेल-खिलाड़ी
खेल से ही है जीवन में खुशहाली
ajhindidaily.com
वाराणसी, १४ नवम्बर, २०२६




**अर्जुन पुरस्कार**-तेजस्विन शंकर (अथलेटिक्स), प्रियंका गोस्वामी (अथलेटिक्स), नरेंद्र (मुक्केबाजी), विदित गुजराती (शतरंज), दिव्या देशमुख (शतरंज), धनुष श्रीकांत (बधिर निशानेबाजी), राजकुमार पाल (हाकी, गाजीपुर), सुरजीत (कबड्डी), रुद्रांश खंडेलवाल (पैरा निशानेबाजी), एकता भ्यान (पैरा अथलेटिक्स), अरविंद सिंह (रोइंग), अखिल श्योराण (निशानेबाजी), त्रीसा जाली (बैडमिण्टन), गायत्री गोपीचंद (बैडमिण्टन), लालरेम्सियामी (हाकी), मुहम्मद अजमल (अथलेटिक्स), पूजा (कबड्डी), **अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम)**-आई अरुमैनायगम (फुटबाल), **द्रोणाचार्य पुरस्कार**-परवीर सिंह, छोटे लाल यादव, नेहा चव्हाण, द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम)-धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार।

# गाजीपुरके राजकुमार बने 'अर्जुन' वाराणसी के छोटेलाल 'द्रोण'

## राष्ट्रपति मुर्मू ने १७ खिलाड़ियों को दिया अर्जुन पुरस्कार, इस बार खेल रत्न नहीं

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने शुक्रवारको यहां राष्ट्रपति भवनमें राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोहमें डेकाथलान खिलाड़ी तेजस्विन शंकर, ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और विदित गुजराती सहित १७ खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कारसे सम्मानित किया। इस बार किसी भी खिलाड़ीको खेल रत्न पुरस्कारके लिए नहीं चुना गया था। समारोहमें युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया और खेल सचिव हरि रंजन राव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उच्चतम न्यायालयके पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रकी अध्यक्षता वाली चयन समितिकी सिफारिशोंके पुनर्मूल्यांकनके बाद १७ अर्जुन पुरस्कार विजेताओंका चयन किया गया था। इससे पहले २०१४ में किसी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था। विश्वकप विजेता शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, तेजस्विन और महिला युगल बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जाली उन १७ खिलाड़ियोंमें शामिल थीं जिन्हें अर्जुन पुरस्कारके लिए नामित किया गया था। गुजराती, देशमुख, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलोंके रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल और युवा बधिर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत समारोहमें उपस्थित खिलाड़ियोंमें शामिल थे। बीस वर्षीय देशमुख विश्वकप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। तेजस्विन ने २०२३ के एशियाई खेलों में डेकाथलान में ऐतिहासिक रजत पदक जीता था और पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरा स्थान हासिल किया था। घुटने की समस्या से जूझने के बावजूद उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने आइची-नागोया में एशियाई खेलों में भी कांस्य पदक जीता था। वह उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पुरस्कारों की घोषणा में देरी की आलोचना करते हुए इसे खिलाड़ियों का अनादर बताया था। वर्ष २०२४ में रेकार्ड ३२ खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था जिनमें से १७ पैरा खेलों से थे। इस बार पैरा खेलों से केवल दो नाम ही अंतिम सूची में शामिल थे। पैरा विश्व चैम्पियनशिप २०२४ में स्वर्ण पदक जीतने वाली पैरा क्लब थ्रोअर एकता भ्यान और पैरा विश्वकप २०२४ के स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल पुरस्कार पाने वालों में शामिल थे। कोई भी क्रिकेटर पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में शामिल नहीं था। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को २०२३ में यह पुरस्कार मिलने के बाद किसी भी क्रिकेटर को इसके लिए नहीं चुना गया। एशियाई खेल १९६२ में स्वर्ण पदक जीतने वाली फुटबाल टीम के सदस्य रहे आई अरुमैनायगम को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' (जीवनपर्यंत उपलब्धि) के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंत्रालयने तीन कोचको द्रोणाचार्य पुरस्कारके लिए चुना था। इनमें एमसी मैरीकामके सहायक स्टाफमें शामिल रहे मुक्केबाजी कोच वाराणसीके छोटे लाल यादव प्रमुख हैं। कोचिंगके क्षेत्रमें 'लाइफटाइम अचीवमेंट' सम्मान के लिए इस वर्ष पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी टीम के कोच धर्मेंद्र यादव और कुश्ती कोच वीरेंद्र कुमारको चुना गया है। अर्जुन पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ियोंको १५ लाख रुपयेकी पुरस्कार राशि मिलती है। यह पुरस्कार परंपरागत रूप से हर साल २९ अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्यमें प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष की पुरस्कार चयन समिति में भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिण्टन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हाकी खिलाड़ी एम एम सोमाया भी शामिल थे।



# दिग्गज धराशायी, भारत की शर्मनाक हार

## यंग का शतक, हेनरीने झटके छह विकेट, न्यूजीलैण्ड ने चौथा एकदिनी २४४ रन से जीत की वापसी

**माउंट मोनगानुई (एजेन्सियां)।** विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिससे न्यूजीलैण्ड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां २४४ रन की रेकार्ड जीत हासिल करके शृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने २००० में शारजाह में उसे २४५ रन से हराया था। न्यूजीलैण्ड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैण्ड को २००८ में एबेरडीन में २९० रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की शृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब २-१से आगे है। शृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया था। पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जायेगा। यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर १०८ गेंद पर १२५रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (४८ गेंद पर ५८ रन) और फिन एलन (४१) का अच्छा साथ मिला जिससे न्यूजीलैण्ड ने निर्धारित ५० ओवर में सभी विकेट गंवाकर ३३३ रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में भारतीय टीम २६.४ ओवर में ८९रन पर ढेर हो गई। यह एकदिनी में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम १०० से कम रन पर आउट हो गयी। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए २७ रन देकर छह विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (३-३१) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया। नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाये। एकदिनी क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को पगबाधा किया जिसके लिए न्यूजीलैण्ड ने डीआरएस का सहारा लिया था। गिल के टेस्ट शृंखला की तैयारी करने के लिए इस मैच में नहीं खेलने के कारण पारी का आगाज करने वाले ऋतुराज गायकवाड (पांच) शुरू से संघर्ष करते हुए नजर आये और उन्होंने जल्द ही काइल जैमीसन की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच दे दिया जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर नौ रन हो गया। इसके बाद ईशान किशन (२७) और अक्षर पटेल (२१) ने पांचवें विकेट के लिए ४४ रन जोड़कर कुछ देर तक विकेट गिरने का क्रम रोका लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी। इन दोनों के अलावा केवल नमन धीर (२१) ही दोहरे अंक में पहुंचे। उन्होंने भारत की तरफ से दोनों छक्के लगाये। इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने १२ ओवरों में ८५ रन जोड़कर न्यूजीलैण्ड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और ४१ गेंदों में अपना पहला एकदिनी अर्द्धशतक पूरा किया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को निशाने पर रखा तथा उन पर एक छक्का और दो चौके लगाये। इसके बाद उन्होंने औकिब नबी पर लगातार दो चौके जड़े। दूसरी तरफ यंग ने धीमी शुरुआत की और उन्हें लगातार दो गेंदों पर जीवनदान मिला। जब वह पांच रन पर थे तब नबी की गेंद पर पहले पहली स्लिपमें रोहितने उनका कैच छोड़ दिया जबकि अगली गेंदपर विकेटकीपर ईशान कैच लेनेमें नाकाम रहे। यंगने इसका पूरा फायदा उठाया। बराड़ने सीफर्टको किशनके हाथों कैच कराकर भारतको पहली सफलता दिलाई जिन्होंने अपनी ५८ रनकी पारीमें छह चौके और तीन छक्के लगाये। इसके बाद यंगने आक्रामक रवैया अपनाया। भारतीय गेंदबाजोंमें अक्षर पटेलने प्रभावित किया। उन्होंने १० ओवरोंमें सिर्फ ३९ रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिये। यंग तब आउट हो गये जब उन्होंने धीरकी गेंदपर सीधा शाट खेला और स्थानापन्न खिलाड़ी कुमार कुशाग्रको कैच दे दिया। यंग ने अपनी १२५ रन की पारी में १४ चौके और चार छक्के लगाये। अन्त में कप्तान मिचेल सैंटनरकी २४ रनकी पारीकी बदौलत न्यूजीलैण्डकी टीम सिमटनेसे पहले ५० ओवर में ३३३ रन बनाने में सफल रही।

## दीप्ति बनी माह की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** भारतीय महिला हरफनमौला दीप्ति शर्मा को अक्तूबर महीने के लिए आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीमित ओवरों की शृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाली दीप्ति ने दूसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने इस दौड़ में बांगलादेश की शोभना मोस्तारी और आस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। दीप्ति ने कहा आईसीसी महिला 'प्लेयर आफ द मंथ' का पुरस्कार जीतकर मैं खुश हूं। जिम्बाब्वे के खिलाफ शृंखला हमारे लिए शानदार रही। शतक लगाना मेरे लिए बेहद खास पल था और टीमकी जीतमें योगदान देनेसे इसकी खुशी और बढ़ गयी। पुरुष वर्गमें दक्षिण अफ्रीकाके हरफनमौला मार्को यानसेन को 'प्लेयर आफ द मंथ' चुना गया। उन्होंने आस्ट्रेलियाके खिलाफ अपनी टीम की विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप शृंखलामें २-१ की जीतमें अहम भूमिका निभाई। यानसेनने पाकिस्तान के अराफात मिन्हास और वेस्टइण्डीज के सीमित ओवरोंके कप्तान शाई होपको पीछे छोड़कर पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया।

## २७ ओवर के अन्दर सिमटना चिंतनीय

### -गौतम गंभीर

**माउंट मोनगानुई (एजेन्सियां)।** न्यूजीलैण्ड के खिलाफ यहां चौथे एकदिनी मुकाबले में भारतीय टीम के महज ८९ रन पर सिमटने से मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता बढ़ गयी है क्योंकि यहां की परिस्थितियां अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिनी विश्वकप जैसी हैं। न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शुक्रवार को २४४ रन की करारी शिकस्त के बाद गंभीर ने माना कि कम स्कोर से ज्यादा चिंता की बात यह है कि भारतीय टीम २७ ओवर के अन्दर ही आउट हो गयी। उन्होंने कहा कि विश्वकप से पहले इस कमजोरी को दूर करना जरूरी है। गंभीर ने कहा जब आपकी टीम ९० रन के आसपास के स्कोर पर सिमट जाती है तो चिंता होना स्वाभाविक है। मैं चिंतित क्यों नहीं होऊंगा? यहां की परिस्थितियां विश्वकप में मिलने वाली परिस्थितियों के काफी करीब होंगी। उन्होंने कहा बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं बल्कि यह है कि हम महज २६-२७ ओवर में ही आलआउट हो गये। यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। भारत को पिछले मुकाबले में



भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। बारिश से प्रभावित मैच में १३५ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने १११ रन तक सात विकेट गंवा दिए थे। इन लगातार झटकों के बाद गंभीर ने स्विंग होती गेंदों का सामना करने के लिए तकनीकी और मानसिक तैयारी दोनों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैण्ड में शुरुआती १० ओवर बल्लेबाजी के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण होते हैं। इसके विपरीत भारत में आमतौर पर पारी का शुरुआती दौर बल्लेबाजी के लिए सबसे आसान माना जाता है। गंभीर ने कहा अगर आप शुरुआती १० ओवर में बिना विकेट गंवाए ३५ या ४० रन बना लेते हैं तो यह भी अच्छा प्रदर्शन है।

## भारत और नौवें खिताबके बीच पाकिस्तान

### अण्डर-१९ एशिया कप




अल अमेरात (एजेन्सियां)। भारत की नजर नौवीं बार अंडर-१९ एशिया कप का खिताब जीतने पर है लेकिन इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए उसे मौजूदा चैम्पियन पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसमें आर्यवीर सहवाग और ईशान सूद जैसे खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी। पिछले साल पाकिस्तान ने भारत को १५१ रन से हराकर अपना दूसरा खिताब जीता था। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अब तक चार मैचों में १०१ के औसत से ३०३ रन बनाये हैं जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वह अब तक टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। मजबूत कद-काठी वाले तेज गेंदबाज ईशान सूद ने अपनी तेज गति का अच्छा इस्तेमाल करते हुए चार मैचों में ११ विकेट लिए हैं और भारत की गेंदबाजी उन पर काफी निर्भर है लेकिन इन दोनों के अलावा कप्तान लक्ष्य रायचंदानी, विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़, मध्यक्रम के बल्लेबाज अर्जुन राजपूत और वीके विनीत जैसे खिलाड़ियों ने अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखाई है। रायचंदानी और राजपूत ने हालांकि एक-एक अच्छी पारियां खेली हैं। राजपूत ने जहां ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया था वहीं रायचंदानी ने अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में ९३ रन की शानदार पारी खेली थी। इस मैच में विनीत ने भी अर्द्धशतक बनाया था। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो अभी तक सूद ने ही अधिकांश जिम्मेदारी संभाली है। सूद को स्पिनरों राजपूत और मनल चौहान से और अधिक सहयोग की जरूरत होगी। इन दोनों ने अभी तक पांच-पांच विकेट लिए हैं लेकिन उनमें से तीन विकेट एक ही मैच में आए हैं। पाकिस्तान के लिए उस्मान खान (२३८ रन) और तेज गेंदबाज रिजवानुल्लाह (११ विकेट) शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। लीग चरण में भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले हमजा जहूर फिर से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक होंगे। रिजवानुल्लाह के अलावा पाकिस्तान के पास मोहम्मद सैयाम (आठ विकेट) और अली रजा (छह विकेट) जैसे अच्छे गेंदबाज भी हैं। **भारत अंडर-१९**-लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, यशवर्धन सिंह चौहान (उप-कप्तान), कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनल चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), रजत बघेल (विकेटकीपर), वी. यशवीर, आर्यन सवसानी, मोहित उलवा, काव्या पटेल, शविन विनोद, इशान सूद। **पाकिस्तान अंडर-१९**- फरहान यूसुफ (कप्तान), हुजैफा अहसन, उस्मान खान, हयाम खान, हसनैन अब्बास डार, जहांगीर बिलाल, अहमद हुसैन, नकाब शफीक, हमजा जहूर, अब्दुल सुभान, अली रजा, मोहम्मद हुजैफा, मोहम्मद सय्याम, रिजवानुल्लाह, अब्दुल कादिर।

**समय**-पूर्वाह्न १०.३० बजेसे।



पहले ही ओवर में भारत के तीन विकेट लेने के बाद खुशी मनाते हेनरी।

## पिच की बदली प्रकृति से मिली हार

### -श्रेयस अय्यर

**माउंट मोनगानुई (एजेन्सियां)।** भारतीय टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को चौथे एकदिनी में न्यूजीलैण्ड के हाथों मिली २४४ रन की करारी हार का ठीकरा पिच की प्रकृति मे बदलाव पर फोड़ते हुए कहा कि पहले यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी लेकिन बाद में इससे तेज गेंदबाजों को मदद मिलने लग गयी थी। एकदिनी में पहली बार भारत की कप्तानी कर रहे अय्यर ने कहा मुझे लगता है कि इसे स्वीकार करना मुश्किल है लेकिन दोनों पारियों की विकेट में बहुत बड़ा अंतर था। अय्यर ने कहा लेकिन हेनरी ने जिस तरह से पहली गेंद से ही सही जगहों पर गेंदबाजी की उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं। न्यूजीलैण्ड ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमें लगा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा है। हमने कुछ कैच छोड़े लेकिन खेल में ऐसा होता है। उन्होंने कहा जब हम ड्रेसिंग रूम में पहुंचे तो हमें लगा कि हम आसानी से लक्ष्य हासिल कर लेंगे लेकिन जिस तरह से गेंद अंदर-बाहर स्विंग हो रही थी उससे आप यह तय नहीं कर सकते थे कि किस तरह खेलना है। हमारे किसी भी बल्लेबाज ने अपना विकेट इनाम में नहीं दिया। सभी अच्छी गेंद पर आउट हुए। भारतीय कप्तान ने कहा हमें इस हार को भूलकर यह विश्लेषण करना होगा कि गेंदबाजी और बल्लेबाजी में क्या गलत हुआ। हमने दो मैच जीते हैं और अब हमें नये सिरे से मैदान पर उतरना होगा। न्यूजीलैण्ड के कप्तान मिशेल सैंटनर अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश थे हालांकि उन्हें लगा कि शुरुआत में वे प्रतिस्पर्धी स्कोर से लगभग २० रन पीछे रह गये थे। उन्होंने कहा मैं इस जीत से काफी खुश हूं। यंग ने शानदार बल्लेबाजी की और विकेट गंवाने के बावजूद हमने अच्छा स्कोर बनाया। हम वैसे ३६० रन बनानेकी सोच रहे थे। हेनरी नयी गेंदसे और थोड़ी



मददगार विकेटपर वह सबसे अच्छा गेंदबाज है। हेनरीने अभ्यासके दौरान साथी खिलाड़ी डेवोन कानवेसे टक्कर होनेके कारण सिर में लगी चोटके बाद वापसी की। इस तेज गेंदबाजने कहा कि उन्होंने सही स्थान पर गेंद करनेपर ध्यान दिया जिससे उन्हें फायदा मिला। जिस तरहसे हवा चल रही थी मुझे स्विंगकी ज्यादा चिंता नहीं थी। इसलिए पहली गेंदसे ही मेरा मकसद अपनी ताकतका इस्तेमाल करना और विकेटको निशाना बनाकर गेंदबाजी करना था।

## सैफ चैंपियनशिपमें पहली बार होगा वीएआर का इस्तेमाल

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** गत चैम्पियन भारत और भूटान के बीच शनिवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबले से सैफ चैम्पियनशिप में पहली बार 'वीडियो असिस्टेंट रेफरी' (वीएआर) तकनीक का इस्तेमाल होगा। सेमीफाइनल के बाद १७ नवम्बर को होने वाले फाइनल में भी इस तकनीक का इस्तेमाल किया जायेगा। इसके लिए रिमोट वीएआर व्यवस्था अपनाई जायेगी। इसके तहत ढाका के नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे मैच का सीधा फुटेज थाईलैंड स्थित केंद्रीय संचालन केंद्र को भेजा जायेगा। वहां प्रमाणित वीडियो मैच अधिकारी (वीएमओ) फुटेज की समीक्षा करेंगे और मैदान पर मौजूद रेफरी को फैसले लेने में मदद करेंगे। सैफ के महासचिव पुरुषोत्तम कट्टेल ने कहा इस पहल का मकसद टूर्नामेंट का स्तर बढ़ाना और रेफरी के फैसलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है।

# लक्ष्य सेमीफाइनलमें, श्रीकांत का सफर खत्म

## कुमामोतो मास्टर्स

**कुमामोतो (एजेन्सियां)।** भारत के अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गये। विश्व के १३वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने ४० मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को २१-१६, २१-१५ से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। हाल में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग में ६४,९८० अंकों के साथ १२वें स्थान पर हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने विश्व में १०वें नंबर के फरहान के खिलाफ अभी तक दो मैच खेले हैं जिनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले विश्व के ३१वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत एक बार फिर अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे। पहले गेम में उन्होंने अपने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन दूसरे गेम में वह अच्छी बढ़त का फायदा नहीं



उठा पाये और जापान के विश्व के १५वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे से २२-२४, १५-२१ से हार गये। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को जापान के विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप में दो बार के रजत पदक विजेता कोडाई नाराओका को हराया था लेकिन वातानाबे के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाये।

## देवेश चतुर्वेदी बने राष्ट्रीय खेल बोर्ड के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेश चतुर्वेदी को बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बोर्ड के पास सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और जरूरत पड़ने पर उसे रद करने का अधिकार होगा। इसके अलावा बोर्ड अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थाओं के साथ भी सहयोग कर सकेगा। साठ वर्षीय चतुर्वेदी १९८९ बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने अगस्त २०२४ से इस साल फरवरी तक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव के रूप में काम किया।

## भारत का १३ पदकों के साथ अभियान समाप्त

**दोहा (एजेन्सियां)।** भारत की दो मिश्रित ट्रैप टीम का शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसके साथ ही देश का अभियान भी समाप्त हो गया। इस प्रतियोगिता में २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए कोटा स्थान भी दांव पर थे। विवान कपूर और मनीषा कीर की जोड़ी १३४ के संयुक्त स्कोर के साथ २१वें स्थान पर रही जबकि जोरावर सिंह संधू और नीरू धांडा की जोड़ी १३२ अंकों के साथ ३२वें स्थान पर रही। इस स्पर्धा में कुल ४८ टीम ने हिस्सा लिया था। तीन दौर की क्वलीफाइंग प्रतियोगिता में प्रत्येक निशानेबाज को ७५ शाट लगाने थे। इसमें विवान और मनीषा का प्रदर्शन एक-दूसरे से काफी अलग रहा। गुरुवार को पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीतने के साथ ओलम्पिक कोटा हासिल करने वाले विवान ने ७१ अंक बनाये जबकि मनीषा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह केवल ६३ अंक ही हासिल कर सकीं। भारत की दूसरी जोड़ी भी लय हासिल करने में नाकाम रही। हाल में जापान में आयोजित एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली नीरू धांडा ने ६४ अंक हासिल किए जबकि अनुभवी निशानेबाज जोरावर ने ६८ अंक बनाए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार जोड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे नीरू और जोरावर ने कुल १३२ अंक हासिल किए। इस स्पर्धा में क्वालीफाइंग दौर की शीर्ष चार टीमें पदकों के लिए होने वाले फाइनल में जगह बनाती हैं। भारत ने इस विश्व चैम्पियनशिप में कुल १३ पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया जिसमें दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

# कांस्य विजेता रोहित पर पुष्प वर्षा

## बरेका ने एशियाई खेल में पदक जीत कर लौटने पर किया स्वागत



**वाराणसी।** जापानमें हुए एशियाई खेलोंमें भारतके लिए जैबलिन थ्रो स्पर्द्धाका कांस्य पदक जीतनेवाले रोहित यादवका शुक्रवारको बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में भव्य स्वागत किया गया। जौनपुरके मूल निवासी और बरेकामें कार्यरत रोहित जैसे ही बरेका पहुंचे प्रवेश द्वारपर ही अधिकारियों, कर्मचारियों, खेलकूद संघके पदाधिकारियों, कर्मचारी परिषदके सदस्यों, विभिन्न खेल अकादमियोंके प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने उनपर पुष्प वर्षा की। वहां से भव्य स्वागत यात्रा निकाली गयी जो सिनेमा हाल होते हुए प्रशासन भवन पहुंची जहां पर बरेका के महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और संस्थान का नाम रौशन करने तथा पदक जीतनेके लिए बधाई दी। इस मौकेपर मनीष कुमार, अनुराग कुमार गुप्त, सागर, राजेश कुमार, धनंजय कुमार, रानी यादव, प्रदीप कुमार यादव, नवीन कुमार सिन्हा, सुशील कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, श्रीकांत यादव, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## आईओए ने लगायी हाकी इंडियाको फटकार

**नयी दिल्ली (एजेन्सियां)।** भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) ने हाकी इंडिया को जांच समिति के लिए अब तक धनराशि जारी नहीं करने पर फटकार लगाते हुए कहा कि भोलानाथ सिंह पर लगे उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित समिति का काम धन की कमी के कारण रुका हुआ है और हाकी इंडिया का यह रवैया अस्वीकार्य है। आईओए की ओर से गठित चार सदस्यीय स्वतंत्र जांच समिति अभी तक अपनी जांच शुरू नहीं कर सकी है। इस समिति की अध्यक्षता उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपा शर्मा कर रही हैं। पूर्व हाकी खिलाड़ी और प्रशासक असुंता लाकड़ा ने भोलानाथ पर उत्पीड़न और धमकाने के आरोप लगाए हैं।

# दोहरे सोने के पदक से दमकी श्रेया

**वाराणसी।** श्रेया पटेलने बेहतरीन खेलका प्रदर्शन करते हुए यहां विकास इण्टर कालेजके खेल मैदानपर खेल महोत्सवके पहले दिन अथलेटिक्स ट्रैक पर आधिपत्य जमाते हुए दोहरा स्वर्ण हासिल किया। श्रेयाने १०० मीटर दौड़ और लम्बी कूद में पहला स्थान हासिल किया। ऊंची कूद बालक वर्गमें अनुराग गौड़ पहले, अश्विनी कुमार दूसरे स्थानपर रहे जबकि बालिका वर्ग में आयुषी पटेलने बाजी मारी। आरुषि उनके पीछे रहीं। बालिका वर्गकी १०० मीटर दौड़में श्रेयाके बाद कोमल पटेल रही जबकि तृषा वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्गमें अमन वर्मा पहले, विश्वजीत पटेल दूसरे और



सूर्यांश कुमार तीसरे स्थानपर रहे। लंबी कूद में श्रेयाके बाद कोमल पटेल और आयुषी रहीं जबकि बालक वर्गमें सूर्यांश कुमारने सबसे ज्यादा दूरी नापी। अनुराग गौड़ दूसरे और अश्विनी कुमार तीसरे स्थानपर रहे। शाटपुट बालिका वर्ग में आरुषि कुमारी पहले, नैंसी दूसरे और सुहानी तीसरे स्थानपर रही।

## उमेश बने राष्ट्रीय रेफरी

**वाराणसी।** वाराणसीके उमेश कुमार यादव आगरामें १७ से १९ नवम्बर तक होनेवाली ट्रेडिशनल राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिपमें रेफरीकी भूमिका निभायेंगे। पलकहा गांव धौरहरा चौबेपुर के रहनेवाले उमेश के राष्ट्रीय रेफरी बननेपर वाराणसी कुश्ती संघके अध्यक्ष राजीव सिंह रानू, राजकुमार मिश्र, इति प्रजापति, सुनील कुमार यादव, रामसेवक यादव, अरविन्द यादव, गोरख यादव, बेबी सिंह, विभा मौर्य ने प्रसन्नता व्यक्त की।



# छठ:घाटों पर रहेगी चकाचक व्यवस्था

मऊ। छठ पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के साथ जनपद मुख्यालय सहित तहसील घोसी क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। जनपद मुख्यालय पर जिलाधिकारी ने भीटी घाट, मड़ैया घाट एवं ब्रह्मस्थान स्थित घाट का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने तहसील घोसी स्थित नरोखर पोखरा सहित अन्य प्रमुख छठ घाटों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिक. ारियों को निर्देश दिए कि छठ पर्व

## डीएम-एसपी ने लिया जायजा



के अवसर पर घाटों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आवागमन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा घाटों पर भीड़ प्रबंधन सहित सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, जिससे पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराया जा सके।

## मोबाइल बरामद

मऊ। शुभवती पत्नी प्रभूनाथ निवासी खुशामदपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ का लगभग 15 हजार का मोबाइल-सैमसंग पुलिस ने बरामद कर उसे सौंप दिया।

# सिर्फ एक भोज में मिट गयी साढ़े चार साल की दूरियां

## मंगलम् में सजी मंत्री और मीडिया की महफिल चर्चा-ए-खास में



मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और स्थानीय पत्रकारों के बीच साढ़े चार साल की दूरियां सिर्फ एक भोज में मिट गयी। दोनों पक्षों के बीच एक लम्बे समय अन्तराल से बनी खाई पट जाने से माहौल सरल और सहज हो गया। बहुद्देशीय भवन मंगलम् में मंत्री और मीडिया की महफिल सजने से दोनों पक्षों में आपस के गिले-शिकवे दूर किये। मंत्री ने करीब एक घंटे तक एक-एक पत्रकारों की बात गौर से सुनी और इस परम्परा को आगे भी जारी रखने की घोषणा की। यही नहीं मंत्री ने पत्रकारों के बीच सूचना निदेशक विशाल सिंह को फोन लगाया और स्पीकर पर बात करते हुए कहा कि मऊ में पत्रकार भवन बनाना है। कैसे बनेगा? इस पर सूचना निदेशक को फोन पर ही मार्गदर्शन किया। जिससे मऊ में पत्रकार भवन बनने का रास्ता भी साफ होता दिखा और वे मंत्री की जय-जय कार करने लगे। यद्यपि कि मंत्री ने यह कार्यक्रम दीपावली के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन के रूप में रखा था। मगर,स्नेह मिलन से कहीं ज्यादा यह कार्यक्रम सियासी मिलन के रूप में परिलक्षित होता दिखा। पत्रकारों से बात-चीत करने के बाद मंत्री ने उन्हें लंच भी कराया और दीपावली का उपहार देकर फोटो सेशन के बाद उन्हें ससम्मान विदा किया। मंत्री और मीडिया का स्नेह मिलन जनपद में चर्चा का विषय बना रहा।

# मंत्री आजाद ने किया आईटीआई का निरीक्षण



मऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जनपद मऊ में निर्माणाधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हो रहे इस संस्थान का उद्देश्य मऊ एवं आस-पास के क्षेत्रों के युवाओं को आधुनिक तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ना है।

## रामपुर में करेंट से मजदूर की मौत

मधुबन(मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के मर्यादपुर गांव में छत पर पाइप उठा रहे मजदूर दुर्गेश कन्नौजिया की करेंटी की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## एक घंटे में हटा बिजली का लकता तार

सूरजपुर (मऊ)। विद्युत उपक. ेंद्र सूरजपुर के अंतर्गत हातिम नगर में सरयू नदी और छठ घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर बिजली का तार बीच सड़क में लटकने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इसी मार्ग से राहगीरों के साथ छठ घाट जाने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। तार नीचे लटकने से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी।समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाजसेवी अजय राय ने विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) उपखंड अधिकारी (एसडीओ) और अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) से फोन पर वार्ता कर तत्काल तार ठीक कराने को कहा। अजय राय की पहल के बाद विभागीय अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए करीब एक घंटे के भीतर कर्मचारियों को मौके पर भेजकर तार को दुरुस्त कराया। साथ ही भविष्य में तार सड़क के बीच न लटके इसके लिए एक अतिरिक्त बिजली का खंभा लगाने का निर्देश भी दिया। विभाग की त्वरित कारवाई से राहगीरों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

# डाक्टर की हत्या से नाई महासभा मर्माहत




मऊ। दीपावली की रात देवरिया जिले के खामपार थानांतर्गत करौंदी मायापुर गांव निवासी चिकित्सक डाक्टर राजू ठाकुर उम्र 27वर्ष पुत्र मंटू ठाकुर की अपराधियों ने चौतरफा घेर कर पिटाई करते हुए निर्मम तरीके से हत्या कर दी। राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने अपराधियों के विरुद्ध संतोषजनक त्वरित कारवाई नहीं होने की दशा में जबरदस्त आंदोलन की चेतावनी दिया है। उन्होंने बताया कि दीपावली की रात पास के ही गांव निवासी किसी व्यक्ति ने फोन करके डाक्टर से फर्जी बात कहा कि उसका हाथ जल गया है, और डाक्टर साहब को दवा-उपचार के लिए अपने घर बुलाया। इसपर वे (डाक्टर साहब) वहां (उसके घर) पहुंचे। इसी दौरान वहां बुलाने वाले व्यक्ति सहित पहले से घात लगाए आधा दर्जन की संख्या में अपराधियों ने, डाक्टर को लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया था। जीवन-मौत के बीच जूझते हुए घायल डाक्टर को, उनके परिजनों ने पहले मेडिकल कालेज गोरखपुर, फिर वहां से रेफर होने के बाद केजीएमयू लखनऊ में लेजाकर भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान घायल चिकित्सक की मौत हो गई। परि. जनों का आरोप है कि, इतनी बड़ी आपराधिक घटना पर भी अपराधियों के प्रति पुलिस का नर्म रुख है। राजमणि प्रसाद ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि, त्वरित कारवाई करते हुए अपराधियों को कठोरतम दंड दिया जाय। साथ ही मृतक चिकित्सक के परिवार को दो करोड़ की मुआवजा धनराशि, व एक व्यक्ति को उसकी योग्यतानुसार सरकारी नौकरी प्रदान किया जाय। अन्यथा की स्थिति में राष्ट्रीय नाई महासभा के लोग जबरदस्त आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सारी जानकारी शासन प्रशासन की संवेदनशीलता की ही होगी।

## प्रदेश अध्यक्ष ने दी आन्दोलन की चेतावनी



## सड़क हादसे में दो घायल

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गो. हना कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग मार्ग पर शुक्रवार प्रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों को गंभीर चोट आई हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुर निवासी विवेक सिंह उम्र 45वर्ष एवं संतोष सिंह उम्र 17 वर्ष शुक्रवार लगभग 10.00 बजे एक ही बाइक पर बैठकर अपने घर से मुहम्मदाबाद गोहना आ रहे थे कि एक अज्ञात वाहन ने इनके बाइक में टक्कर मार दी । जिसे दोनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। किसी ने इसकी सूचना 10 वार्ड नंबर एंबुलेंस मौके पर पहुंची एंबुलेंस में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।

# तीसरा एफआईआर प्रेम डीजे के ठेंगे पर

करहां (मऊ)। विसर्जन के दौरान निर्धारित ध्वनि मानकों का उल्लंघन करने के मामले में मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए डीजे संचालकों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी कमल कांत वर्मा की कारवाई में मऊ, जौनपुर, गाजियाबाद, मेरठ, आजमगढ़ और केराकत से जुड़े डीजे संचालक कारवाई की जद में आए हैं। पुलिस की कारवाई में प्रेम डीजे मऊ के संचालक प्रेम कुमार और नीरज कुमार, गौरव डीजे केराकत के संचालक गौरव, ताज डीजे जौनपुर के संचालक मुहम्मद हुसैन, एएस डीजे गाजियाबाद के संचालक अमर वर्मा, धड़कन डीजे मेरठ के संच. ालक शिवम तथा विष्णु डीजे आजमगढ़ के संचालक के विरुद्ध कारवाई की गई है। इस मामले में प्रेम डीजे विशेष रूप से चर्चा में है। बताया जा रहा है कि प्रेम डीजे के खिलाफ यह तीसरा मुकदमा है। इससे पहले मऊ और चिरैयाकोट में भी उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस की इस कारवाई से डीजे संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। कारवाई के जरिए पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि धार्मिक आयोजनों और विसर्जन के दौरान भी ध्वनि मानकों का पालन अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी।

# चन्द्रा पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव का शुभारम्भ



मऊ। चंद्रा इंटरनेशननल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ठाकुर, विद्यालय के संस्थापक, पूर्व एम0एल0सी0 दयाराम पाल, विद्यालय प्रबंधक एडवोकेट विजय बहादुर पाल, चंद्रा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य के.सी. पीटर तथा चंद्रा इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती सविजा जार्ज की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि प्रेम कुमार ठाकुर और विद्यालय के संस्थापक, पूर्व एम0एल0सी0 रंग-बिरंगे गैस के गुब्बारे छोड़े। दयारामपाल ने शांति और इस उत्साहपूर्ण साथ तीन सद्भाव के प्रतीक कबूतरों को दिवसीय खेल महोत्सव का खुले आकाश में उड़ाया तथा औपचारिक शुभारंभ हुआ।

# ब्राम्हणों का अपमान नहीं रूका तो छेड़ेंगे आन्दोलन-मुन्ना दूबे

मऊ। ब्राम्हणों को अनाप-शनाप बकने और देश से निकालने की धमकी देना बन्द नहीं किया गया तो एक निर्णायक आन्दोलन छेड़ दिया जायेगा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दूबे ने शुक्रवार को महात्मा बुद्ध इण्टर कालेज में ब्राम्हण समाज के प्रमुख लोगों की हुई आपातकालीन बैठक में यह चेतावनी दी। बैठक में अखिलेश तिवारी,गोपाल तिवारी, ऋषिकेश पाण्डेय,राजेश पाण्डेय आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।



# पुलिस लाइन में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



मऊ। शारदा नारायण अस्पताल के सौजन्य से पुलिस लाइन में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 80पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को इस शिविर का लाभ दिया गया। शिविर में एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। डा.संजय सिंह,डा.सुजीत सिंह,डा.विशाल सिंह,डा.मालविका राय,डा.जयेन्द्र ने सेवाएं दी।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मऊ। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी मधुबन थाना क्षेत्र के अनलपुर निवासी कमलेश राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## सांप को जिन्दा पकड़ने की कला में माहिर हैं मुन्ना

सूरजपुर (मऊ)। दो. हरीघाट ब्लाक क्षेत्र के चोरपुरवा गांव से करीब 100 मीटर आगे दोहरीघाट निवासी मुन्ना कुमार जिंदा गोह को अपने हाथों में पकड़े खड़े नजर आए। वह दिनभर क्षेत्र में भ्रमण करते रहते हैं। मुन्ना कुमार का कहना है कि उन्हें जीव जंतुओं की पहचान करने का विशेष अनुभव है। जीव कितना भी खतरनाक क्यों न हो वह उसे पहचान लेते हैं और पकड़ने का दावा करते हैं। उन्होंने बताया कि गोह की खाल से ढोलक बनाई जाती है। जिंदा गोह को हाथों में पकड़े देखकर वहां से गुजर रहे लोगों की नजर उन पर ठहर गई।

# संक्षिप्त समाचार

## फर्जी पासपोर्ट बनवाने में एक गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपरा. धियों के विरुद्ध चालये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ अनूप कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी, मधुबन के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर, मझौवा से मु0अ0सं0 368/2026 धारा 318(4)/336(2)/338/340(2) बीएनएस व 12(1)ठ पासपोर्ट अधि. नियम,1967 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 रक्षा सिंह निवासी ग्राम मझौवा पो0 दुबारी थाना मधुबन जनपद मऊ उम्र 35 वर्ष को को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

## देवलास में सूर्य ने देवल ऋषि को दिया था दर्शन

नदवासराय(मऊ)। देवल ऋषि हिंदू धर्म के एक महान और अत्यंत प्रतिष्ठित ऋषि रहे। उनका महाभारत, रामायण में वर्णन विभिन्न पुराणों में आता है। मऊ जिले में स्थित देवलास जिसे प्राचीन काल में देवलार्क, यानी देवल ऋषि का सूर्य स्थल कहा जाता है। वह पावन भूमि है जहां देवल ऋषि ने कठोर तपस्या की थी। मान्यता है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को भगवान सूर्य ने देवल ऋषि को बाल रूप में इसी स्थान पर प्रत्यक्ष दर्शन दिए थे। इसीलिए यहां का सूर्य मंदिर और देवल धाम अत्यंत प्रसिद्ध है। देवल ऋषि ने देवल स्मृति नामक ग्रंथ की संरचना की थी। जिसे भारतीय धर्मशास्त्र में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां प्राचीन काल से हर वर्ष कार्तिक मास षष्टि के दिन सूर्य कुन्ड में भारी संख्या में बाहर से दूरदराज से लोग स्नान करने आते हैं।

## महिलाओं ने बनाई छठ पूजा की वेदियां

दोहरीघाट/सूरजपुर(मऊ)। छठ महापर्व को लेकर दोहरीघाट ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में उत्साह चरम पर है। रामजानकी घाट सूरजपुर और रसूलपुर घाट सहित मिश्रौली बेला कसैला करुवीर समेत दर्जनों गांवों के तालाबों और पोखरों पर पूजा की तैयारियां तेज हो गई हैं। महिलाएं घाटों पर पहुंचकर वेदियां बनाने और पूजा स्थल को सजाने में जुटी हैं। शुक्रवार को घाटों पर महिलाओं ने पारंपरिक मंगलगीत गाते हुए वेदियां तैयार की। वहीं ग्रामीणों की ओर से घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य किया जा रहा है। कई स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंगलगीतों से घाटों का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है।

## पुलिस ने ठगी के रूपये कराये वापस

घोसी(मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अतरारी निवासी शमा परवीन पत्नी मोहम्मद अहमद का ठगा गया 19119रूपये पुलिस ने वापस करा दिये।

## घर पर बैठा वारंटी गिरफ्तार

मधुबन (मऊ)। उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 पारस नाथ यादव, का, आशीष सिंह ने घर पर बैठे वारंटी वीरेंद्र पुत्र स्व. रक्षा सिंह को गिरफ्तार किया है।

शारदा नारायण हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी, एन्जिप्लास्टी, पर्मानेंट पेसमेकर (PPI), टेम्परेरी पेसमेकर (TPI), बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV), ट्रेडमिल टेस्ट, 2D इको, होल्टर मानिटर
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
डा.दीपक राय एमबीबीएस,एमडी डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट 24X7 उपलब्ध
96 51 55 80 01 शारदापुरम, सहादत्तपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व आर्थोपैडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.आरुषि गुप्ता Periodontologist and Oral Implantologist दन्त रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय M.B.B.S., MS (फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव B.A.M.S. (स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहां आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
24x7 Emergency Services
I.C.U. & N.I.C.U. की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma) 9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट®
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला, WPC खिड़की पल्ला, WPC दरवाजा चौखट, WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०) (+91) - 9721521791 www.balajichaukhat.com

# एक्टिंग के लिए पहले जैसी भूख नहीं रही-राधिका आप्टे



इंडस्ट्री और ओटीटी पर बेधड़क काम करने वाली एक्ट्रेस राधिका आप्टे अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चे में रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों और पर्सनल लाइफ को लेकर कई सारी बातें कीं। बदलापुर, मांझी- द माउंटेन मैन, अंधाधुन, सेक्रेड गेम्स, लस्ट स्टोरीज जैसी अपनी हर फिल्म/सीरीज में अलग छाप छोड़ने वाली अदाकारा राधिका आप्टे का कहना है कि उनमें ऐक्टिंग को लेकर अब पहले जैसी भूख नहीं रही। अपनी नैचरल ऐक्टिंग के लिए मशहूर राधिका जल्द ही महिला प्रधान गैंगस्टर सीरीज अक्का में दमदार रोल में दिखेंगी। इसी सिलसिले में नवभारत टाइम्स से खास बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें ऐक्टिंग अब भी पसंद है, लेकिन उसे लेकर अब वो आग नहीं महसूस होती है। इंडस्ट्री में करीब दो दशक बिता चुकीं राधिका आप्टे से जब हमने इतने लंबे समय तक ऐक्टिंग करते रहने के लिए जरूरी भूख को लेकर सवाल किया, तो वह हंसकर बोलीं, मेरी तो खत्म हो गई है। मुझमें ऐसी भूख बची नहीं है और वो अच्छी चीज है क्योंकि उस हंगर (भूख) के चलते बहुत कुछ कर चुकी हूं, जो अब मुझे नहीं करना है। अब ना बोलना आसान हो गया है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि मुझे ऐक्टिंग पसंद नहीं है। मुझे अब भी अपने प्रफेशन से प्यार है। मुझे ऐक्टिंग में मजा आता है, पर पहले क्या था कि मुझे हर हाल में ये करना है और ज्यादातर समय फ्री में काम कर रहे हैं। लोगों की मदद कर रहे हैं क्योंकि ये था कि इनके साथ या ये काम करने के लिए कुछ भी करूंगी तो वो चीज अब खत्म हो गई है। चूंकि, हमारे पेशे इतनी अनिश्चितता है कि

**मुझे बाद में अहसास हुआ कि मैं खुद पर इतना दबाव क्यों डाल रही हूं, क्योंकि ये सब करना बहुत मुश्किल होता है। अब जाकर मेरा शरीर वापस पहले जैसा होना शुरु हुआ है। मेरा हार्मोनल लेवल, पीरियड, सब वापस नॉर्मल होना शुरु हुआ है। सोचिए, उसमें दो साल लगे, तो मदरहुड बहुत मुश्किल होता है।**

आज काम है, कल काम नहीं है। आपको खुद को रेलवेंट भी रखना है, ऊंचाई पर भी चढ़ना है, तो लगता है कि अगर मैंने उनको ना कर दिया तो क्या होगा? अगर मैंने मना कर दिया और वो फिल्म हिट हो गई तो मेरा क्या होगा? ये सब सोच अब खत्म हो गई है, जो बड़ी आजादी वाली बात है। राधिका दो साल पहले ही मां बनी हैं, तो क्या काम को लेकर बदली इस सोच में मदरहुड का भी हाथ है? इस पर उन्होंने कहा, मदरहुड के बाद निश्चित तौर पर प्राथमिकताएं बदल जाती है। पहले मैं सोचती थी कि ये बहुत ही क्लीशे (घिसी-पिटी) लाइन है और मेरे साथ ऐसा बिल्कुल नहीं होगा। इसलिए, जब मैं मां बनी तो मेरी सोच ये थी कि मुझे अगले हफ्ते काम पर जाना है। मगर अभी मुझे ऐसा लगता है कि अगर मैं दोबारा उस वक्त में लौट सकूं या कभी अगर मेरा दूसरा बेबी हुआ तो मैं ब्रेक लूंगी, क्योंकि यह वक्त है बहुत जल्दी चला जाता है। फिर सब कुछ करने की कोशिश में बहुत बहुत ज्यादा थक जाते हैं। फिर सब कुछ करके आप किसको क्या साबित करना चाहते हैं? अक्का दो ताकतवर महिलाओं की जंग की कहानी है। राधिका ने खुद बतौर महिला कब सबसे ज्यादा ताकतवर या कमजोर महसूस किया? यह पूछने पर उन्होंने कहा, जब भी मैं अपने लिए खड़ी हो पाई हूं और ना बोल पाई हूं, मुझे सबसे ज्यादा ताकत महसूस हुई है और जब भी मैं वो नहीं कर पाई हूं और मेरा यकीन कीजिए, ऐसा बहुत हुआ है। बहुत बार आप हां कर देते हैं, पर घर जाकर नींद नहीं आती और उस वक्त मैं बहुत कमजोर महसूस करती हूं। खुद के लिए खड़े हो पाना आसान नहीं होता है तो जब आप यह कर लेते हैं, बहुत सशक्त महसूस करते हैं। सीरीज में राधिका के साथ साउथ स्टार कीर्ति सुरेश भी मुख्य किरदार में हैं। उनके साथ काम करने के अनुभव पर उन्होंने बताया, कीर्ति बहुत ही जेंटल और सॉफ्ट इंसान है, जबकि शो में उनका किरदार उसके बिल्कुल उल्टा है। वह बहुत ही मेहनती हैं। जैसे हिंदी भाषी नहीं होने के बावजूद उन्होंने अपनी हिंदी पर बहुत मेहनत की, जो मैं शायद कभी नहीं कर पाऊंगी। अगर मुझसे कोई तमिल फिल्म के लिए इतनी मेहनत करने को कहे तो मैं तो कहूंगी कि बाबा, आप किसी और को कास्ट कर लो। मुझमें इतनी मुश्किल चीज सीखने का धैर्य ही नहीं है तो मैं उन लोगों की बहुत कद्र करती हूं जो इतनी मेहनत करते हैं। मुझे भाषा सीखना वैसे भी थोड़ा मुश्किल लगता है तो मैं किसी भाषा को सीखने में मेहनत करने वालों की बड़ी इज्जत करती हूं। वह शो में भी साउथ इंडियन हैं, पर उनकी हिंदी बहुत अच्छी है। राधिका ने यहां हाल ही में टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले पर भी अपनी राय रखी। बकौल राधिका, दुनिया में कोई भी ऐसे बंदूक उठाकर किसी को भी शूट नहीं कर सकता। मैं इसके बिल्कुल खिलाफ हूं। मैं हर तरह की हिंसा के खिलाफ हूं। वैसे, राधिका की सीरीज अक्का में भी काफी हिंसा और खून-खराबा है। इस पर वह कहती हैं, मैं हिंसा पसंद नहीं करती हूं। मैं हिंसा देख ही नहीं सकती, मगर इस शो में वैसा वॉयलेंस नहीं है। यह गैंगस्टर की कहानी है तो हिंसा होगी ही, मगर इसमें खून खराबा सिर्फ चौंकाने के लिए नहीं है। ये एक विरासत और ताकत की कहानी है तो उसे बचाने के लिए हिंसा होती है। वहीं, मेरा रोल काफी स्टाइलिश है, जो मैंने पहले नहीं किया।

# रोम-रोम में प्रकाशित होने वाली चेतना हैं राम- आशुतोष राणा




आज जब सब कुछ राममय हो गया है और मुंबई ही नहीं, देश के कोने-कोने में रामलीलाएं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन-दर्शन के साथ भक्ति भाव का संचार कर रही हैं, तो राम को समझने और उनके जीवन के गूढ़ अर्थों को जानने के लिए दिग्गज एक्टर आशुतोष राणा से बेहतर कौन हो सकता है! लंबे अरसे बाद हमारे राम नाटक में रावण के किरदार के जरिए रंगमंच पर धूम मचाने वाले आशुतोष ने एक बार फिर अपनी अदाकारी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। तकरीबन तीन दशकों से अपने अभिनय के विविध रंगों से दर्शकों को सम्मोहित करने वाले आशुतोष राणा अभिनय के हर माध्यम में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। उनसे श्री राम पर हुई बातचीत मेरे लिए महज एक इंटरव्यू नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आध्यात्मिक अनुभूति का अनूठा अनुभव बन गई। उनसे बात करते हुए महसूस हुआ, जैसे मन के भीतर कोई रोशनी उतर रही हो और बेचैनियों के बीच एक अनोखी शांति आकार ले रही हो। उन से हुई यह बातचीत राम को केवल पूजने की नहीं, बल्कि अपने भीतर पहचानने की एक ऐसी यात्रा है, जो पाठकों को भी आत्ममंथन के लिए प्रेरित करेगी। आपके लिए राम क्या हैं? यह पूछने पर आशुतोष राणा मुस्कुराते हुए कहते हैं, मेरे लिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इस विश्व के प्रत्येक रूप में प्रकाशित होने वाली चेतना हैं। यानी इस धरती पर रहने वाले जितने भी लोग हैं, चर-अचर जीव, जग, अक्षर, नश्वर, मनुष्य, सुजाती और अमर, ये सब राम ही हैं।राम का जन्म अयोध्या में हुआ है। अयोध्या का मतलब क्या होता है? अयुद्ध, यानी जहां युद्ध नहीं होता और जिसे जीता न जा सके। इस नाते हमारा पूरा विश्व ही अयोध्या है। अगर इस नजरिए से देखें, तो राम के जीवन से जुड़े पात्रों के अर्थ भी हमारे जीवन में छिपे हैं। राम की मां कौन हैं? कौशल्या। कौशल्या का अर्थ होता है कुशलता। कुशलता के लिए क्या चाहिए? व्यक्ति का युक्ति-संपन्न होना जरूरी है। कैकेयी का अर्थ है कर्मठता और कर्मठता के लिए क्या चाहिए? शक्ति-संपन्न होना। सुमित्रा का अर्थ है मित्रता और मित्रता के लिए व्यक्ति का भक्ति-संपन्न होना जरूरी है। देखा जाए, तो राम के पिता दशरथ हैं। दशरथ का अर्थ है पांच ज्ञानेंद्रियों और पांच कर्मेंद्रियों से संचालित होने वाला हमारा शरीर। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में दशरथ भी हैं और दशमुख भी। दशमुख यानी वासनाएं, जिन्हें हम रावण कहते हैं। जो भी व्यक्ति दशरथ से निकलकर अपनी वासनाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है, वह व्यक्ति रामायण है, राम का घर। जब हमारे भीतर अयुद्ध की स्थिति होगी, तभी हम इसे प्राप्त कर पाएंगे।







# ब्रेक के बाद फिर काम पर लौटे महानायक



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर केबीसी 18 का नया प्रोमो शेयर किया है। इस वीडियो में अमिताभ बच्चन एक बार फिर शो के मंच पर होस्ट की कुर्सी संभालते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में वह सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हैं। साथ ही अपने घर पर परिवार के साथ त्योहार मनाने की झलक भी शेयर करते हैं। बिग बी कहते हैं, उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच। इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।

# रिकॉर्ड्स का महाग्रंथ लिख रही रणबीर की फिल्म रामायण

रामायण- राइज ऑफ अ लीजेंड ने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी। फिल्म ने रिलीज के एक हफ्ते में ही 1000 करोड़ रुपये का धांसू कलेक्शन कर लिया है। इतना ही नहीं रिलीज के अभी 10 दिन पूरे भी नहीं हुए और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 22 रिकॉर्ड्स तोड़ चुकी है। फिल्म ने टिकट बिक्री, कलेक्शन और हिंदी बॉक्स ऑफिस कमाई के मामले में नए बेंचमार्क स्थापित किए। अपने पहले सात दिनों में ही फिल्म ने कई उपलब्धियां हासिल कीं, जिनमें किसी हिंदी फिल्म के लिए सोमवार का अब तक का सबसे ज्यादा कलेक्शन, मंगलवार और बुधवार के रिकॉर्ड आंकड़े शामिल हैं। रामायण ने बुकमायशो पर किसी बॉलीवुड फिल्म के लिए एक दिन में सबसे ज्यादा टिकट बिक्री का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें एक ही दिन में 16.60 लाख टिकट बिके। रामायण, बुकमायशो पर लगातार चार दिनों तक 10 लाख से ज्यादा टिकट बेचने वाली छठी भारतीय फिल्म बन गई है। इस उपलब्धि से पता चलता है कि रिलीज के दिन के बाद भी सिनेमाघरों में इस फिल्म की जबरदस्त मांग बनी रही। एडवांस बुकिंग समेत कुल 54.76 लाख टिकट बिकने के साथ, रामायण ने हिंदी फिल्मों के बीच ओपनिंग वीकेंड पर टिकटों की तीसरी सबसे बड़ी बिक्री दर्ज की। रामायण ने किसी भारतीय फिल्म के लिए दुनिया भर में सबसे बड़ी आईएमएएक्स ओपनिंग दर्ज की, जिसमें लगभग 6 मिलियन डॉलर (लगभग 56.25 करोड़ रुपये) की कमाई हुई। दुनियाभर के साथ-साथ इस फिल्म ने भारत में भी किसी भारतीय फिल्म के लिए सबसे बड़ी आईएमएएक्स ओपनिंग दर्ज की। इसकी कमाई लगभग 2 मिलियन डॉलर



(करीब 18.75 करोड़ रुपये) रही। बॉक्स-ऑफिस के आंकड़ों के अनुसार, अपने पांचवें दिन रामायण भारत में एक ही दिन में 100 करोड़ रुपये (नेट) कमाने वाली दूसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई। इससे पहले केवल धुरंधर 2- द रिवेंज ने ही यह मुकाम हासिल किया था। रामायण ने सिर्फ पांच दिनों में भारत में 300 करोड़ रुपये (नेट) का आंकड़ा पार कर लिया और ऐसा करने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्मों में से एक बन गई। इस फिल्म ने अपने पांचवें दिन भारत में 95 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की, जो किसी हिंदी फिल्म द्वारा सोमवार को की गई अब तक की सबसे ज्यादा कमाई का नया रिकॉर्ड है। रामायण ने मंगलवार को (अपने छठे दिन) भारत में 78.21 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की। फिल्म ने किसी हिंदी फिल्म द्वारा मंगलवार को की गई सबसे ज्यादा कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया, और गदर 2 के लगभग 55 करोड़ रुपये के पिछले बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया। रामायण ने बुधवार को (अपने सातवें दिन) भी अपना रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा और भारत में 61.10 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की। इसके साथ ही, इसने किसी हिंदी फिल्म के लिए बुधवार की सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड बनाया, और पठान के लगभग 55 करोड़ रुपये के पिछले बेंचमार्क को पीछे छोड़ दिया। रामायण के पहले हफ्ते के प्रदर्शन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह रही कि इसने हफ्ते के लगातार तीन दिनों में कमाई के नए रिकॉर्ड बनाए। फिल्म ने सोमवार को 95 करोड़ रुपये, मंगलवार को 78.21 करोड़ रुपये और बुधवार को 61.10 करोड़ रुपये की कमाई की। रामायण ने अपने पहले सात दिनों में, अपने हिंदी वर्जन से भारत में कुल 409.56 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की। टिकट बिक्री, प्रीमियम-फॉर्मेट स्क्रीनिंग और सप्ताह के दिनों की कमाई में कई रिकॉर्ड बनाते हुए, रामायण ने अपने पहले सप्ताह में शानदार बॉक्स-ऑफिस प्रदर्शन किया। रामायण ने एनिमल को पीछे छोड़ते हुए रणबीर कपूर के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग-डे रिलीज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

# लोग पॉपकॉर्न की जगह बांट रहे ठेकुआ- तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया इन दिनों ई फिल्म द वन फोर्स ऑफ द फारेस्ट को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कहा, मैंने देखा कि लोग थिएटर्स के बाहर चप्पल उतारकर अंदर जा रहे हैं, पॉपकॉर्न की जगह ठेकुआ बांट रहे हैं। दिवाली और दूसरे त्योहार तो स्क्रीन पर खूब दिखे हैं, लेकिन छठ महापर्व को इस तरह पहले कभी नहीं देखा। तमन्ना भाटिया इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्हें बॉलिवुड का लकी मस्कट कहा जाता है। वे अपने निर्माता-निर्देशकों के लिए काफी लकी मानी जाती हैं। इंडस्ट्री में तकरीबन 20 साल बिता चुकी तमन्ना साउथ के बाद बॉलिवुड की भी चाहती अभिनेत्री बन गई हैं। इन दिनों वे चर्चा में यहीं अपनी नई फिल्म द वन फोर्स ऑफ द फारेस्ट से। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है और तमन्ना की भूमिका को भी खूब सराहना मिली है। उनसे एक खास बातचीत। बॉक्स ऑफिस पर अपनी फिल्म को मिली कामयाबी को लेकर तमन्ना बहुत खुश हैं। वे कहती हैं, इंटरनेट पर मैंने देखा कि लोग थिएटर्स के बाहर चप्पल उतारकर अंदर जा रहे हैं, पॉपकॉर्न की जगह ठेकुआ बांट रहे हैं। बिहार का ये खूबसूरत कल्चर हमने पहली बार इतने बड़े पर्दे पर देखा है। दिवाली और दूसरे त्योहार तो स्क्रीन पर खूब दिखे हैं, लेकिन छठ महापर्व को इस तरह पहले कभी नहीं देखा। मुझे लगता है कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही वो पल हैं, जो दर्शकों को जोड़ रह हैं। फोकलोर को सिर्फ रेगुलर तरीके से दिखाने के बजाय उसे बड़े स्टाइल में, खासकर फैमिली ऑडियंस के लिए पेश किया गया है। आज हमें एक ही जॉनर की नहीं, बल्कि मल्टी-जॉनर फिल्मों की जरूरत है, जो अलग-अलग तरह के दर्शकों को एक साथ एंगेज करें और जिनका कोर हमारी संस्कृति से जुड़ा हो। इस फिल्म में छठी मैया के गाने और छठ महापर्व को जिस तरह कहानी का हिस्सा बनाया गया है, उसने दर्शकों को बहुत आकर्षित किया।



# सशक्त किरदार ही आकर्षित करते हैं-फातिमा सना शेख

फातिमा सना शेख इन दिनों वेब सीरीज हुंकार- द रोर में पुलिसवाली जसलीन के किरदार से सुर्खियां बटोर रही हैं। अपनी बेबाकी के लिए मशहूर एक्ट्रेस बातचीत में कहती हैं कि लड़कियों संग ज्यादती की घटनाएं उन्हें निजी तौर पर डिस्टर्ब करती हैं। वह पर्दे पर भी डरे-सहमे रोल करना पसंद नहीं करतीं। फिल्म दंगल में पहलवान गीता फोगट की दमदार भूमिका से बॉलीवुड में कदम रखने वाली फातिमा सना शेख इन दिनों हुंकार को लेकर चर्चा में हैं। सिनेमा की दुनिया में एक दशक पूरा कर चुकीं फातिमा ने पर्दे पर हमेशा सशक्त लड़कियों को जीवंत किया है। फिर चाहे वह ठग्स ऑफ हिंदोस्तान की वॉरियर प्रिंसेस जाफिरा हो या मॉडर्न लव मुंबई की लालजरी, धक धक की बाइकर स्काई हो या फिर सैम बहादुर में आयरन लेडी इंदिरा गांधी का रोल। 34 साल की फातिमा अपनी नई सीरीज वेब सीरीज हुंकार- द रोर में भी तमाम चुनौतियों के बावजूद, सच का साथ देने वाली एसीपी जसलीन के रोल में हैं। एक बातचीत में फातिमा कहती हैं कि उन्हें मजबूत लड़कियों के किरदार ही लुभाते हैं। डरे-सहमे या नाजुक लड़की के करैक्टर उन्हें पसंद ही नहीं आते। हैदराबाद में पैदा हुईं फातिमा सना शेख ने फिल्मी दुनिया में अपनी शुरुआत चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की थी। वह कमल हासन के साथ 1997 में चाचा 420 में नजर आईं, फिर शाहरुख खान के साथ वन टू का 4 में। असल जिंदगी में फोटोग्राफी और बाइकिंग का शौक रखने वाली फातिमा अपनी बेबाकी और दो टूक बातों के लिए भी मशहूर हैं। फिर चाहे मिर्गी की बीमारी ही क्यों न हो। एक्ट्रेस ने इस न्यूरोलॉजिकल बीमारी के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए कई बार अपने निजी अनुभवों के बारे में खुलकर बात की है। पर्दे पर अपने किरदारों के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं, मैं आकर्षित ही ऐसे सशक्त किरदारों की ओर होती हूं। मुझे डरपोक या सहमे हुए किरदार पसंद ही नहीं आते। वैसे तो हमें जो चीजें ऑफर होती हैं, उन्हीं में से चुनना होता है, लेकिन ऑटोमैटिकली मेरा रुझान ऐसे ही किरदारों की ओर होता है। नसीब वाली हूं कि मुझे अच्छे किरदार मिले हैं। जैसे, इस शो में मैं पहली बार कॉप का रोल कर रही हूं। साथ ही जसलीन की जो बैकस्टोरी है, वो भी बहुत अपीलिंग है, इसलिए मैंने इसे किया। सीरीज में फातिमा एक धर्मगुरु द्वारा रेप का शिकार हुई एक नाबालिग लड़की को न्याय दिलाने के लिए लड़ती हैं। वहीं, समाज में बिहार के जमुई से लेकर राजधानी दिल्ली तक में लड़कियां ऐसी ज्यादती के खिलाफ लड़ रही हैं। जब फातिमा से पूछा गया कि वह खुद किस सामाजिक बुराई के खिलाफ हुंकार भरना चाहेंगी? जवाब मिला, आपने जैसे कहा कि इस तरह के केसेज बहुत ज्यादा होते हैं। वे कल भी हो रहे थे और आज भी हो रहे हैं। उससे इंसान निश्चित तौर पर डिस्टर्ब होता है। इसलिए, जब ऐसा किरदार निभाने का मौका मिलता है, जहां आप सच्चाई के साथ खड़े हैं। सच्चाई के लिए लड़ रहे हो तो वह सही चीज का प्रतिनिधित्व करना भी होता है। आजकल एक तबके के लोग फेमिनिजम को गलत और समाज को तोड़ने वाला करार देने लगे हैं। फातिमा सना शेख इसे लोगों की नासमझी मानती हैं। उनका कहना है, ये नासमझी है।



# टाइगर हमले पर जैकी श्रॉफ ने अपने कान पकड़े और ऊपर आसमान की ओर इशारा किया



जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर श्रॉफ पर हमले के लगभग महीना हो चुका है। 18 अक्तूबर को जब टाइगर मुंबई के एक फुटबॉल ग्राउंड से निकल रहे थे, तब तीन लोगों ने उनकी कार पर गोलियां चलाईं। इस घटना में ड्राइवर समेत दो लोग घायल हो गए। हाल ही में जैकी श्रॉफ अपनी अपकमिंग फिल्म काली खेती के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे। यहां उनसे टाइगर पर हमले के मामले में पूछा गया। हिंदी फिल्म काली खेती के ट्रेलर लॉन्च के दौरान एक रिपोर्टर ने जैकी से टाइगर मामले पर उनकी राय जाननी चाही। मगर जैकी श्रॉफ चुप रहे और इसके बजाय उन्होंने भीड़ की तरफ फ्लाइंग किस दिया। उन्होंने अपने कान भी पकड़े और ऊपर आसमान की ओर इशारा किया। हमले के बाद टाइगर भी काफी हद तक लोगों की नजरों से दूर हैं और उन्होंने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। घटना के दिन अभिनेता की टीम ने एक छोटा सा बयान जारी कर फैंस को टाइगर की सलामती के बारे में बताया था। बयान में कहा गया, टाइगर ठीक हैं। इस घटना के बाद टाइगर के हाथों, बांहों और छाती पर खरोंच, चोट के निशान और बारूद से जलने के निशान देखे गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ एक फोटो में, उनकी छाती पर बंधी पट्टी भी दिखाई दे रही थी।